शकुन टाइम्स

निष्पक्ष खबरें निर्भीक आवाज

लखनऊ, मंगलवार 25 फरवरी 2025 नगर संस्करण | पृष्ठ:-8 मूल्य:-4 रूपया | वर्षः- 14, अंक 52

संयुक्त राष्ट्र शांति मिशनों में महिलाओ... • लखनऊ से प्रकाशित हिंदी दैनिक समाचार पत्र • विराट पारी से बेहद खुश हैं कोच राजकुमार शर्मा...

32 एकड़ में लगी छह करोड़ की अफीम की फसल नष्ट

औरंगाबाद। बिहार में मदनपुर थाना क्षेत्र में 32 एकड़ में लगी अफीम की फसल को सोमवार को नष्ट कर दिया गया है। पुलिस सूत्रों ने यहां बताया कि केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ)ने सुदूरवर्ती इलाका सागरपुर, उकपहरी जंगली क्षेत्र में 32 एकड़ में लगे अफ़ीम फसलों को आज विनष्ट कर दिया। यह कार्रवाई पुलिस अधीक्षक अम्बरीश राहुल एवं जिला वन अधिकारी रूचि सिंह के निर्देशन में अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी अमित कुमार तथा सीआरपीएफ के 47 वीं बटालियन के नेतृत्व में की गई। जब्त अफ़ीम की क़ीमत अंतरराष्ट्रीय बाजार में छह करोड़ रूपये से अधिक बताई जा रही है। अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी ने बताया कि अवैध रूप से की जा रहे अफ़ीम की खेती के खिलाफ अभियान चलाया जा रहा हैं जिसके फलस्वरूप सोमवार को 32 एकड़ में लगे अफीम की खेती को नष्ट किया गया है। मामले में वन विभाग के द्वारा अज्ञात के विरूद्ध प्राथमिकी दर्ज कर विधिसम्मत कार्रवाई की जा रही है। उन्होंने कहा कि किसानों एवं स्थानीय लोगों को चेतावनी दी कि वे किसी भी प्रकार की अवैध खेती में लिप्त न हों, अन्यथा कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

प्रधानमंत्री ने जारी की किसान सम्मान की 19वीं किस्त

किसान कल्याण हमारी प्राथमिकता: मोदी

एजेंसी

पटना। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को बिहार के भागलपुर जिले से पीएम किसान सम्मान निधि योजना की 19वीं किस्त जारी की और विभिन्न विकास परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया। प्रधानमंत्री ने भागलपुर से पीएम किसान योजना की 19वीं किस्त के तहत 9.8 करोड़ किसानों के बैंक खातों में 22,000 करोड़ रुपये ट्रांसफर किए।

अपने संबोधन के शुरूआत में मोदी ने कहा कि महाकुंभ के समय में मंदराचल की इस धरती पर आना बड़ा सौभाग्य है। इस धरती में आस्था भी है, विरासत भी है और विकसित भारत का सामर्थ्य भी है। ये शहीद तिलका मांझी की धरती है और सिल्क सिटी भी है। नरेंद्र मोदी ने कहा कि बाबा अजगैबीनाथ की इस पावन धरा पर इस समय महाशिवरात्रि की भी तैयारियां चल रही हैं। ऐसे पवित्र

समय में, मुझे पीएम किसान निधि की एक और किस्त देश के करोड़ों किसानों को भेजने का सौभाग्य मिला है। करीब 22 हजार करोड़ रुपये एक क्लिक पर देशभर के किसानों के खातों में पहुंचे हैं। उन्होंने दावा किया कि मैंने लाल किले से कहा है कि विकसित भारत के चार मजबूत स्तंभ हैं। ये स्तंभ हैं- गरीब, किसान, महिला और नौजवान! एनडीए सरकार, चाहे केंद्र में हो या फिर प्रदेश में, किसान कल्याण हमारी प्राथमिकता है। मोदी ने कहा कि किसान को खेती के लिए अच्छे बीज चाहिए, पर्याप्त और सस्ती खाद चाहिए, सिंचाई की सुविधा चाहिए, पशुओं का बीमारी से बचाव चाहिए और आपदा के समय नुकसान से

विकसित भारत के चार मजबूत स्तंभ

प्रधानमंत्री ने कहा, साथियों मैंने लाल किले से कहा है कि विकसित भारत के चार मजबूत स्तंभ हैं. ये स्तंभ गरीब, हमारे किसान, हमारे नौजवान युवा और देश की नारी शक्ति हैं। पीएम ने कहा कि एनडीए की सरकार चाहे तो केंद्र में हो या नीतीश जी के नेतृत्व में चल रही हो, किसान कल्याण हमारी प्राथमिकता में है।

सुरक्षा चाहिए। पहले इन सभी पहलुओं को लेकर किसान संकट से घिरा रहता था। जो लोग पशुओं का चारा खा सकते हैं, वो इन स्थितियों को कभी नहीं बदल सकते हैं। एनडीए सरकार ने इन स्थितियों को बदला है। उन्होंने कहा कि पहले जब बाढ़ आती थी, सूखा पड़ता था, ओले पड़ते थे... तब ये लोग (पहले की सरकारें) किसानों को उनकी हाल पर छोड़ देते थे। 2014 में जब आपने एनडीए को आशीर्वाद दिया तो मैंने कहा, ऐसा नहीं चलेगा। एनडीए सरकार ने पीएम फसल बीमा योजना बनाई, इस योजना के तहत पौने दो लाख करोड़ रुपये का क्लेम किसानों को आपदा के समय मिल चुका है। प्रधानमंत्री ने कहा कि बीते वर्षों में सरकार के प्रयासों से भारत का कृषि निर्यात बहुत अधिक बढ़ा है। इससे किसानों को उनकी उपज की ज्यादा कीमत मिलने लगी है। कई कृषि उत्पाद ऐसे हैं, जिनका पहली बार निर्यात शुरू हुआ है। अब बारी बिहार के मखाने की है। ये सुपर फूड है, जिसे अब दुनिया के बाजारों तक पहुंचाना है। इसलिए इस वर्ष के बजट में मखाना किसानों के लिए मखाना बोर्ड बनाने का ऐलान किया गया है। उन्होंने कहा कि मखाना बोर्ड का जल्द ही गठन किया जाएगा, इससे बिहार के किसानों को लाभ मिलेगा।

आईपीएस को कुचलने के मामले में तीन सिपाहियों समेत चार को सजा

एजेंसी

बरेली। गाजियाबाद में तैनात अतिरिक्त पुलिस आयुक्त (एडीसीपी) कल्पना सक्सेना (तत्कालीन एसपी ट्रैफिक बरेली) को कार से कुचलकर मारने के प्रयास में सोमवार को अपर जिला व सत्र न्यायाधीश/ विशेष न्यायाधीश (भ्रष्टाचार निवारण) सुरेश कुमार गुप्ता ने ट्रैफिक पुलिस के तीन सिपाहियों और एक ऑटो चालक को दस-दस साल सजा व 50 - 50 हजार रूपये का जुर्माना लगाया है।

सहायक अभियोजन अधिकारी विप्रणा गौड़ ने बताया कि दो सितंबर 2010 रात बरेली की सड़कों पर कानून के रखवाले ही कानून तोड़ रहे थे। ट्रैफिक पुलिसकर्मियों की एक टोली ट्रक चालकों से अवैध वसूली कर रही थी। जैसे ही एसपी ट्रैफिक कल्पना सक्सेना को इसकी भनक लगी तो वह मौके पर पहुंचीं। कल्पना सक्सेना ने जब उनका पीछा किया और सिपाही मनोज को पकड़ लिया इस बीच आरोपितयों ने हमला बोल दिया और कुचलने की कोशिश की। आरोपितों ने उन्हें धक्का देकर कल्पना सक्सेना को सड़क पर गिरा दिया, वह 200 मीटर तक घिसते हुये ले गए। जिससे उन को काफी चोट लगी। घायल अवस्था में उन्हें आनन फानन में गंगाचरण अस्पताल में भर्ती कराया गया था। कैंट थाने में आरोपियों के विरुद्ध प्राथमिकी पंजीकृत हुई और तीनों को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया। मामले में विशेष लोक अभियोजक मनोज बाजपेई ने अदालत में 14 गवाहों और 22 ठोस सबूतों को पेश किया। अपर जिला व सत्र न्यायाधीश/ विशेष न्यायाधीश (भ्रष्टाचार निवारण) सुरेश कुमार गुप्ता ने ट्रैफिक पुलिस सिपाही मनोज कुमार, रावेन्द्र सिंह रविन्द्र सिंह व ऑटो चालक धर्मेन्द्र को धारा 307 तहत प्रत्येक को 10-10 वर्ष (दस-दस वर्ष) सश्रम कारावास, प्रत्येक को 50,000-50,000/- रूपये (रूपया पचास-पचास हजार) अर्थदण्ड का जुर्माना लगाया है।

महाकुंभ को राजनीतिक इवेन्ट बना दिया भाजपा ने : अखिलेश

एजेंसी

लखनऊ। समाजवादी पार्टी (सपा) अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा कि संतो, धर्माचार्यों और जनता की श्रद्धा के धार्मिक आयोजन महाकुंभ को भाजपा सरकार राजनीतिक इवेन्ट बना दिया है।

पार्टी के राज्य मुख्यालय पर सोमवार को प्रदेश के विभिन्न जिलों से आये कार्यकर्ताओं और नेताओं को सम्बोधित करते हुए श्री यादव ने कहा कि कुंभ के आयोजन के लिए स्थायी और बुनियादी ढांचा विकसित करने की आवश्यकता है। इसलिए जिस तरह की भी सलाह की आवश्यकता हो समाजवादी पार्टी देने के लिए तैयार है। केन्द्र सरकार को प्रयागराज का किला उत्तर प्रदेश सरकार को दे देना चाहिए। कुंभ के आयोजन के लिए केन्द्र और यूपी सरकार को मिलकर दो लाख करोड़ रूपये का कार्पस फण्ड बनाना चाहिए। इसमें एक लाख करोड़ रूपये राज्य सरकार दे और एक लाख करोड़ रूपये केन्द्र सरकार दे। जिससे कार्पस फण्ड के एक लाख करोड़ रूपये से स्थायी बुनियादी ढ़ांचा तैयार हो सके और एक लाख करोड़ रूपये से कुंभ में आने जाने वाले गरीब श्रद्धालुओं के लिए यातायात व्यवस्था, सुविधाओं का विकास किया जाय ताकि महाकुंभ में फिर कभी इस तरह की घटनाएं न हो और ऐसे हालात न पैदा हो जैसे इस बार हुए है।

मालगाड़ी का इंजन पटरी से उतरा

तिरुवरूर। तमिलनाडु के तिरुवरूर रेलवे स्टेशन के पास नयी रेल पटरियां बिछाने के लिए कई टन रोड़ी ले जा रही 12 वैगन वाली मालगाड़ी का इंजन सोमवार को पटरी से उतर गया। रेलवे अधिकारियों ने बताया कि कराईकल-पेरालाम नयी ब्रॉड गेज परिवर्तन परियोजना के लिए पुडुचेरी में कराईकल जा रही बजरी से भरी मालगाड़ी का इंजन आज सुबह तिरुवरुर रेलवे स्टेशन से प्रस्थान करने के तुरंत बाद पटरी से उतर गया। इंजन रुकने से ठीक पहले पटरी से उतर गया, जिससे मार्ग पर रेल यातायात बाधित हो गया। वरिष्ठ रेलवे अधिकारी एक तकनीकी टीम के साथ घटनास्थल पर पहुंचे और इंजन को फिर से पटरी पर लाने का प्रयास किया। ट्रेन यातायात बहाल करने के लिए पटरी से उतरे इंजन के 12 वैगनों को दूसरे इंजन की मदद से ट्रैक से दूर ले जाया गया।

गिद्धों को लाश, सुअरों को गंदगी

महाकुंभ में जिसने जो तलाशा उसको वो मिला, सपा पर ऐसे बरसे सीएम योगी

एजेंसी

लखनऊ। महाकुंभ को लेकर विपक्षी नेताओं की बयानवाजी पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को जमकर लताड़ा। विधानसभा में राज्यपाल के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव का जवाब देते हुए सीएम योगी ने कहा कि महाकुंभ में जिसने जो तलाशा उसे वह नजर आया है। गिद्धों को लाश मिली, सुअरों को गंदगी मिली है। संवेदनशील लोगों को रिश्तों की सुंदर तस्वीर मिली, आस्थावानों को पुण्य, सज्जनों को सज्जनता मिली,

अमीरों को धंधा मिला, गरीबों को रोजगार मिला। भक्तों को भगवान मिले, श्रद्धालुओं को साफ सुधरी व्यवस्था मिली। जिसकी जैसी नियत थी, जैसी दृष्टि थी, उसको वैसी ही व्यवस्था मिली है। सीएम योगी ने कहा कि सपा के लोग लगातार महाकुंभ पर टिप्पणी करते रहते हैं। इनकी मानसिकता जगजाहिर है। इनको केवल हर चीज का विरोध करना है। सीएम योगी ने कहा कि नेता प्रतिपक्ष माता प्रसाद पांडेय की ओर इशारा करते हुए कहा कि आपको इस बारे में आपत्ति थी कि भाजपा ने संकल्प पत्र और राज्यपाल के अभिभाषण में महाकुंभ को वैश्विक क्यों लिख दिया है।

भारत का प्रौद्योगिकी क्षेत्र पांच वर्ष में 350 अरब डालर पहुंचने की उम्मीद: राजनाथ सिंह

एजेंसी

नयी दिल्ली। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा है कि भारत प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में तेजी से आगे बढ रहा है और अगले पांच वर्षों में इसके 300 से 350 अरब डालर तक पहुंचने की उम्मीद है।

श्री सिंह ने सोमवार को हिमाचल प्रदेश के मंडी में भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान के 16 वें स्थापना दिवस को संबोधित करते हुए कहा, भारत का प्रौद्योगिकी सेक्टर बढ़ रहा है और अगले पांच वर्षों में इसके 300-350 अमेरिकी बिलियन डॉलर तक पहुंचने की उम्मीद है। सवा लाख से अधिक स्टार्ट-अप और 110 यूनिकॉर्न के साथ, हमारा देश दुनिया में तीसरा सबसे बड़ा स्टार्ट-अप इकोसिस्टम बन रहा है। उन्होंने छात्रों को विकास और अवसर के इस दौर का लाभ उठाने के लिए प्रोत्साहित किया, ताकि यह सुनिश्चित हो सके कि वे न केवल भारत की प्रौद्योगिकी प्रगति में योगदान दें, बल्कि अनुसंधान और विकास के प्रमुख क्षेत्रों में वैश्विक स्तर पर नेतृत्व भी करें। श्री सिंह ने प्रौद्योगिकी के भविष्य को आकार देने में नवाचार और ज्ञान सृजन की आवश्यकता पर जोर दिया। उन्होंने उद्यमशीलता और नवाचार की संस्कृति को बढ़ावा देने के महत्व का भी उल्लेख किया। इससे आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, मशीन लर्निंग और डिजिटल प्रौद्योगिकियों जैसे उभरते क्षेत्रों में भारत तेजी से आगे बढ सकेगा। उन्होंने भारत की तकनीकी और वैज्ञानिक प्रगति को आकार देने में संस्थान के उत्कृष्ट योगदान की सराहना की। उन्होंने नवाचार और अनुसंधान को बढ़ावा देने में आईआईटी मंडी की महत्वपूर्ण भूमिका पर भी प्रकाश डाला और प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में वैश्विक नेता के रूप में भारत की बढ़ती प्रमुखता पर जोर दिया।

मदरसा शिक्षक ने किया छात्र से दुष्कर्म

संतकबीरनगर। उत्तर प्रदेश में संतकबीर नगर जिले के कोतवाली खलीलाबाद के एक मदरसा शिक्षक ने हिफ़्ज पाठ्यक्रम के छात्र के साथ अप्राकृतिक दुष्कर्म की घटना कारित की। पीड़ित के पिता की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी शिक्षक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। अपर पुलिस अधीक्षक सुशील कुमार सिंह ने सोमवार को बताया कि 14 वर्षीय छात्र खलीलाबाद कोतवाली थाना क्षेत्र के एक मदरसे में हिफ्ज की पढ़ाई करता है। तीन माह पहले मदरसे के आरोपी शिक्षक आफताब आलम ने छात्र को सेवा के लिए रात में कमरे में बुलाया और उससे गंदी हरकत करने की बात की। बच्चे ने विरोध किया तो उसने डांटकर सुला दिया। इसके बाद आरोपी शिक्षक ने 17 फरवरी को एक बार फिर से बच्चे को रात में कमरे में बुलाया।

RNI : UPHIN/2012/45286

शकुन टाइम्स

निष्पक्ष खबरें निर्भीक आवाज

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक समाचार पत्र (प्रिन्ट एवं डिजिटल मीडिया)

YouTube shakuntimes

सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय भारत सरकार द्वारा पंजीकृत

आवश्यकता है

उत्तर प्रदेश के सम्पूर्ण जिले में तहसील और ब्लाक स्तर पर संवाददाता की

प्रिन्ट एवं डिजिटल मीडिया

यदि आप भी समाज में फैले हुए भ्रष्टाचार के विरूद्ध उठाना चाहते है आवाज़ तो शकुन टाइम्स दे रहा है आपको एक बेहतरीन मौका

अधिक जानाकरी के लिए

अपना नाम व जिला हमें

WhatsaApp करें

9935781155, 9415052283

स्टडी, वर्क परमिट पर कनाडा गए लोगों को झटका

कभी भी रद्द हो सकता है वीजा

एजेंसी

नई दिल्ली। कनाडा ने अपने इमिग्रेशन नियमों में बड़ा बदलाव किया है। नए नियमों के मुताबिक वहां के सीमा अधिकारी कभी भी स्टडी, वर्क या टूरिस्ट वीजा पर गए अस्थाई निवास वीजा को रद्द कर सकते हैं। नए नियमों के तहत सीमा अधिकारियों की शक्ति में इजाफा किया गया है। हाल ही में लागू हुए नए आव्रजन और शरणार्थी संरक्षण नियम, सीमा अधिकारियों को इलेक्ट्रॉनिक यात्रा प्राधिकरण (ईटीए) और अस्थायी निवासी वीजा (टीआरवी) जैसे अस्थायी निवासी दस्तावेजों को रद्द करने के लिए पहले से ज्यादा अधिकार देते हैं। नए नियमों से हर साल हजारों विदेशी नागरिकों पर असर पड़ने की आशंका है। इनमें बड़े पैमाने पर भारतीय भी शामिल हैं। नए नियमों के तहत होने वाले बदलाव छात्रों, कर्मचारियों और अस्थायी निवासी आगंतुकों पर असर डालेंगे, जिनमें से कई भारत से हैं। भारतीयों के लिए कनाडा में शिक्षा पाना सपना रहा है और बड़े पैमाने पर भारतीय अपने सपनों को साकार करने कनाडा आते रहे हैं। भारतीय विदेश मंत्रालय के मुताबिक, कनाडा में लगभग 4,27,000 भारतीय छात्र पढ़ रहे हैं। फाइनेंशियल एक्सप्रेस की रिपोर्ट के अनुसार, अगर सीमा अधिकारी किसी भी बात से संतुष्ट नहीं है कि कोई व्यक्ति अपने प्रवास की अवधि खत्म होते ही कनाडा छोड़ देगा या अगर कोई दस्तावेज किसी प्रशासनिक त्रुटि के आधार पर जारी किया गया है तो अधिकारी स्टडी या वर्क परमिट रद्द कर सकता है। नए नियमों के मुताबिक, अगर परमिट धारक कनाडा का स्थायी निवासी बन जाता है या उसकी मृत्यु हो जाती है, तब भी उसे रद्द किया जा सकता है। रिपोर्ट में कहा गया है कि संशोधित नियम ओटावा के आव्रजन ढांचे में कई बदलावों के बाद आए हैं, जिसमें 2024 के अंत में स्टूडेंट डायरेक्ट स्ट्रीम वीजा कार्यक्रम को रद्द करना शामिल है। नए नियमों में कहा गया है कि अगर किसी व्यक्ति की स्थिति या परिस्थितियाँ बदल जाती हैं।

सड़क बनवा रहे दबंग ठेकेदार ने घंटों रोक दिया एम्बुलेंस

- हद हो गई
- रसूखदार ठेकेदार के आगे दुम हिला रहे पीडब्ल्यूडी के अफसर
- नियम कायदों को ताक पर रखकर हो रहा चौबेपुर भगतुआ मार्ग का मरम्मत

शकुन टाइम्स संवाददाता

वाराणसी। इसे नियम कायदों की अनदेखी कहें या ठेकेदार की दंबगई, कि सोमवार को चौबेपुर-भगतुआ रोड का मरम्मत करा रहे एक रसूखदार ठेकेदार ने लगभग एक घन्टे तक पूर्ण आवागमन रोक दिया। जिसमें आम राहगीरों के वाहनों के साथ ही एम्बुलेंस के भी पहिये घण्टों थम गए। इसे लेकर राहगीरों व ठेकेदार के बीच तीखी नोक झोंक भी हुई। जब मामला बढ़ने लगा तो ठेकेदार अन्यत्र भाग गया। क्षेत्रीय लोगों ने विभागीय अधिकारियों का इस ओर ध्यान आकृष्ट कराते हुए ठेकेदार के विरुद्ध विभागीय कार्रवाई की मांग किया है।

सोमवार को सुबह 10 बजे के आस पास लोक निर्माण विभाग के ठेकेदार के द्वारा चौबेपुर भगतुआ रोड की मरम्मत का कार्य कराया जा रहा था। इस बीच सेफ्टी का कोई ध्यान नहीं दिए जाने की वजह से दोनों तरफ वाहनों का लंबा जाम लग गया। जाम के इस झाम में आम लोगों के वाहनों के साथ साथ एम्बुलेंस भी फंस गई। जब लोगों ने इसका विरोध करना शुरू किया तो ठेकेदार ने दबंगई दिखाते हुए लोगों के साथ दुर्व्यवहार पर उतारू हो गया। भावावेश में वह इतना बहक गया कि लोक निर्माण विभाग के अफसरों तक को गालियां देने लगा। उसकी यह दादागिरी देख लोगों का आक्रोश फुट गया। लोग सड़क पर उतर कर हंगामा करने लगे। इस बीच भीड़ का तेवर देख ठेकेदार अन्यत्र भाग गया। ठेकेदार के इस व्यवहार को लेकर लोगों ने लोक निर्माण विभाग के उच्चाधिकारियों सहित जिलाधिकारी से शिकायत किया है। क्षेत्रीय लोगों का कहना है कि सड़क के निर्माण कार्य की गुणवत्ता भी ठीक नहीं है। जेई और एई का विशेष संरक्षण होने की वजह से उक्त ठेकेदार पर कोई अंकुश नहीं लग पा रहा है।

वर्जन -

दिन में रास्ता रोककर काम करने का कोई औचित्य नहीं बनता है। आम जनमानस के साथ दुर्व्यवहार और एम्बुलेंस रोकने जैसी शिकायत की जांच कर दोषियों के विरुद्ध विभागीय कार्रवाई की जाएगी।

के.के सिंह,
अधिशासी अभियंता
(लोक निर्माण विभाग ,वाराणसी)

चौपाल लगाकर मिशन शक्ति कार्यक्रम का आयोजन किया गया

शकुन टाइम्स संवाददाता

कौशाम्बी। श्री बृजेश कुमार श्रीवास्तव के निर्देशन में जनपद के विभिन्न थानों के थाना प्रभारी व महिला बीट उपनिरीक्षक/आरक्षियों द्वारा चौराहों/बस स्टैण्ड/टैक्सी स्टैण्ड/जिला अस्पताल/ विद्यालय/ गांव व कस्बा में भ्रमण कर/चौपाल लगाकर मिशन शक्ति कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस क्रम में थाना पिपरी पुलिस टीम द्वारा तिल्हापुर मोड़ में जाकर, थाना महेवाघाट पुलिस टीम द्वारा ग्राम दलेलागंज में जाकर एवं थाना पश्चिम शरीरा पुलिस* टीम द्वारा थाना क्षेत्र में भ्रमणशील रहते हुए/चौपाल लगाकर/कार्यक्रम का आयोजन कर बच्चियों/ छात्राओं/ महिलाओं को नारी सुरक्षा, नारी सम्मान, नारी स्वावलम्बन कार्यक्रम के बारे में जागरूक किया गया तथा उनके प्रति होने वाले किसी भी अपराध एवं संबंधित अपराधियों के बारे में तत्काल पुलिस एवं शक्ति मित्र महिला पुलिसकर्मियों अथवा थानों में बने महिला हेल्प डेस्क पर सूचना देने के लिए जागरूक किया गया । महिलाओं एवं बच्चियों को पम्पलेट वितरित कर विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों के बारे में *जैसे- (1) 1076 मा0 मुख्यमंत्री हेल्पलाइन, (2) 1090 वीमन पावर हेल्पलाइन, (3) 1930 साइबर अपराध हेल्पलाइन, (4) 102 स्वास्थ सेवा, (5)108 एंबुलेंस सेवा, (6) 1098 चाइल्ड हेल्प लाइन, (7) 181 वन स्टाप सेन्टर, तथा (8) 112 पुलिस आपात कालीन सेवा आदि के बारे में विस्तारपूर्वक बताया गया तथा इमरजेन्सी कॉल/पैनिक बटन का मोबाइल पर उपयोग करने विस्तृत जानकारी दी गयी।

पीडीए को एकजुट होना पड़ेगा नहीं तो आने वाली पीढ़ी माफ नहीं करेगी

फर्रुखाबाद। भोजपुर विधानसभा के अंतर्गत समाजवादी पार्टी के शीर्ष नेतृत्व के निर्देशानुसार पीडीए पंचायत चर्चा कार्यक्रम सेक्टर नंबर 7 मदनपुर के बूथ संख्या 64 गजियांपुर में बूथ अध्यक्ष ज्ञान सिंह के आयोजन में संपन्न हुआ। इस अवसर पर वहां मौजूद पूर्व विधायक उर्मिला राजपूत ने पीडीए पंचायत में मौजूद तमाम किसान और नौजवानों से समाजवादी पार्टी से जुड़ने का आवाहन करते हुए कहा कि भारतीय जनता पार्टी आपकी हितकारी पार्टी नहीं है, उनकी सोच आपको सिर्फ और सिर्फ धार्मिक अनुष्ठानों में फसाने की है जिससे आप ना शिक्षा की बात करें ना रोजगार की बात करें। आज समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव जिस प्रकार से पीडीए के लिए लंबी लड़ाई लड़ रहे हैं उसमें हमारा आपका साथ अत्यंत आवश्यक है अन्यथा आने वाली पीढ़ियां हमको कभी भी माफ नहीं करेंगी।

संक्षिप्त सामाचार

ऑटो में बैठी महिला का मंगलसूत्र उचक्कों ने उड़ाया

मछलीशहर /जौनपुर। मुंगराबादशाहपुर थाना क्षेत्र के भैरोपुर गांवद्य निवासी पार्वती पत्नी संतलाल 45 मुंगराबादशाहपुर से सोमवार को ऑटो में सवार होकर अपने परिवार का राशन कार्ड में नाम बढ़वाने के लिए आपूर्ति कार्यालय मछलीशहर आ रही थी ।महिला का आरोप है कि जैसे ही ऑटो कुंवरपुर के पास पहुंचा दो युवक ऑटो में सवार हुए और महिला के बगल बैठ गए ।महिला जब मछलीशहर चुंगी चौराहे पर उतरी तो देखा कि उसके गले से सोने का मंगलसूत्र गायब हो गया था ।लौटकर ऑटो में खोजबीन किया तो लाकेट नहीं मिला और महिला के पास बैठे दोनों युवक भी गायब हो चुके थे ।रोती हुई महिला तहसील आकर अधिवक्ताओं और वादकारियों से आपबीती सुनाई ।लोगों ने कोतवाली में तहरीर देने की सलाह दिया।

घर में घुसकर युवक को पीटा, दी धमकी

गुरसहायगंज, कन्नौज। रंजिश के चलते गांव के लोगों ने युवक के साथ गाली गलौज शुरू कर दी। विरोध करने पर मारपीट कर घायल कर दिया और जान से मारने की धमकी भी दी। पीड़ित ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर आरोपितों के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की है। ग्राम सौसरापुर निवासी शाहिद पुत्र मुजम्मिल ने कोतवाली पुलिस को दिए गए प्रार्थना पत्र में कहा है कि 18 फरवरी की रात करीब 8.30 बजे गांव के ही नौशाद, समसुल, तौफीक, इमरान, रफीक व दो अज्ञात लोग रंजिश के चलते उसके घर में घुस गए और गाली गलौज करने लगे। विरोध करने पर लाठी डंडों व लोहे की राड से मारा पीटा और जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से फरार हो गए। पीड़ित की तहरीर पर कोतवाली पुलिस ने मामले की रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

महिला को मारपीट कर घर से निकाला

गुरसहायगंज, कन्नौज। शराब के नशे में पति ने पत्नी के साथ गाली गलौज शुरू कर दी। विरोध करने पर मारपीट कर घायल कर दिया और बच्चों को छीनकर जान से मारने की धमकी देते हुए बेघर कर दिया। पीड़ित महिला ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर आरोपित के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की है। ग्राम जलालाबाद निवासिनी रोली देवी ने कोतवाली पुलिस को दिए गए शिकायती पत्र में कहा है कि उसका पति शराब का आदी है। सोमवार की सुबह वह शराब के नशे में आया और बेवजह गाली गलौज करने लगा।

घर लौट रहे श्रद्धालुओं के कार ने मारी टक्कर, छह घायल

गुरसहायगंज/ कन्नौज। धीमी गति से जा रही चार पहिया गाड़ी को पीछे से आ रही तेज रफ्तार कार ने पीछे से जोरदार टक्कर मार दी। जिससे 06 लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। मौके पर पहुंची स्थानीय पुलिस ने एंबुलेंस की मदद से घायलों को सौ-सैया अस्पताल छिबरामऊ में भर्ती कराया। रविवार की रात करीब 11 सराय दौलत स्थित एक ढाबा के सामने गुरसहायगंज से छिबरामऊ की ओर धीमी गति से जा रही चार पहिया गाड़ी में पीछे से अनियंत्रित गति से चली आ रही अन्य कार ने जोरदार टक्कर मार दी। जिससे दोनों गाड़ियों में सवार करीब आधा दर्जन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। जिसमें केशव नायक (40) पुत्र जम्मू नायक, अनामिका नायक (37) पत्नी केशव एवं उनकी दो पुत्री अनुष्का, आराध्या व ड्राइवर प्रवीण घायल हो गए। जबकि दूसरी में सवार घायल चालक का नाम पता की जानकारी नहीं हो सकी। उसे निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया।

बनारस रेल इंजन कारखाना प्रशासन द्वारा सूर्य सरोवर प्रांगण में स्वच्छता अभियान को सख्ती से लागू करने का निर्णय

सूर्य सरोवर प्रांगण में बरेका कर्मचारियों के अनुरोध पर ओपन जिम भी खोले जाने का प्रस्ताव है

शकुन टाइम्स संवाददाता

वाराणसी। बनारस रेल इंजन कारखाना प्रशासन ने सूर्य सरोवर प्रांगण को स्वच्छ बनाए रखने हेतु एक महत्वपूर्ण निर्णय लिया है। बरेका परिसर एक प्रतिबंधित क्षेत्र है, यहाँ स्थित %सूर्य सरोवर% प्रांगण केवल एक स्थान नहीं, बल्कि आध्यात्मिकता और प्राकृतिक सौंदर्य का संगम है। यह बरेका कर्मचारियों व उनके परिजनों के लिए न केवल सुबह-शाम टहलने का स्थान है, बल्कि एक स्वच्छ, शांत और पवित्र स्थल भी है, जहाँ हम सभी आत्मिक शांति की तलाश में आते हैं। हाल के दिनों में यह देखा गया है, कि कुछ स्थानीय नागरिक श्राद्ध कर्म संस्कार कार्यक्रमों एवं अन्य गतिविधियों के माध्यम से गंदगी फैलाते हैं, जिससे न केवल स्वच्छता प्रभावित होती है, बल्कि कटे हुए बाल के फैलाव से वहां टहलने वाले लोगों के स्वास्थ्य पर भी प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है। हमें अपनी परंपराओं और स्वच्छता के बीच संतुलन बनाए रखना चाहिए।

इसके साथ ही सूर्य सरोवर प्रांगण में बरेका कर्मचारियों के अनुरोध पर ओपन जिम भी खोले जाने का प्रस्ताव है। बरेका में अति विशिष्ट जनों का आगमन एवं प्रवास की संभावना प्राय: बनी रहती है, जिसके कारण स्वच्छता पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। स्वच्छ परिसर एवं पर्यावरण की रक्षा के प्रति बरेका प्रशासन पूर्णत: प्रतिबद्ध है। स्वच्छता की इस पहल को प्रभावी बनाने के लिए प्रशासन द्वारा विशेष अभियान चलाया जा रहा है, जिसके अंतर्गत स्वच्छता निरीक्षण, स्वच्छता जनजागरूकता कार्यक्रम एवं स्वच्छता संबंधित सख्त नियमों का अनुपालन सुनिश्चित किया जाएगा। बरेका प्रशासन ने कर्मचारियों एवं उनके परिवारजनों की शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए सूर्य सरोवर प्रांगण में किसी भी प्रकार की अस्वच्छता फैलाने वाली गतिविधियों पर पूरी तरह से प्रतिबंध लगाने का निर्णय लिया है। अत: सूर्य सरोवर प्रांगण में किसी भी तरह के संस्कार कार्य, बाल कटिंग या गंदगी फैलाने की अन्य गतिविधियां निषिद्ध रहेंगी। प्रशासन द्वारा यह भी निर्देश दिया गया है कि यदि कोई व्यक्ति परिसर में गंदगी फैलाता हुआ पाया जाता है, तो उसके विरुद्ध रेल नियमावली के अंतर्गत कड़ी कार्रवाई की जाएगी। यह कदम बरेका परिसर को स्वच्छ, सुंदर एवं स्वस्थ वातावरण प्रदान करने की दिशा में उठाया गया एक महत्वपूर्ण प्रयास है।

रेल कर्मियों एवं उनके परिवारजनों से अपील की जाती है कि वे इस दिशा में प्रशासन का सहयोग करें एवं परिसर की स्वच्छता बनाए रखने में सक्रिय भूमिका निभाएं।

शोषित रेडी पटरी दुकानदारों की आवाज बनी शालिनी पटेल, प्रदेश/ज़िला प्रशासन को किया आगाह

शकुन टाइम्स संवाददाता

बांदा। जनता दल यूनाइटेड के जिला महासचिव दिव्यांग प्रकोष्ठ बिहारी लाल के द्वारा उत्तर प्रदेश सरकार के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को चार सूत्रीय ज्ञापन द्वारा जिला अधिकारी बांदा सौंपते हुए जनपद के अधिकारियों को अवगत कराया है,कि शहर मुख्यालय अंतर्गत चिल्ला रोड से लेकर मुक्तिधाम रोड तक सड़क किनारे व्यवसाय कर अपनी आजीविका एवं परिवार का भरण पोषण करने वाले पटरी दुकानदार।

जिनमें बहुत से फल विक्रेता एवं सब्जी विक्रेता एवं संकट मोचन मंदिर प्रांगण के बाहर सड़क किनारे भोग प्रसाद बेचने वालों के साथ हुए अन्याए को लेकर शासन को आगाह करते हुए चार सूत्रीय मांगू को जनता दल यूनाइटेड के द्वारा रखा गया है। साथ ही जिला प्रशासन के ऊपर आरोप लगाते हुए बताया गया है कि विकास एवं अधिग्रहण का बहाना बनाकर आए दिन पटरी दुकानदारों पर बुलडोजर चलाने जैसी कार्यवाही की जा रही है। जिससे पटरी दुकानदार अपनी रोजी-रोटी से वंचित हो रहे हैं बिना किसी उचित वैकल्पिक व्यवस्था के गरीब दुकानदारों को उजाड़ना पूर्णतया जिला प्रशासन की अन्याय पूर्ण कार्यवाही है। जबकि दूसरी ओर शहर के अंदर सैकड़ों सरकारी जमीनों व तालाबों पर अवैध कब्जे किए गए हैं। जिस पर प्रशासन की कोई कार्रवाई संपादित नहीं कराई जा रही है। जिला प्रशासन की यह दोहरी नीति गरीबों के लिए किए गए अन्य को प्रमाणित करती है। जनता दल यूनाइटेड की प्रदेश अध्यक्ष महिला मोर्चा की शालिनी सिंह पटेल के नेतृत्व में एक समुदाय जिलाधिकारी कार्यालय पहुंच कर ज्ञापन के माध्यम से अपनी मांगे रखी हैं। 1. नगर पालिका परिषद बांदा के द्वारा बनाए गए वेंडर जोन का यथावत निर्माण ना करते हुए किसी भी प्रकार की सुविधाओं की उपलब्धि ना किया जाना भी अन्याय पूर्ण कार्यवाही है। 2. . पटरी दुकानदार व स्ट्रीट वेंडर की पहचान कर उन्हें प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना के अंतर्गत आर्थिक सहायता और पहचान पत्र भी नहीं दिए गए हैं। 3. अन्याय पूर्ण कार्यवाही में दोषी अधिकारी एवं कर्मचारियों पर कड़ी कार्रवाई कर इसकी सूचना सार्वजनिक की जाए जिससे पटरी दुकानदारों के साथ न्याय होगा और गरीब तबके लोगों को राहत मिलेगी।

ज्ञापन देने में जनता दल यूनाइटेड के प्रमुख रूप से शालिनी सिंह पटेल,बिहारी लाल जिला महासचिव, श्रीराम प्रजापति विजयपाल चुन्नू सिद्दीक अहमद एवं पटरी दुकानदारों में प्रमुख रूप से विनोद राजा,समी केवट, तेजकली,मेवा,गुलाब प्रसाद, अनिल, गोविंद,राकेश, पीरबख्श, रामशरण, गया प्रसाद, गुड़िया, सोनू, मनोज कुमार,गीत,रुकमणी,उमेश साहू, सुनील कुमार,कपिल देव, भरा, निजाम, लाला भैया,गुलाब निषाद, रमजानी, बराती लाल,जगदीश निषाद,दीपेंद्र कुमार,कैलाश आदि उपस्थित रहे हैं।

विश्वविद्यालय में जल एवं ऊर्जा शोध केंद्र का हुआ भूमि पूजन

पीएम उषा के अंतर्गत शोध के लिए बटेगा केंद्र

शकुन टाइम्स संवाददाता

जौनपुर। वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय में अंतर्विषयक जल एवं ऊर्जा शोध केंद्र सेंटर के निर्माण हेतु कुलपति प्रो. वंदना सिंह के द्वारा सोमवार को परिसर में भूमि पूजन किया गया।

इस अवसर पर प्रो. वंदना सिंह ने कार्यदायी संस्था सी एण्ड डी. एस. के अधिकारियों को प्रोजेक्ट टाइम लाइन को ध्यान में रखते हुए गुणवत्तापूर्ण कार्य करने के निर्देश दिए। कुलपति प्रो. वंदना सिंह ने कहा कि यह शोध केंद्र ऊर्जा एवं जल के क्षेत्र मे शोध कार्यों के लिए मील का पत्थर साबित होगा।

वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय को भारत सरकार के पीएम उषा परियोजना के अंतर्गत 20 करोड रुपए का अनुदान प्राप्त हुआ है जिसके अंतर्गत इंट्रडिसीप्लिनरी सेंटर फॉर वॉटर एंड एनर्जी रिसर्च की स्थापना किया जाना है। इस शोध केंद्र में भारत सरकार की ऊर्जा एवं जल की प्राथमिकता को केंद्रित करते हए शोध कार्यों किए जाने है। शोध केंद्र के अंतर्गत सौर ऊर्जा, हाइड्रोजन ऊर्जा, थर्मोइलेक्ट्रिक, बैटरी एवं जल के क्षेत्र में विशेष रूप से शोध किया जाएगा। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलसचिव महेंद्र कुमार, परीक्षा नियंत्रक डॉ. विनोद कुमार सिंह, उप कुलसचिव अजीत सिंह, रज्जू भैया संस्थान के निदेशक प्रो. प्रमोद यादव, पीएम-उषा प्रोजेक्ट के समन्वयक प्रो. गिरिधर मिश्र, सह-समन्वयक डॉ. धीरेंद्र चौधरी, डॉ. श्याम कन्हैया, डॉ. नितेश जायसवाल आदि के साथ विकास अनुभाग के प्रशासनिक अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

डीएम को ज्ञापन सौंप करेंगे कोल्ड भाड़ा कम करने की मांग

गुरसहायगंज, कन्नौज। जय जवान जय किसान लोकशक्ति संगठन के युवा प्रदेश अध्यक्ष अभिषेक मिश्रा के नेतृत्व में सोमवार को नगर के जीटी रोड स्थित आवास कार्यालय पर एक बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें संगठन का विस्तार करते हुए राशिद खान को युवा प्रदेश महासचिव मनोनीत किया गया। युवा प्रदेश अध्यक्ष अभिषेक मिश्रा ने कहा कि कोल्ड मालिक भाड़ा बढ़ाकर किसानों का उत्पीड़न कर रहे है। जिला प्रशासन इस पर कोई अंकुश नहीं लगा रहा है। किसानों की समस्या को देखते हुए जिलाधिकारी शुभ्रांत कुमार शुक्ला से जल्द मुलाकात कर ज्ञापन सौंपा जाएगा। बताया कि कोल्ड मालिकों द्वारा किसानों से अधिक भाड़ा लिया जा रहा है। उसे कम करके 110 रुपएये किया जाए। नहीं तो जय जवान जय किसान लोग शक्ति संगठन जल्द ही जिला मुख्यालय पर धरना प्रदर्शन करेगा। कहा कि संगठन की मजबूती व विस्तार के लिए सदस्यता अभियान चलाया जा रहा है।

ग्राम सभा धनौवा में निशुल्क महा मेगा कैम्प का हुआ आयोजन

शकुन टाइम्स संवाददाता

मछलीशहर /जौनपुर। मछलीशहर के मीरपुर चौराहे पर स्थित कमला हास्पिटल एण्ड रिसर्च सेंटर द्वारा ग्राम सभा धनौवा के पूर्व माध्यमिक विद्यालय पर निशुल्क महा मेगा कैम्प का आयोजन किया गया जिसमें धनौवा, जीरक पुर,राजेपुर, शाहपुर के लगभग तीन सौ ग्रामीणों का निशुल्क उपचार किया गया। इस महा मेगा कैम्प में हिमोग्लोबिन, शुगर, ब्लड प्रेशर का निशुल्क जांच किया गया ।महा मेगा कैम्प में कमला हास्पिटल के वरिष्ठ चिकित्सक डॉ मोहम्मद अरशद, कमला हास्पिटल के डायरेक्टर डाक्टर आर बी चौहान, डाक्टर राकेश सिंह नेत्र रोग विशेषज्ञ, डाक्टर आनन्द गुप्ता जनरल फिजिशियन,बाल रोगविशेषज्ञ डाक्टर रंजीत यादव, राजकुमार गौतम डी एम एल टी ने लगभग तीन सौ मरीजों का उपचार किया एवं उन्हें रोग से बचाव का सुझाव भी दिया।

इस महा मेगा कैम्प में समाजसेवी एवं पत्रकार राजेन्द्र यादव ने विशेष भूमिका निभाया। इस महा मेगा कैम्प में फार्मासिस्ट अजय मौर्य, विपिन सिंह, अभिषेक गौतम, शिवांगी मौर्या, अतुल सरोज, सनोज श्रीवास्तव, राकेश यादव एवं कमला हास्पिटल के मैनेजर संजय कुमार सिंह उपस्थित थे।

भगवान चित्रगुप्त मंदिर का सौंदयकरण कराएगा कायस्थ समाज

माता मैहर मन्दिर में आर के सिन्हा पूर्व सांसद के स्वास्थ्य में सुधार हेतु कायस्थ समाज के किया पूजन

शकुन टाइम्स संवाददाता

जौनपुर। कायस्थ समाज एकजुट था और एकजुट रहेगा और कायस्थों के सम्मान, उत्थान के लिए जो भी होगा ग्लोबल कायस्थ कॉन्फ्रेंस और जौनपुर के सभी संगठन मिलकर पूरा करेंगे उक्त विचार डॉ उमाकांत श्रीवास्तव प्रिंसिपल जिलाध्यक्ष ग्लोबल कायस्थ कॉन्फ्रेंस जौनपुर ने आज अपने आवास पर आयोजित पदाधिकारी परिचय सम्मान कार्यक्रम में बोलते हुए कहा साथ ही कहा कि आज नई पीढ़ी को आगे आने की जरूरत है। राष्ट्रीय कायस्थ महापरिषद जौनपुर के जिला अध्यक्ष गिरिजेश श्रीवास्तव ने कहा कि टीम की एकजुटता से ही समाज सेवा की जा सकती हैं आज जो लोग जुड़े हैं उनका सम्मान कर सुखद की अनुभूति हो रही हैं। अखिल भारतीय कायस्थ महासभा 7235 जौनपुर के जिला अध्यक्ष मनोज श्रीवास्तव एडवोकेट ने कहा कि सामाजिक संगठन समाज हित में कार्य करते रहेंगे। अखिल भारतीय चित्रांश महासभा जौनपुर के जिला अध्यक्ष दयाल सरन श्रीवास्तव ने कहा कि आज इतनी बड़ी संख्या में एकत्र होने से समाज में विघटन करने वालों के मुंह पर तमाचा है अब जौनपुर कायस्थ समाज हमेशा एकजुट रहेगा। कायस्थ संघ अंतर्राष्ट्रीय जौनपुर के जिला अध्यक्ष अजय वर्मा अज्जू ने कहा कि जल्दी ही मेरे टीम का गठन कर दिया जाएगा। संगत पंगत एवं कायस्थ महासभा 7235 के राष्ट्रीय महासचिव राजेश श्रीवास्तव बच्चा भईया एडवोकेट ने कहा कि सभी संगठनों के नवनियुक्ति पदाधिकारी का शपथ ग्रहण समारोह होली मिलन समारोह आयोजित किया जाएगा जिसमें हजारों लोगों को आमंत्रित किया जाएगा। श्री चित्रगुप्त पूजन महासमिति जौनपुर के संस्थापक अध्यक्ष गण राकेश श्रीवास्तव साधु, सुरेश अस्थाना ने कहा कि कायस्थ समाज जागरूक हो गया है सभी पदाधिकारी एक दूसरे को जोड़ने का काम करने की शुरुवात करें। चित्रगुप्त सभा के महामंत्री श्यामलकांत श्रीवास्तव एडवोकेट ने कहा कि श्री चित्रगुप्त धर्मशाला रूहटा निर्माण में आप सभी आगे आए जिले का एकमात्र कायस्थ धर्मशाला है ।कायस्थ महासभा 7235 के राष्ट्रीय सचिव संतोष श्रीवास्तव सोनू राष्ट्रीय प्रवक्ता विश्व प्रकाश श्रीवास्तव दीपक पत्रकार ने कहा कि स्वामी चक्रपाणि महराज जी का कार्यक्रम जल्दी ही जौनपुर में आयोजित किया जाएगा। महापरिषद के जिला उपाध्यक्ष, रमेश चन्द श्रीवास्तव पूर्व प्रशासनिक अधिकारी, वरिष्ठ संगठन मंत्री उमेश श्रीवास्तव ने कहा कि सामाजिक कार्य करने से सामाजिक समरसता होती हैं और लोग जुड़ते है। उपस्थित कायस्थ समाज जौनपुर ने एक स्वर से कहा कि जौनपुर में दो भगवान चित्रगुप्त मंदिर जो रूहटा एवं बारी नाथ में स्थित हैं दोनों भगवान चित्रगुप्त मंदिर का सौंदयकरण कराया जाएगा। एवं कार्यक्रम से पूर्व कायस्थ समाज के लोगो ने माता मैहर देवी मंदिर में कायस्थ शिरोमणि माननीय श्री आर के सिन्हा बाबूजी सांसद के सुधार के लिए मंदिर में पूजन किया गया ।उसके कार्यक्रम में ग्लोबल कायस्थ कॉन्फ्रेंस की महिला जिला अध्यक्ष ज्योति श्रीवास्तव , राष्ट्रीय कायस्थ महापरिषद की महिला जिलाध्यक्ष श्रीमती सुमित श्रीवास्तव जी, जिला मंत्री श्रीमती सरला रानी श्रीवास्तव जिला मंत्री श्रीमती मीना श्रीवास्तव को संगठन द्वारा सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में गौरव श्रीवास्तव राजा, महामंत्री प्रदीप श्रीवास्तव कोटवा, पूर्व बैंक अधिकारी प्रमोद श्रीवास्तव पूर्व प्रशासनिक अधिकारी विकास भवन दिनेश चन्द श्रीवास्तव, किशन श्रीवास्तव संदीप श्रीवास्तव पत्रकार शशि राज सिन्हा पत्रकार, आशीष श्रीवास्तव एडवोकेट, अमर श्रीवास्तव देवेन्द्र श्रीवास्तव शैलेन्द्र मोहन अस्थाना, शिव शंकर श्रीवास्तव एडवोकेट, अश्विनी श्रीवास्तव संतोष श्रीवास्तव, डॉ कृष्ण देव वर्मा, महामंत्री ग्लोबल कायस्थ डॉ मिथलेश श्रीवास्तव , सुनील श्रीवास्तव अरुण श्रीवास्तव डब्बू संतोष निगम आलोक वर्मा, चंद्रमोहन श्रीवास्तव शशि श्रीवास्तव, प्रशांत पंकज श्रीवास्तव,विंध्याचल श्रीवास्तव डॉ संजय श्रीवास्तव, युवा जिलाध्यक्ष राकेश श्रीवास्तव,अनीश श्रीवास्तव नेता, मंगल श्रीवास्तव, किशन श्रीवास्तव सृजन श्रीवास्तव मोहित श्रीवास्तव अभिषेक श्रीवास्तव डॉ शिखर कांत श्रीवास्तव रितेश श्रीवास्तव , सुधांश श्रीवास्तव, डॉ विवेक श्रीवास्तव डॉ निलेश श्रीवास्तव नरेन्द्र मोदी विचार मंच के अध्यक्ष राजेश श्रीवास्तव जितेन्द्र श्रीवास्तव , मनीष श्रीवास्तव प्रदीप श्रीवास्तव राकेश श्रीवास्तव राजेश श्रीवास्तव अंशुमान श्रीवास्तव किशोर श्रीवास्तव, विनय श्रीवास्तव, रुद्र प्रताप श्रीवास्तव, केसरी नंदन श्रीवास्तव डॉ सुधीर श्रीवास्तव इंद्र देव लाल, अनुपम श्रीवास्तव अर्णव श्रीवास्तव एडवोकेट शुभम श्रीवास्तव मनीष श्रीवास्तव, राजेश श्रीवास्तव आदि सैकड़ों कायस्थ समाज के लोग मौजूद रहे।

विकास खंड इकौना परिसर में किसान सम्मान समारोह

आयोजित, समारोह में किसानों पर प्रसारित पीएम का लाइव प्रसारण भी दिखाया

शकुन टाइम्स संवाददाता

श्रावस्ती। जिले में विकास खंड इकौना परिसर अन्तर्गत सोमवार को सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। सम्मान समारोह कृषि विभाग के अधीनस्थ कृषि विभाग के इंचार्ज रंजीत यादव के नेतृत्व में आयोजित किया गया ।इस अवसर पर देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा किसानों पर प्रसारित लाइव प्रसारण भी दिखाया गया ।

इस दौरान कृषि इंचार्ज रंजीत यादव ने बताया कि सरकार द्वारा प्रदत्त किसान सम्मन निधि का लाइव प्रसारण कृषकों को दिखाया जा रहा है तथा किसानों को मिलने वाली सुविधाओं को प्रसारण के माध्यम से जानकारी दी जा रही है ।कहा कि किसान ही हमारे देश के स्वर्णिम भविष्य की तरह कार्य कर रहे हैं। किसानों की आय बढ़ाने हेतु पीएम सीएम के निर्देश पर कृषि विभाग द्वारा विभिन्न योजनाओं का संचालन किया जा रहा है।

वही प्रसारण में बताया गया कि यह समारोह केंद्र और राज्य सरकार की योजनाओं के बारे में जागरूकता पैदा करने के लिए आयोजित किया गया है। बताया गया है कि इस दिन को किसान सम्मान समारोह के रूप में भी मनाया जा रहा है। दौरान बताया गया कि देशभर के 9 करोड़ 80 लाख से ज्यादा किसानों को डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर के जरिए 22 हजार करोड़ रुपये से ज्यादा की वित्तीय सहायता मिलती है। वही पीएम-किसान योजना के तहत देश के 11 करोड़ से अधिक किसान परिवारों को अब तक 3.46 लाख करोड़ रुपये से अधिक की राशि वितरित की जा चुकी है ।कहा गया कि यह कदम मोदी सरकार की किसान कल्याण योजनाओं के तहत उठाया जा रहा है, जो किसानों की आर्थिक स्थिति को सुदृढ़ करने के लिए निरंतर कार्यरत है। साथ ही यह सम्मान समारोह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में किसानों के प्रति सरकार की प्रतिबद्धता को और मजबूत करेगा। बताया गया है कि इस कार्यक्रम के माध्यम से किसानों को उनकी मेहनत का उचित सम्मान मिलता है और उनकी आय को बढ़ाने के लिए योजनाओं का लाभ भी पहुंचाया जाता है ।इस अवसर पर ग्राम प्रधान छागुर प्रसाद, पुलूर निषाद,लालजी तिवारी ठाकुर प्रसाद समेत काफी लोग मौजूद रहे।

20 करोड़ रुपये से कराए जायेंगे 750 विकास कार्य, बैठक में मिली स्वीकृति

शकुन टाइम्स संवाददाता

गोंडा। जिले के मुजेहना क्षेत्र पंचायत की बैठक सोमवार को ब्लाक के सरयू सभागार में आयोजित की गयी। बैठक की अध्यक्षता ब्लाक प्रमुख कुसमा देवी व संचालन प्रमुख प्रतिनिधि शेषराम बारी ने किया। बैठक में मौजूद क्षेत्र पंचायत सदस्यों व ग्राम प्रधानों की तरफ से दिए गए विकास कार्यों के 750 प्रस्तावों को मंजूरी दी गयी। इन कार्यों पर करीब 20 करोड़ रुपये खर्च किए जायेंगे।

क्षेत्र पंचायत की बैठक को संबोधित करते हुए केंद्रीय विदेश राज्यमंत्री कीर्तिवर्धन सिंह के प्रतिनिधि रमाशंकर मिश्र ने कहा कि सरकार ग्रामीण क्षेत्र के विकास को लेकर प्रतिबद्ध है। गांव के लोगों के जीवनशैली को बेहतर बनाने का प्रयास हो रहा है। इसमें क्षेत्र पंचायत की महत्वपूर्ण भूमिका है। परियोजना निदेशक चंद्रशेखर ने कहा कि सरकार की तरफ से संचालित योजनाओं के माध्यम से लक्ष्य का निर्धारण कर क्षेत्र का विकास किया जा सकता है ।उन्होंने पंचायत प्रतिनिधियों से सदन में तैयारी के साथ अपने क्षेत्र की जरूरतों को रखने पर जोर दिया। एपीओ ने बताया कि पिछले साल 7 करोड़ रुपये खर्च किए गये थे। इस बार 20 करोड़ रुपये खर्च करने का प्रस्ताव है। यह पिछले बार की अपेक्षा 76 प्रतिशत अधिक है।

अवर अभियंता लघु सिंचाई रमेश कुमार ने बताया कि इस वर्ष 290 लाभार्थियों को निशुल्क बोरिंग योजना का लाभ दिया गया है। बजट के अभाव में कई लोगों के प्रस्ताव लंबित है। बजट मिलते ही अन्य को भी इसका लाभ मिलेगा। बीडीओ राजेन्द्र यादव ने बताया कि बैठक में विकास कार्य के 750 प्रस्ताव पास हुए हैं ।इन कार्यों पर करीब 20 करोड़ रुपये खर्च किए जायेंगे।

संक्षिप्त सामाचार

सड़क हादसे में वृद्ध की मौत

श्रावस्ती। साप्ताहिक बाजार से घर लौट रहे साइकिल सवार वृद्ध को बाइक सवार ने टक्कर मार दी। हादसे में साइकिल सवार वृद्ध गंभीररूप से घायल हो गए। लोगों की ओर से एम्बुलेंस से जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। मल्हीपुर थाना क्षेत्र के ग्राम शंकर नगर कोटिया निवासी खेलावन (68) पुत्र निरहू रविवार को साइकिल से साप्ताहिक बाजार सामान की खरीदारी करने गए थे। शाम को वह बाजार से घर वापस जा रहे थे। इस दौरान असनहरिया पुलिस चौकी क्षेत्र में रास्ते में तेज रफ्तार बाइक सवार ने जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में वृद्ध खेलावन गंभीर रूप से घायल हो गए।

सुरक्षा जवान व सुपरवाइजर चयन के लिए ब्लाक पर आयोजित होंगे शिविर

बहराइच। जिला सेवायोजन कार्यालय व सिक्योरिटी स्किल काउंसिल ऑफ इंडिया लिमिटेड के संयुक्त तत्वाधान में शिक्षित बेरोजगार अभ्यर्थियों को रोजगार से जोड़ने के लिए ब्लाक मुख्यालयों पर शिविर आयोजित कर सुरक्षा गार्ड व सुपरवाइज़र के पदों पर भर्ती की जाएगी। यह जानकारी देते हुए जिला सेवायोजन अधिकारी संजय कुमार ने बताया कि विकास खण्ड फखरपुर में 24 व 25 फरवरी, तेजबापुर में 27 व 29 ,फ़रवरी, रिसिया में 01 व 02 मार्च, विशेश्वरगंज में 03 व 04 मार्च, शिवपुर में 05 व 07 मार्च, हुजूरपुर में 08 व 10 मार्च, जिला सेवायोजन कार्यालय बहराइच में 09 मार्च तथा कैसरगंज में 11 व 12 मार्च 2025 को पूर्वान्ह 10:00 बजे से अपरान्ह 03:00 बजे तक भर्ती कैम्प आयोजित होगा।

बीती रात नाकाब पोश हथियार बंद चोरों ने ताबड़तोड़ तीन घरों को बनाया निशाना

श्रावस्ती। यूपी के श्रावस्ती जिले में चोरों के होसले बुलंद है। शनिवार देर रात जिले के थाना हरदत्तनगर गिरन्ट बदला पुलिस चौकी के मुर्तिहा और गुजरन पुरवा गाँव में नाकाब पोश हथियार बंद चोरों ने तीन मकानों से नगदी सहित लाखों का माल चोरी कर ले गए। रविवार की सुबह पीड़ितों के बक्से व अटैचियां गांव के बाहर खेत में पड़े मिले। सूचना पर पुलिस ने घटना स्थल का मुआयना कर जांच शुरू की है। मिली जानकारी के अनुसार शनिवार देर रात थाना हरदत्तनगर गिरन्ट बदला पुलिस चौकी के मुर्तिहा और गुजरन पुरवा गाँव में चोर घुस गए।परिजन के लोग कमरे में सो रहे थे।

26 फरवरी को सामूहिक विवाह कार्यक्रम 120 नवविवाहित का होगा सामूहिक विवाह

बहराइच । मुख्य विकास अधिकारी मुकेश चन्द्र ने बताया कि 26 फरवरी को कृषि उत्पादन मण्डी समिति परिसर मिहींपुरवा में ''मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना'' अन्तर्गत आयोजित सामूहिक विवाह कार्यक्रम में मा. जनप्रतिनिधियों की गरिमामयी उपस्थिति में 120 जोड़ों का सामूहिक विवाह सम्पन्न होगा। सामूहिक विवाह कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए उप जिलाधिकारी मिहींपुरवा व उपायुक्त मनरेगा को ओवरआल प्रभारी नामित किया गया है। सामूहिक विवाह कार्यक्रम के दौरान सुरक्षा, यातायात, पार्किंग, मंच, कार्यक्रम स्थल पर वर-वधू को लाने, विवाह सम्पन्न कराने, वैवाहिक सामग्री के वितरण, कार्यक्रम स्थल पर साफ-सफाई, पेयजल, प्रसाधन, चिकित्सा, रंगोली, अतिथियों के स्वागत, भोजन व मीडिया इत्यादि की व्यवस्था हेतु अलग-अलग अधिकारियों को नोडल व सहायक नोडल अधिकारी की जिम्मेदारी सौंपी गई है।

प्रयागराज में शिवरात्रि के अंतिम स्नान को लेकर यात्रियों की गोरखपुर रेलवे स्टेशन पर दिखी भीड़

शकुन टाइम्स संवाददाता

गोरखपुर। 144 साल बाद लगने वाले महाकुंभ के अंतिम स्नान की तैयारी शुरू हो गई है आज से ही श्रद्धालुओं की भीड़ प्रयागराज जाने के लिए गोरखपुर रेलवे स्टेशन पर उम्र पड़ी है आज और कल श्रद्धालुओं की भीड़ गोरखपुर रेलवे स्टेशन पर रहेगी उसी के दृष्टिगत एसपी जीआरपी ने आज गोरखपुर रेलवे स्टेशन का जायजा लिया एसपी जीआरपी संदीप मीणा ने बताया कि गोरखपुर रेलवे स्टेशन पर चाक चौबंद व्यवस्था बनाई गई है, यात्रियों को बैरिकेटिंग कर पहले ही रोक दी जा रही है, जिससे उतने ही यात्री प्लेटफार्म पर पहुंचे जितनी प्लेटफार्म की क्षमता है। कहीं धक्का मुक्की न हो उसको लेकर जीआरपी विभाग ने तैयारी कर ली है। गोरखपुर रेलवे स्टेशन पर फोर्स तैनात है जिससे यात्रियों को आराम से उन्हें ट्रेन में बैठाया जा सके और वह अपने गंतव्य पर आराम से पहुँच सकें।

सरकार किसानों की आय को दोगुना करने और कृषि को लाभप्रद बनाने हेतु प्रतिबद्ध है: पंकज चौधरी

शकुन टाइम्स संवाददाता

महाराजगंज। किसान सम्मान निधि की 19वीं किस्त के डिजिटल वितरण के अवसर पर कृषि विज्ञान वसूली निचलौल में आयोजित समारोह में केंद्रीय वित्त राज्य मंत्री द्वारा किसानों को विभिन्न योजनाओं से लाभान्वित किया गया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए केंद्रीय वित्त राज्यमंत्री ने कहा कि 2019 में लगभग 11 करोड़ लोगों को 3.46 लाख करोड़ रुपए का डीबीटी किया गया। जबकि किसान सम्मान निधि की 19 किश्त में लगभग 11 करोड़ किसानों को 03.67 लाख करोड़ किसानों के खाते में मा. प्रधानमंत्री जी द्वारा डिजिटल भेजा जा रहा है। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार किसानों की आय को दोगुना करने और कृषि को लाभप्रद बनाने हेतु प्रतिबद्ध है। इसी का परिणाम है कि 2013 में भारत सरकार का जो कृषि बजट 21933 करोड़ था, वही बजट 2025-26 में 1.27 लाख करोड़ है। प्रधानमंत्री का लक्ष्य है कि डीबीटी के माध्यम से बिचौलियों को समाप्त कर किसानों को सीधे लाभान्वित किया जाए। यही कारण की पूर्व की सरकारों में जो पैसा 01 रुपए में केवल 15 पैसा पहुंचता था, वह आज शत-प्रतिशत किसानों के खातों में पहुंच रहा है।

समारोह में केंद्रीय वित्त राज्यमंत्री द्वारा विभिन्न कृषि स्टालों का निरीक्षण किया गया और विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों को प्रमाण पत्र व बीज आदि का वितरण किया गया। इससे पूर्व मा. मंत्री जी ने फीता काटकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। उन्होंने इस अवसर पर कृषि विज्ञान केंद्र परिसर में वृक्षारोपण भी किया। उपस्थित लोगों ने भागपुर में आयोजित मुख्य कार्यक्रम का सीधा प्रसारण भी देखा। कार्यक्रम में जिलाधिकारी अनुनय झा, मुख्य विकास अधिकारी अनुराज जैन, भाजपा जिलाध्यक्ष संजय पांडेय, जिला कृषि अधिकारी वीरेन्द्र कुमार, भाजपा नेता अजय श्रीवास्तव सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

टीबी उन्मूलन कार्यक्रम में करे सहयोगः डॉ. जीपी राय

कुशीनगर। सीएचसी के परिसर में सोमवार को 30 टीबी रोगियों में प्रोटीनयुक्त पोषण की पोटली वितरित किया गया। जिसमें आईएमए द्वारा 25 मरीजों को चौथे माह की तथा उषा देवी द्वारा 01 मरीज को चौथे माह, अंजलि मिश्रा एवं अशोक गुप्ता द्वारा एक-एक मरीज को दूसरे माह की तथा दो नये मरीजों को प्रथम माह की पोटली दी गयी। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुये आईएमए के अध्यक्ष डॉ. जीपी राय ने कहा कि जनपद की टीबी मुक्त बनाने के लिये सभी को क्षयरोग उन्मूलन कार्यक्रम में सहयोग करने की जरूरत है। उन्होंने ने कहा कि सामुहिक प्रयास से ही टीबी रोग का खात्मा किया जा सकता है। विशिष्ट अतिथि के रूप में सम्बोधित करते हुये आईएमए के सचिव डॉ. वाई के मद्धेशिया ने कहा कि आईएमए जनपद को टीबी मुक्त बनाने में अपना पूर्ण योगदान दे रहा है। हम सभी टीबी रोगियों का नि:शुल्क उपचार भी कर रहे है और साथ में उनके पोषण की व्यवस्था भी कर रहे है।

आगामी त्यौहारों के दृष्टिगत पीस कमेटी की हुई बैठक

पीस कमेटी की बैठक में शांति व सुरक्षा बनाए रखने हेतु जिलाधिकारी ने दिए निर्देश।

शकुन टाइम्स संवाददाता

कुशीनगर। जनपद में आगामी त्यौहार महा शिवरात्रि, रमजान माह, होलिका, होली व ईद उल फितर के दृष्टिगत आवश्यक बैठक जिलाधिकारी विशाल भारद्वाज की अध्यक्षता व पुलिस अधीक्षक संतोष मिश्रा की उपस्थिति में कलेक्ट्रेट सभागार में संपन्न की गई।

- अमन, शांति तथा साफ सफाई, विद्युत आपूर्ति सहित सभी व्यवस्थाओं हेतु दिए निर्देश।
- अफवाहों पर ध्यान न दें- पुलिस अधीक्षक
- शांति एवं कानून व्यवस्था बनाये रखने में जनपदवासियों से की गई सहयोग की अपेक्षा।

बैठक में जिलाधिकारी द्वारा आगामी त्यौहार महा शिवरात्रि, होलिका दहन एवं होली के मौके पर कानून एवं शांति व्यवस्था सुनिश्चित किए जाने के निर्देश सभी संबंधित को दिए गए। उपरोक्त त्योहार के दृष्टिगत सर्वप्रथम आए हुए जन सामान्य /प्रबुद्ध गण से समस्या, विवादित स्थानों तथा संवेदनशील स्थानों पर उत्पन्न होने वाली समस्याओं के बारे में जानकारी एवं सुझाव लिए गए। जिलाधिकारी ने कहा कि सभी त्यौहारों को परंपरागत तरीके से मनाई जाय, कोई नई परंपरा मान्य नहीं होगी। उन्होंने कहा कि शासन की सर्वोच्च प्राथमिकता एवं सुप्रीमकोर्ट के निर्देशानुसार लाउड स्पीकर की आवाज सीमित रखें, कार्यक्रम दौरान यातायात व्यवस्था प्रभावित न हो, इस संबंध में आयोजक से वार्ता भी कर ली जाए, कार्यक्रम बड़ा है तो बैरिकेटिंग,सीसी टीवी कैमरा लगाई जाय,एप्रोच रोड पर भी साफ सफाई, लाइट की व्यवस्था सुनिश्चित कर ली जाए, पब्लिक टायलेट न होने की दशा में अस्थाई टायलेट की व्यवस्था संबंधित ईओ द्वारा कर ली जाए। त्यौहारों के अवसर पर होने वाले विवादो के क्रम में उन्होंने कहा कि पूर्व से चली आ रही आपसी विवाद भी कारण बन सकता है इस लिए विवादों का पता कर सुलह समझौता कराने का प्रयास किया जाय तथा उसकी जानकारी सभी संबंधित को भी दी जाए। उन्होंने कहा कि ईद की नमाज निर्धारित स्थल पर ही होगी, इस संबंध में सूअर पालकों को आबादी से दूर रखे जाने का निर्देश संबंधित को दिए गए। किसी भी तरह का आपत्ति जनक पोस्टर/नारे कहीं भी ना दिखे, पुलिस विभाग सहित सभी संबंधित अधिकारी गण पूरी तरह से एलर्ट मोड में रहें, आयोजक कर्ता से वार्ता कर अनापत्ति प्रमाण पत्र लेने उपरांत ही जुलूस आदि की अनुमति दी जाय, उन्होंने कहा कि कोई भी कार्यक्रम हो तो उसकी जानकारी सभी संबंधित को रहनी चाहिए इस संबंध में सभी एसडीएम, बीडीओ थानाध्यक्ष सीओ आपस में वार्ता कर लें।

फार्मर रजिस्ट्री पर रूचि न लेने पर डीएम ने की कड़ी कार्यवाही

शकुन टाइम्स संवाददाता

महराजगंज। जनपद में फॉर्मर रजिस्ट्री में धीमी प्रगति पर जिलाधिकारी अनुनय झा ने कड़ा रुख अख्तियार करते हुए फॉर्मर रजिस्ट्री में शिथिलता बरतने वालों के विरुद्ध कठोर कार्यवाही का निर्देश दिया है।

- चार लेखपालों का वेतन रोकने का आदेश
- 13 सीएससी की आई डी बंद करने का आदेश

जिलाधिकारी के निर्देश के क्रम में आज 04 लेखपालों बलराम (फरेंदा), फेकू प्रसाद (निचलौल), दीपचंद (नौतनवा) और अंकित कुमार का वेतन रोकने का निर्देश संबंधित उपजिलाधिकारियों द्वारा दिया गया है। इसके अलावा स्थलीय निरीक्षणों में रुचि न लेने और बार निर्देशित किए जाने के बावजूद भी फॉर्मर रजिस्ट्री में रुचि न लेने के कारण चारों तहसीलों के कुल 13 सीएससी की आईडी को बंद करने का आदेश दिया गया है। इसी प्रकार उपनिदेशक कृषि द्वारा फॉर्मर रजिस्ट्री में शून्य प्रगति वाले दो एटीएम विनोद कुमार, मिठौरा और मनोज कुमार, फरेंदा का 10 दिन का मानदेय रोकने का आदेश जारी किया गया है। जिलाधिकारी के निर्देश के क्रम में जिला पंचायतराज अधिकारी द्वारा भी फॉर्मर रजिस्ट्री में खराब प्रदर्शन के लिए टिकुलहिया, छितौना, चैनपुर, बभनौली बुजुर्ग, शिकारपुर और घुघली बुजुर्ग के पंचायत सहायकों का वेतन रोकने का आदेश जारी किया गया है। फॉर्मर रजिस्ट्री सरकार की बेहद अहम परियोजना है और परियोजना के क्रियान्वयन में शिथिलता बरतने वालों के विरुद्ध कठोर कार्यवाही की जाएगी। उन्होंने कड़ा निर्देश देते हुए कहा है कि फॉर्मर रजिस्ट्री में अपेक्षित प्रगति न होने पर जिला कृषि अधिकारी और संबंधित तहसीलदारों की जवाबदेही भी तय की जाएगी। जिला कृषि अधिकारी ने बताया है कि कि फॉर्मर रजिस्ट्री कराने वाले किसानों को कृषि विभाग की विभिन्न योजनाओं सहित किसान सम्मान निधि की 20वीं किश्त का लाभ प्राप्त होगा।

अबतक लगभग 05 लाख 29 हजार किसानों के सापेक्ष लगभग 02 लाख 04 हजार किसानों की फॉर्मर रजिस्ट्री सम्पन्न हुआ है। निचलौल तहसील में 48.55 प्रतिशत, महराजगंज में 41.65 प्रतिशत, फरेंदा में 36.77 प्रतिशत और नौतनवा में 23.58 प्रतिशत किसानों की फॉर्मर रजिस्ट्री पूरा हुआ है।

यूपी बोर्ड की परीक्षा में शामिल हुआ सजायाफ्ता कैदी

बहराइच। बहराइच जिला कारागार में हत्या और दुष्कर्म के मामले में आजीवन करावास की सजा काट रहे कैदी को हाईस्कूल की परीक्षा के लिए अनुमति दी गई। जिस पर सोमवार को वह आयोजित परीक्षा में शामिल हुआ। जबकि अन्य कैदी को ट्रायल के चलते अदालत ने अनुमति नहीं दी। कोतवाली देहात क्षेत्र के ग्राम ननके उर्फ गड्डे पुत्र राम सुधि जिला कारागार में निरुद्ध है। उसे अदालत द्वारा एक नाबालिक के साथ दुष्कर्म के बाद हत्या के मामले में आजीवन करावास की सजा सुनाई गई है। जेल अधीक्षक राजेश यादव ने बताया कि ननके ने जेल में रहते हुए कक्षा 10 की पढ़ाई की। परीक्षा के लिए आवेदन किया था। आजीवन करावास की सजा पाए कैदी को शासन की ओर से बोर्ड परीक्षा में बैठने के लिए अनुमति मिल गई। जिस पर पुलिस सुरक्षा में सजायाफ्ता कैदी को रविवार को गोरखपुर भेजा गया। गोरखपुर में बने केंद्र में सजायाफ्ता कैदी ने बोर्ड की परीक्षा दी।

आवारा कुत्तों के झुंड ने आठ साल की बच्ची को नोंचकर मार डाल

बहराइच। जिले के मटेरा कला गांव में आठ साल की बच्ची पर आवारा कुत्तों के झुंड ने हमला कर दिया। इस हमले में बच्ची की मौत हो गई। आवारा कुत्तों ने उस वक्त बच्ची पर हमला किया जब वह अन्य बच्चों के साथ खेतों की तरफ जा रही थी। कुत्तों ने बच्ची के शरीर के अंगों से मांस निकाल लिया। हालांकि, घटनास्थल पर पहुंची पुलिस ने शिनाख्त कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। खैरीघाट थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत मटेरा कला निवासी पिंकी उर्फ मुनक्की (8) सोमवार शाम को गांव के बच्चों के साथ खेत जा रही थी। पिता राजेंद्र ने बताया कि घर से 200 मीटर की दूरी पर पहुंचने पर शाम 4.30 बजे अचानक आवारा कुत्तों का झुंड आ गया। कुत्तों ने बच्ची पर हमला कर दिया। बताया कि कुत्तों ने बेटी सिर और गले के पास मांस निकाल लिया था।

गोरखपुर के राजघाट थाना क्षेत्र के ट्रांसपोर्ट नगर में कबाड़ की दुकान में लगी भीषण आग

शकुन टाइम्स संवाददाता

गोरखपुर। राजघाट थाना क्षेत्र के ट्रांसपोर्ट नगर में उस समय आफ़ा तफरी मच गई जब कबाड़ की दुकान में अचानक आग लग गई, देखते ही देखते आग ने अपना विकराल रूप ले लिया। जिससे वहां पर आवागमन कुछ देर के लिए तो रुक गया साथ ही साथ वहां के लोगों में हड़कंप में मच गया। मौके पर पहुंची दमकल की गाड़ियों ने आग पर काबू पाने का प्रयास किया कुछ देर बाद उन्होंने आग पर काबू पा लिया अच्छी बात यह रही की कोई हताहत नहीं हुआ और आग पर काबू पा लिया गया।

आगामी त्यौहार को लेकर डीएम, एसपी ने किया क्षेत्र भ्रमण, दिया निर्देश

शकुन टाइम्स संवाददाता

बहराइच। आसन्न महाशिवरात्रि एवं होली इत्यादि पर्वों के अवसर पर कानून एवं शान्ति व्यवस्था बनाये रखने के मद्देनज़र जिलाधिकारी मोनिका रानी व पुलिस अधीक्षक राम नयन सिंह ने विकास खण्ड महसी अन्तर्गत महराजगंज कस्बा व फखरपुर के जैतापुर तथा शिवपुर अन्तर्गत बाबा बुढ़ेश्वरनाथ धाम का भ्रमण किया। डीएम व एसपी ने अपर पुलिस अधीक्षक नगर, उप जिलाधिकारी, पुलिस क्षेत्राधिकारी, खण्ड विकास अधिकारी व अन्य अधिकारियों के साथ महाराजगंज के रामजानकी मन्दिर, जैतापुर स्थित शिव मन्दिर व देवी प्रसाद शिवालय तथा बाबा बुढ़ेश्वरनाथ धाम का भ्रमण कर महाशिवरात्रि के अवसर पर आयोजित होने वाले मेलों, भक्तिमय सांस्कृतिक कार्यक्रमों व निकलने वाली शिव बारात आदि के बारे में जानकारी ली तथा मौके पर मौजूद पुलिस व प्रशासनिक अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिये। महाराजगंज कस्बे के भ्रमण के दौरान डीएम व एसपी ने रामजानकी मन्दिर पहुंचकर वहां से निकलने वाली शिव बारात आयोजन समिति के पदाधिकारियों के साथ विस्तार से चर्चा करते हुए परम्परागत ढंग से त्योहार मनाये जाने की अपील की। डीएम व एसपी ने पुलिस व प्रशासनिक अधिकारियों को निर्देश दिया कि आयोजन समिति के समन्वय स्थापित करते हुए वॉलिंटियर्स के आधार एवं मोबाइल नम्बर की सूची तैयार कर लें तथा आवश्यकता के अनुसार उनके लिए ड्रेस कोड निर्धारित करने अथवा पहचान पत्र पर विचार करें साथ ही शिवबारात में अप्रिय स्थिति से बचाव हेतु वॉलिंटियर्स की संख्या बढ़ा लें। डीएम व एसपी द्वारा पुलिस अधिकारियों को निर्देश दिया गया कि त्योहार पंजिका का भली प्रकार से अध्ययन कर तद्नुसार आवश्यक प्रबन्ध के साथ-साथ अतिरिक्त सुरक्षा कर्मियों की तैनाती भी की जाय। डीएम व एसपी ने निर्देश दिया कि वरिष्ठ पुलिस व प्रशासनिक अधिकारी निरन्तर भ्रमणशील रहकर सर्तकता बनाये रखें तथा कानून व शान्ति व्यवस्था बनाये रखने में ड्रोन कैमरों की मदद भी ली जाय। डीएम व एसपी ने अन्य पुलिस व प्रशासनिक अधिकारियों के साथ जैतापुर क्षेत्र का भ्रमण कर शिव मन्दिर व देवी प्रसाद प्रधान के शिवालय का भ्रमण कर शिव बारात के रास्तों एवं साफ-सफाई व्यवस्था का जायज़ा लिया।

उन्होंने शिव बारात मार्गों पर उचित प्रकाश की व्यवस्था किये जाने के निर्देश भी दिये। मौके पर मौजूद शिव बारात समिति के पदाधिकारियों ने बताया कि शिव मन्दिर व शिवालय से शिव बारात निकलकर जैतापुर ग्राम का भ्रमण कर देवपुरी डीहा पर सम्पन्न होती है। निरीक्षण के दौरान क्षेत्र में गन्दगी पाये जाने पर डीएम ने कड़ी नाराज़गी व्यक्त करते हुए सफाई कर्मी मोहम्मद अहमद को निलम्बित करने तथा एडीओ पंचायत मगन बिहारी का स्पष्टीकरण प्राप्त करने का निर्देश दिया। डीएम ने खण्ड विकास अधिकारियों को निर्देश दिया कि महाशिवरात्रि के मौके पर सुरक्षा के दृष्टिगत बेरीकेटिंग करा दी जाय तथा सभी प्रमुख शिवालयों एवं मन्दिरों के आस-पास तथा शिवबारात के रास्तों पर पर्याप्त साफ-सफाई भी करायी जाय। इसके उपरान्त डीएम व एसपी ने अन्य अधिकारियों के साथ विकास खण्ड शिवपुर अन्तर्गत बाबा बुढ़ेश्वरनाथ धाम का भ्रमण कर विभिन्न व्यवस्थाओं का जायज़ा लिया। मौके पर मौजूद उप जिलाधिकारी नानपारा अंजनी यादव व बीडीओ शिवपुर अनुष्का श्रीवास्तव ने धाम में चल रहे मेले व आगामी महाशिवरात्रि की तैयारियों के बारे में जानकारी प्रदान की। डीएम व एसपी ने मन्दिर प्रांगंण की साफ-सफाई, श्रद्धालुओं के प्रवेश एवं निकास की अलग-अलग व्यवस्था, महिलाओं एवं पुरूषों के अलग-अलग पंक्ति आदि के सम्बन्ध में निर्देश दिये तथा धाम की पौराणिक महत्ता के दृष्टिगत आगन्तुक श्रद्धालुओं से सुशील व विनम्र व्यवहार करने की अपेक्षा की। इससे पूर्व डीएम व एसपी ने बाबा बुढ़ेश्वरनाथ धाम में जलाभिषेक कर पूजा अर्चना की।

फेंडशिप फ्लावर पब्लिक स्कूल नदेसर मारूफपुर में वार्षिकोत्सव धूम-धाम से मनाया गया

बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर सबका मनमोहा

शकुन टाइम्स संवाददाता

मारूफपुर/चंदौली। फ्रेंडशिप फ्लॉवर पब्लिक स्कूल नदेसर मारूफपुर में वार्षिकोत्सव धूम धाम से मनाया गया कार्यक्रम का उद्घाटन सर्वप्रथम चंदौली सांसद बीरेंद्र सिंह सकलडीहा विधायक प्रभुनारायण सिंह यादव व राज्य पुरस्कार प्राप्त शिक्षक बीरेंद्र सिंह यादव द्वारा माँ सरस्वती की प्रतिमा पर दीप प्रज्वलित कर तथा माल्यार्पण कर कार्यक्रम की शुरुआत की! विद्यालय के बच्चों द्वारा बहुत ही सुन्दर संस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर उपस्थित जनों का मन मोह लिया द्य

मुख्य अतिथि सांसद चंदौली माननीय वीरेंद्र सिंह ने कहा कि इस विद्यालय के बच्चों ने जो कार्यक्रम प्रस्तुत किया है वह काबिले तारीफ है, मैं शिक्षकों को तथा विद्यालय के प्रधानाचार्य को धन्यवाद देता हूं कि उन्होंने इस तरह के कार्यक्रम कर बच्चों के अंदर छिपी हुई प्रतिभा को निखारने का काम किया है ! मैं आप को विश्वास दिलाता हूं जब भी आपको मेरी आवश्यकता पड़ेगी मैं आपके साथ हमेशा खड़ा रहूंगा ! इस संस्था के प्रति मेरा जुड़ाव और लगाव है जब कभी फुरसत मिलेगी मैं आपके बीच में आता रहूंगा और आप को हर संभव मदद करने का विश्वास दिलाता हूं ! विशिष्ट अतिथि सकलडीहा विधायक माननीय प्रभु नारायण सिंह यादव ने कहा कि आज जो कुछ हमें मिला है वह संविधान की देन है आज संविधान को बचाने का समय है, इसके रास्ते आज हम अपने जीवन को ,अपने भविष्य को सुरक्षित और संरक्षित रख सकते हैं !

सभी प्रबुद्ध समाज के लोगों से मैं आवाहन करता हूं कि आप की जिम्मेदारी और भी है की मजबूती के साथ हम सभी को ताकत दें जिससे हम आप सभी की लड़ाई सदन से संसद तक लड़ सके! यह विद्यालय परिवार पांच दशक से ज्यादा समय से शिक्षा जगत से जुड़ा हुआ है ,मैं इस विद्यालय परिवार को धन्यवाद देता हूं कि जब भी मुझे अवसर मिला मैं आपके बीच आकर के इन बच्चों के उत्साहवर्धन में अपना अमूल्य समय दिया! बच्चों ने गीत, संगीत ,डांस, ड्रामा, एकांकी ,अभिनय की बेहतरीन झलकियां प्रस्तुत किए जिससे मन आनंदित और प्रफुल्लित हुआ! मैं विद्यालय परिवार को हर संभव मदद देने के लिए हमेशा तैयार रहूंगा! बच्चों ने राधा कृष्ण डांस, देश भक्ति ड्रामा, कव्वाली, ग्रुप डांस ,डांस कॉमेडी और होली डांस कर श्रोताओं को मंत्र मुक्त कर दिया ! मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथि द्वारा बच्चों को पुरस्कार वितरण किया गया !

अंत में विद्यालय के प्रधानाचार्य राकेश कुमार विश्वकर्मा ने मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथि को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया! कार्यक्रम में प्रमुख रूप से डॉक्टर आरके शर्मा ,अंजनी कुमार विश्वकर्मा , नंदकुमार शर्मा,जोखू सिद्दीकी ,राहुल अग्रहरि ,डॉक्टर पीएम दुबे ,डॉक्टर धर्मेंद्र कुमार ,डॉक्टर देवेंद्र प्रताप सिंह यादव ,सुभाष यादव ,घनश्याम विश्वकर्मा ,डॉक्टर बिंद्रा प्रसाद मौर्य, डॉक्टर रामाधार विश्वकर्मा ,ओम प्रकाश यादव ,अरुण कुमार यादव ,इंद्रजीत यादव ,नीरज मिश्रा, अश्वनी कुमार विश्वकर्मा ,विजय राज रवि ,नीरज विश्वकर्मा, सुनील यादव, विनोद मौर्य, बाली श्रीवास्तव सहित विद्यालय के छात्र छात्राएं उपस्थित रहे !कार्यक्रम की अध्यक्षता राज्य पुरस्कार प्राप्त शिक्षक बीरेंद्र सिंह यादव व संचालन काशीनाथ मौर्य ने किया!

संक्षिप्त सामाचार

अब नहीं बचूंगी, बच्चे भी छूट गए महिला ने हिम्मत जुटाकर नर मादा तेंदुए से बचाई जान

चकरनगर/इटावा। मैं हूर्त हूर्त करते करते दरायंती मारती रही, मारती रही और फिर गिर गई, मेरे मन में आया कि मैं अब बचूंगी नहीं, अब मेरे बच्चे भी छूट गए, वो तो मेरी किस्मत अच्छी थी कि मैं बच गई। मौत को नजदीक से देखने वाली तहसील चकरनगर के गांव ददरा की महिला सुमन देवी पत्नी कमलेश ने जानकारी देते हुए बताया कि सोमवार सुबह करीब नौ बजे वह खेत से घास काट रही थी, इसी दौरान नर-मादा तेंदुए के जोड़े ने उस पर गुर्राते हुए हमला कर दिया। महिला ने चीखते-चिल्लाते हुए चारा काटने वाली दरायंती को हिलाते हुए अपनी जान बचाने का प्रयास किया, इसी दौरान नजदीकी खेतों पर काम करने वाले किसान भी दौड़ पड़े, लेकिन तब तक तेंदुए भाग गए। उक्त घटना की सूचना पर ग्रामीण मौके पर एकत्रित हो गए। तदोपरांत टीम के साथ पहुंचे सैंक्चुअरी के रेंजर कोटेश त्यागी ने संगीन के साए में खेतों से लेकर जंगल तक गस्त किया। उक्त घटना को लेकर ग्रामीण बुरी तरह भयभीत है। ग्रामीणों का मानना है कि रविवार रात्रि समय करीब 11 बजे से नर-मादा तेंदुए के जोड़े ने गांव में घूम-घूमकर दहाड़ना शुरू किया है। उक्त समय से गांव के कई लोग तेंदुए के जोड़े को देख चुके है। बताते चलें कि शनिवार दोपहर समय उक्त गांव के पंचायत भवन के शौचालय में परिषदीय विद्यालय के बच्चों ने बिल्ली समझ कर तेंदुए के शावक को शौचालय में कैद कर लिया था, जो टीम के द्वारा रेस्क्यू कर पकड़ा गया था और उक्त शावक को लायन सफारी में छोड़ दिया गया है। जिससे आक्रोषित तेंदुए का जोड़ा गांव में आतंक बचाए हुए है। यहां कभी भी अप्रिय घटना घटित हो सकती है। कोटेश त्यागी, सैंक्चुअरी रेंजर ने बताया कि तेंदुए को देखकर महिला डर गई है, उसे खरोंच तक नहीं आई, टीम के पहुंचने से पहले ही तेंदुए का जोड़ा चला गया।

सद्गुरु भाऊ महाराज का स्वागत

इटावा। गोवा राज्य से चलकर सुबह शताब्दी एक्सप्रेस से इटावा रेलवे स्टेशन पहुंचे पाड्वेश्वर सम्प्रदाय के महंत भाऊजी महाराज का उनके सैकड़ों अनुयायियों नें फूल मालाओं, बैंड बाजाओं से भव्य स्वागत किया, सैकड़ों की संख्या में मौजूद महिलाओं नें कलश यात्रा के साथ शोभायात्रा निकाली गयी जो शहर के मुख्य मार्गो से होकर आवास विकास कालोनी पहुंची, आयोजक गणों नें बताया कि गुरु का 28 फरवरी तक विभिन्न भक्तजनों के यहां प्रवास रहेगा, तथा विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन होगा, इस अवसर पर व्यापार मंडल महिला मोर्चा की जिलाउपाध्यक्ष उर्मिला भदौरिया, प्रीती दुबे के नेतृत्व मे महिलाओं नें भव्य. स्वागत किया।

निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर आज

बकेवर/इटावा। जनता कॉलेज के प्राचार्य प्रो. डॉ राजेश किशोर त्रिपाठी ने बताया कि जनता कॉलेज बकेवर में शिक्षणेत्तर कर्मचारियों के संयोजन में 25 फरवरी दिन मंगलवार को प्रात: 10 बजे से लोटस टीएमटी मेडिकल बस के द्वारा निशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन रामशरण गुप्ता इटावा के सहयोग से किया जा रहा है, जिसमें नेत्र रोग, दंत रोग की जांच, ई.सी.जी., जनरल फिजिशियन, हीमोग्लोबिन, ब्लड शुगर, लिवर, किडनी आदि से संबंधित रक्त की जांचें तथा आवश्यक एक्स-रे आदि समस्त जांचों को निरूशुल्क किया जाएगा। स्वास्थ्य शिविर का आयोजन जनता कॉलेज बकेवर में होगा। निशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण शिविर में जनता कॉलेज बकेवर के समस्त प्राध्यापकों, शिक्षणेत्तर कर्मचारियों, समस्त छात्र-छात्राओं तथा जनता विद्यालय इंटर कॉलेज के समस्त स्टाफ हेतु स्वास्थ्य परीक्षण की व्यवस्था की गई है।

जल निगम की टंकी के निर्माण में आ रही बाधा हटी

शकुन टाइम्स संवाददाता

गाजीपुर। मुहम्मदाबाद तहसील क्षेत्र के भाला ग्राम सभा में निर्माणाधीन ओवरहेड टैंक तथा चाहरीदीवारी के निर्माण में बगल के काश्तकारों द्वारा उत्पन्न की जा रही बाधा को राजस्व ने पैमाइश के द्वारा समाप्त कर दिया। टंकी के निर्माण के कार्य में आ रही बाधा के संबंध में निर्माण इकाई के एरिया मैनेजर एकाग्र सिंह ने एसडीएम मुहम्मदाबाद डॉ हर्षिता तिवारी एवं तहसीलदार राम जी को ज्ञापन शौप कर मामले को अवगत कराया था।उप जिलाधिकारी के निर्देश पर पहुंची राजस्व टीम ने पूरे आरजी की पैमाइश की और टंकी के निर्माण को शुरू कराया। निर्माणाधीन टंकी के बगल के काश्तकार महेंद्र मिश्रा तथा लल्लन सिंह के आपसी विवाद के वजह से टंकी के निर्माण में बाधा रही थी। क्षेत्रीय लेखपाल मनीष कुमार ने बताया कि मौजा भाला में स्थित आराजी नंबर 212 रकवा 0.123 हेक्टर सरकारी अभिलेख में खलिहान भूमि के नाम से दर्ज है।

इसी आरजी में टंकी का निर्माण हो रहा है। राजस्व टीम में राजस्व निरीक्षक लालजी सिंह चौहान, क्षेत्रीय लेखपाल मनीष, लेखपाल रविकांत सिंह कुशवाहा तथा निर्माण इकाई के एरिया मैनेजर एकाग्र सिंह मौजूद रहे।

पीएचसी केंद्र में लाखों से निर्मित शौचालय बना शोपीस

जिर्णावस्था में गन्दगी व दुर्गन्ध युक्त प्राथमिक स्वास्थ केंद्र चहनियाँ का शौचालय

शकुन टाइम्स संवाददाता

चहनियाँ। प्राथमिक स्वास्थ केंद्र चहनियाँ में मरीजों के सुविधा का पूरी तरह अनदेखी किया जा रहा। यहां मरीजों के लिए ग्राम प्रधान कोटे से बना सार्वजनिक शौचालय जिर्णावस्था में वह भी पूरी तरह गन्दगी से पटा रहता है। जिसके कारण पुरुष व महिला मरीजों को असुविधा होती रहती है।

इसको लेकर क्षेत्रीय मरीजों ने कई बार प्राथमिक स्वास्थ केंद्र प्रभारी डॉ0रितेश कुमार से शिकायत किए लेकिन अभी तक उनके द्वारा पहल के बावजूद ठीक नहीं किया गया। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र चहनियाँ में प्रतिदिन सैकड़ो मरीज इलाज करवाने आते है। प्रदेश सरकार लगातार अपने स्वास्थ्य सुबिधा को लेकर अपनी उपलब्धियां गिनाती रहती है। इसके इतर प्राथमिक स्वास्थ केंद्र चहनियाँ में साफ सफाई का पूर्णतया अभाव है। प्राय: मरीजों को मूल भुत सुबिधा के लिए परेशान होना पड़ रहा है। उनको शौच के लिए उपयुक्त शौचालय की कमी है तथा जो ग्राम प्रधान द्वारा निर्मित सार्वजनिक शौचालय है, वह भी जिर्णावस्था तथा गन्दगी व दुर्गन्ध युक्त है। जिससे मरीज जाने से कतराते है। प्रबुद्ध समाजसेवी गणेश सिंह ने बताया कि प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के अंदर व बाहर सफाई कर्मी मनमाने तरीके से सफाई करते है इसलिए शौचालय की दशा ठीक नहीं है। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र प्रभारी डॉ0 रितेश कुमार ने बताया कि वार्ड में मरीजों के उपयोग के लिए एक शौचालय बना है। स्वास्थ्य केंद्र कैम्पस में ग्राम पंचायत कोटे से सार्वजनिक शौचालय बना है, जो इस समय उपयोग में नहीं है। ग्राम प्रधान से उसको साफ करवाने के लिए कहा गया है।

महाशिवरात्रि पर किनेश्वर महादेव मंदिर से निकलेगी भव्य बारात की झांकी

शकुन टाइम्स संवाददाता

चहनियाँ। क्षेत्र के रामगढ़ मे महाशिवरात्रि के शुभ अवसर पर बाबा कीनाराम मठ मे बाबा द्वारा स्थापित किनेश्वर महादेव मंदिर मे 24 घंटे का रामचरित मानस पाठ व पुरे रामगढ़ गांव मे भगवान भोलेनाथ की भव्य बारात की झांकी निकालने को लेकर श्यामसदन गोंड की अध्यक्षता मे प्रधानमंत्री कौशल विकास केंद्र रामगढ़ में बैठक आहूत की गई। बैठक में महाशिवरात्रि के अवसर पर शिव भक्तो द्वारा मंदिर के आस पास साफ सफाई तथा 26 फरवरी सुबह 8 बजे किनेश्वर महादेव मंदिर पर रामचरित मानस पाठ का आयोजन तथा दोपहर दो बजे से ग्रामीण श्रद्धालुओं द्वारा भगवान शिव के बारात की भव्य झांकी बाबा कीनाराम से शुरू होकर पुरे रामगढ़ मे हर्षोल्लास पूर्वक निकली जाएंगी तथा रात्रि में जागरण पर चर्चा हुई। बैठक मे मुख्य रूप से सुधींद्र पांडेय, प्रभुनाथ पाण्डेय, ऋषिकेश यादव, अर्जुन सिंह अंकल, राजेश सिंह, विनय सिंह, राजेश कुशवाहा, प्रफुल्ल श्रीवास्तव, अर्पित पाण्डेय, रफीक, मुकेश साहनी, त्रिभुवन सिंह, मोनू पाण्डेय, संतोष तिवारी, रोहित गुप्ता, अभिषेक पाठक आदि लोग मौजूद रहे।

अलीनगर पुलिस ने 12 लाख के शराब के साथ 15 लोगो को किया गिरफ्तार

शकुन टाइम्स संवाददाता

चन्दौली/डीडीयू नगर। अलीनगर पुलिस ने चेकिंग के दौरान 12 लाख से अधिक का अवैध शराब बरामद की है। शराब की खेप तीन ऑटो पर सवार होकर 15 लोग बिहार ले जा रहे थें। इतना नहीं शराब तस्करी के लिए तस्करों ने नए और ब्रांडेड बैग का इस्तेमाल किया। ताकि पुलिस को आसानी से चकमा दिया जा सके। होली का त्योहार नजदीक आते शराब प्रेमियों में शराब की मांग बढ़ जाती है। ऐसे में बिहार में शराब बंदी के कारण शराब तस्कर की सक्रियता भी बढ़ जाती है। तस्करी के लिए आरोपियों द्वारा तरह तरह के हथकंडे अपनाए जाते हैं। ऐसा ही कुछ मामला अलीनगर पुलिस के हाथ लगा है। पुलिस ने चेकिंग के दौरान वाराणसी नंबर के तीन ऑटो से 15 शराब तस्करों को गिरफ्तार किया है। जिनके पास से नए और ब्रांडेड बैगों में ले जाए जा रही अवैध शराब के खेप बरामद की है। शराब की अनुमानित कीमत 12 लाख रुपए आंकी गई है। वहीं सूत्रों की माने तो पकड़े गए शराब तस्कर ट्रेन में चढ़ने की फिराक में थे। इसी बीच अलीनगर पुलिस और एसओजी टीम ने इन्हें धर दबोचा। पकड़े गए शराब तस्करों में तीन युवक वह है जो अपने ऑटो में शराब की खेत के साथ शराब तस्करों को बैठाकर उनके बताए गए रेलवे स्टेशन या स्थान तक छोड़ते हैं।

वहीं पकड़े गए 12 लोग बिहार के पटना के रहने वाले हैं। यह सभी शराब की खेत पटना ले जाने के फिराक में लगे थे। पुलिस इनके आपराधिक इतिहास की जांच कर रही है।

कड़ी सुरक्षा व अधिकारियों के चक्रमण के बीच शुरू हुईं बोर्ड परीक्षाएं

नकल विहीन परीक्षा संपन्न कराने हेतु जुटे रहें प्रशासनिक अधिकारी

शकुन टाइम्स संवाददाता

सिकन्दरपुर/बलिया। यूपी बोर्ड की परीक्षाएं 24 फरवरी दिन सोमवार से शुरू हो गईं। पहले दिन पहली पाली में हाईस्कूल की हिंदी का पेपर शुरू हुआ। सुबह साढ़े आठ बजे से परीक्षा शुरू हुई। वहीं दोपहर दो बजे से मुख्य रूप से इंटर के हिंदी का पेपर संपन्न हुआ।

बताते चलें कि कहीं से भी नकल करने या किसी भी प्रकार की अव्यवस्थाओं से जुड़ी कोई खबर सामने नहीं आई। परीक्षा देकर निकले छात्रों ने बताया कि हाईस्कूल का पेपर आसान था। कठिन प्रश्न नहीं पूछे गए थें। प्रश्नों को घुमा-फिराकर पूछने के बजाय उन्हें सीधे और सरल तरीके से पूछा गया था। इधर प्रशासन भी नकल विहीन परीक्षा कराने के लिए पूरी तरह मुस्तैद था। उप जिलाधिकारी सिकन्दरपुर रवि कुमार ने नायब तहसीलदार सहित तहसील क्षेत्र के लगभग आधा दर्जन से अधिक परीक्षा केंद्रों का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान वहां हड़कंप की स्थिति बनी रही। इस दौरान उन्होंने परीक्षा केंद्र व्यवस्थापक से हो रही परीक्षा के बारे में विस्तृत जानकारी ली। परीक्षा केंद्रों पर लगाए गए सीसीटीवी कैमरा की जांच पड़ताल की एवं परीक्षार्थियों के उत्तर पुस्तिकाओं को भी खंगाला। केंद्र व्यवस्थापक को परीक्षा सकुशल संपन्न कराने के लिए निर्देशित किया। कहा कि किसी भी सूरत में नकल होते पाया गया तो संबंधित के खिलाफ कठोर दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी। बताया कि जिला मजिस्ट्रेट के द्वारा यह निर्देश दिया गया हैं कि परीक्षा केंद्रों की कड़ाई से जांच की जाए।

जनता में भाजपा सरकार के प्रति है आक्रोश- विधायक जैकिशन साहू

शकुन टाइम्स संवाददाता

गाजीपुर। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव पूर्व मुख्यमंत्री के निर्देशानुसार पी.डी.ए चौपाल कार्यक्रम के द्वारा ग्राम मेहरौली में राम नगीना राम के अध्यक्षता में बैठक हुई। जिसमें मुख्य वक्ता के रूप में सदर विधायक जै किशन शाहू ने कहा की प्रदेश में अराजकता का माहौल बना हुआ है,जनता में सरकार के प्रति आक्रोश है यह सरकार हमारे गरीब, मजदूर, किसान,बेरोजगार, नौजवान छात्र-छात्राओं के अधिकार व आरक्षण को ही समाप्त करने के चक्कर में पड़ी है अभी से आप सभी लोगों को पी.डी.ए के मिशन को आगे बढ़कर 2027 में अपनी सरकार बनाकर सत्ता से भाजपा को बाहर का रास्ता दिखाना है।पूर्व जिला अध्यक्ष व प्रदेश कमेटी के सदस्य रामधारी यादव ने कहा कि हमें जो बोलने व पढ़ने का अधिकार मिला है वह डॉ भीमराव अंबेडकर की देन है आप सभी लोग सचेत हो जाइए नहीं तो आपके साथ विश्वास घात होने वाला है। हाई कोर्ट के वकील जगत मोहन बिंन्द ने कहा कि अब आप लोगों के बल पर ही पी.डी.ए मजबूत होगी । राष्ट्रीय सचिव शिक्षक सभा भरत यादव ने कहा कि अभी आप लोग देखें की 400 पर की नारा देने वाली सरकार कैसे छलने का काम किया । प्रदेश सचिव पिछड़ा प्रकोष्ठ कमलेश यादव ने कहा कि आने वाले 2027 के विधानसभा चुनाव में हम सभी लोगों को पी.डी.ए की सरकार बनानी है।पूर्व जिला पंचायत सदस्य प्रभुनाथ राम ने कहा कि डॉक्टर साहब के आरक्षण के अधिकार को समाप्त होने से बचाना है।डॉ समीर सिंह ने कहा कि हम नौजवान साथियों को अपने बारे में तथा समाज के बारे में सोच विचार कर ही अपने पी.डी.ए साथियों को मजबूत कर यह संदेश देना है सपा में ही हमारा हित है कि तब जाकर हमारे सम्मान की रक्षा होगी। दस हजार किमी साइकिल यात्री सदर के ब्लॉक अध्यक्ष संतोष यादव ने कहा कि हम युवा साथियों से आह्वान करने आए हैं कि सत्ता सीन सरकार को हटाकर 2027 में सपा की सरकार बनानी है।सदर विधानसभा अध्यक्ष तहसीन अहमद ने कहा कि जालिम सरकार को सत्ता से हटाने के लिए सभी लोगों को धर्म जाति से ऊपर उठकर अखिलेश यादव को मुख्यमंत्री बनाना है तभी प्रदेश का विकास संभव है। समाजवादी जनता पार्टी चंद्रशेखर के पार्टी के प्रदेश सचिव रामविजय सिंह यादव ने कहा कि यदि समय रहते हम लोग नहीं एक हुए तो हम लोगों के एक वोट का अधिकार भी छिन जाएगा।

रोड पर लग रही लंबी कतारे लोगों का आवागमन हो रहा है बाधित कहीं परीक्षा देने से छात्र ना रह जाएं वंचित

शकुन टाइम्स संवाददाता

चंदौली/सकलडीहा। चंदौली से सैदपुर मार्ग पर सोमवार को भोजपुर रेलवे फाटक के दोनों तरफ वाहनों की लंबी कतारे लग गई, जिससे इस रास्ते से आवागमन करने वाले लोगों को गंभीर परेशानियों का सामना करना पड़ा।

वही इस जाम के कारण कई लोगों को अन्य रास्तों का सहारा लेकर अपने गंतव्य को रवाना होना पड़ा। क्षेत्र में पिछले कई दिनों से लगातार जाम की समस्या उत्पन्न हो रही है जिससे लोगों कहीं भी आवागमन करने में गंभीर परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। वही दो दिनों बाद महाशिवरात्रि का त्यौहार भी आयोजित होना है। जिसमें सकलडीहा क्षेत्र के विभिन्न स्थानों पर मेले का आयोजन तथा शिव बारात निकल जाती है। इसी के साथ महाकुंभ स्नान को लेकर भी दूर-दराज से लोग लगातार अपने वाहनों से प्रयाग स्नान के पश्चात अपने गंतव्य को रवाना हो रहे हैं।

वहीं रोड के किनारे खड़े वाहनों के कारण आए दिन दुर्घटनाएं भी घटित हो जा रही है। जबकि प्रशासन द्वारा यातायात व्यवस्था को सुगम बनाने को लेकर विभिन्न प्रकार के दिशा निर्देश भी दिए गए हैं। इन सबके बावजूद कभी सकलडीहा कुचमन फाटक पर तो कभी भोजपुर रेलवे फाटक पर वाहनों की लंबी कतारे लग जा रही है। जिसके कारण विद्यालय से लेकर सरकारी कार्यालय पर कार्य करने वाले कर्मचारियों को भी समय से उपस्थिति दर्ज करने में परेशानी उत्पन्न हो रही है। वही 24 फरवरी से बच्चों का परीक्षा भी प्रारंभ हो गया है ऐसी स्थिति में अगर इस जाम की समस्या का निवारण शीघ्र नही किया गया तो कई छात्रों के पेपर भी छुट सकते हैं जिससे कई छात्र अपनी परीक्षा देने से वंचित हो जाएंगे।

डीएम की अध्यक्षता में हुई कर-करेत्तर एवं वसूली की समीक्षा बैठक

सीएम डैशबोर्ड की रैंक में लाए सुधार

शकुन टाइम्स संवाददाता

हापुड़। सोमवार को डीएम श्रीमती प्रेरणा शर्मा ने कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक करते हुए कर-करेत्तर, राजस्व कार्यों के निर्धारित लक्ष्यों को समय से पूरा करने के उद्देश्य से संबंधित विभागीय अधिकारियों को निर्धारित लक्ष्य के सापेक्ष वसूली करने तथा समस्त उप जिलाधिकारियों को वसूली के संबंध में नियमित रूप से बैठक करने के निर्देश दिए। डीएम ने कहा की सभी एसडीएम अपने अपने तहसील क्षेत्र मे बड़े बकायदारों को आरसी जारी करते हुए राजस्व जमा कराना सुनिश्चित करेंगे उन्होने सख्त निर्देश दिया कि सभी एसडीएम अपने स्तर पर बैठक करके तहसील में लंबित पड़ी आरसी का जल्द से जल्द निस्तारण करते हुए राजस्व में बढ़ोतरी करें तथा साथ ही पिछले तीन सालों का आरसी डाटा भी प्राप्त कराए।वसूली समीक्षा पर लक्ष्य के सापेक्ष कम वसूली होने पर जिलाधिकारी ने नाराजगी जताते हुए संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए लक्ष्य के अनुरूप हो वसूली। समस्त उप जिला अधिकारियों को निर्देश दिए कि राजस्व वसूली के लिय आरसी को तहसील स्तर पर लम्बित ना रखे साथ ही अगली बैठक से पूर्व वसूली पर बेहतर परिणाम नजर आना चाहिये। डीएम ने विभाग से प्राप्त लक्ष्यों को हर हालत मे निर्धारित अवधि मे पूर्ण करने हेतु विभागीय अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए। उन्होने सम्बन्धित विभागीय अधिकारियों को कहा की राजस्व वसूली तथा अन्य संदर्भ को सीएम पोर्टल से जोड़ दिया गया है जिससे जनपद की रैंकिंग निर्धारित होती है अत: राजस्व वसूली में तेजी लाएं। उन्होने राजस्व वाद जैसे धारा 67, धारा 116, धारा 80, धारा 24 आदि के निस्तारण मे तेजी लाने के निर्देश दिये। डीएम ने मुख्य देय, विविध देयों की वसूली, कर-करेत्तर तथा राजस्व कार्यों की विभागवार समीक्षा करते हुए मानक के अनुसार निर्धारित लक्ष्य के सापेक्ष प्रगति शत-प्रतिशत करना सुनिश्चित करें। बैठक में जिलाधिकारी ने सीएम डैशबोर्ड को लेकर अधिकारियों को कड़े निर्देश दिए। सीएम डैशबोर्ड में जनपद की रैंकिंग में सुधार की आवश्यकता है तथा सीएम डैशबोर्ड पर जो भी शिकायत पेंडिंग है उसका जल्द से जल्द निस्तारण करना सुनिश्चित करें जिससे कि सीएम डैशबोर्ड की रैंकिंग में जनपद की स्थिति बेहतर हो सके। जिलाधिकारी ने बैठक में उपस्थित सभी अधिकारियों से जनपद की खराब रैंक को लेकर कड़े निर्देश दिए गए की आगामी बैठक से पूर्व सभी विभागों की रैंक में सुधार होना चाहिए।बैठक के दौरान अपर जिलाधिकारी वि/रा सन्दीप कुमार, समस्त उप जिलाधिकारी , जिला आबकारी अधिकारी, खनन अधिकारी, जिला पूर्ति अधिकारी तथा अन्य विभागीय अधिकारी/कर्मचारी आदि उपस्थित रहे।

शालोम ट्रस्ट कार्यालय पर पहुंचे रालोद के राष्ट्रीय सचिव प्रबुद्ध कुमार

शकुन टाइम्स संवाददाता

हापुड़। सोमवार को गढ़ रोड स्थित शालोम चेरिटेबल ट्रस्ट कार्यालय पर पहुंचे रालोद लोकदल पार्टी के राष्ट्रीय सचिव प्रबुद्ध कुमार जहां पर उन्होंने संस्था कार्यालय पर पहुंचकर ट्रस्ट अध्यक्ष अजय सिंह तथा ट्रस्ट के अन्य सम्मानित साथियों से ट्रस्ट के कार्यों को लेकर बातचीत की, ट्रस्ट अध्यक्ष अजीत सिंह ने बताया कि सोमवार को ट्रस्ट कार्यालय पर राष्ट्रीय लोकदल पार्टी के सचिव प्रबुद्ध कुमार जहां पर उन्होंने ट्रस्ट के कार्यों की सरहन की, उन्होंने कहां की ट्रस्ट टीबी रोगियों को लेकर जो ट्रस्ट ने अभियान चला रखा है ये बहुत अच्छा एवं सराहनीय कार्य है, तथा जनपद में लगातार ट्रस्ट के कई कार्यो के विषय में सुना है हमें काफी खुशी हुई की शालोम चेरिटेबल ट्रस्ट अपने कार्यों के लिए जानी जा रही है तथा टीबी रोगियों को पौष्टिक आहार वितरण कर सेवा कर रही है इससे उत्तम कार्य कुछ नहीं हो सकता, बताया कि राष्ट्रीय लोकदल पार्टी के सचिव ने टेस्ट की हर संभव मदद का वादा किया है तथा जहां तक भी होगा वह हमारे कार्यों को लेकर ऊपर तक जाएंगे तथा कार्यालय पर मौजूद रहे ओमेंद्र गौतम, प्रेमचंद, भारती सिंह, उस्मान अली, शिवदत्त प्रसाद, संजय कुमार, प्रदीप कुमार, डॉ प्रियंका सहित आदि उपस्थित रहे।

संक्षिप्त सामाचार

महाकुम्भ का समापन समारोह 27 को, मुख्यमंत्री जताएंगे आभार

लखनऊ। 13 जनवरी से शुरू हुए महाकुम्भ का औपचारिक समापन 27 फ़रवरी को होगा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ स्वयं समापन समारोह में आएंगे और इस दुनिया के सबसे बड़े आयोजन में अपनी भूमिका का निर्वहन करने वालों के प्रति आभार प्रकट करेंगे।समापन समारोह को लेकर मेला प्राधिकरण के अधिकारियों ने तैयारियां शुरू कर दी है। उससे पहले तीन और वर्ल्ड रिकॉर्ड भी बनाने की तैयारी है। एक वर्ल्ड रिकॉर्ड स्वच्छता का बनाने की कोशिश होगी। 15 हजार से अधिक स्वच्छताकर्मी एक साथ स्वच्छता का महाभियान चलाएंगे। दो अन्य रिकॉर्ड भी बनाए जाएंगे। महाकुम्भ शुरू होने से महीनों पहले मुख्यमंत्री तैयारियों को अंतिम रूप देने में जुटे थे। महाकुम्भ में पुण्य की डुबकी का संदेश इतने बड़े पैमाने पर पूरे विश्व में गया कि महाशिवरात्रि के अंतिम स्नान पर्व से तीन दिन पहले ही 62 करोड़ से अधिक लोग डुबकी लगा चुके हैं।मेले में सनातन धर्म के शंकराचार्यों, संतों, नागाओं, कल्पवासियों से लेकर राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, राज्यों के मुख्यमंत्रियों, राज्यपालों, शीर्ष उद्योगपतियों, सिने कलाकार से लेकर हर वर्ग के लोगों ने डुबकी लगाई। करोड़ों लोगों को निरूशुल्क भोजन वितरण हुआ तो नेत्रकुम्भ, दंत कुम्भ, ग्रीन कुम्भ जैसे सामाजिक प्रकल्पों ने मानवकल्याण के संकल्प को दोहराने का काम किया। 45 दिन के महाकुम्भ के समापन पर मुख्यमंत्री मेले से जुड़े कर्मचारियों को सौगात की घोषणा कर सकते हैं।

हिन्दी में एमसीक्यू ने छात्रों के छुड़ाए पसीने, जय माता दी करके लगाया टिक

लखनऊ। यूपी बोर्ड की हाईस्कूल और इंडटमीडियट की परीक्षाएं आज, 24 फ़रवरी से शुरु हो गई है। लेकिन प्रयागराज में आज होने वाली परीक्षा कुंभ के चलते स्थगित कर दी गई। यह परीक्षा प्रयागराज में 9 मार्च को कराई जाएगी। यह फैसला जिला प्रशासन की तरफसे लिया गया है। प्रदेशभर में 8,140 केंद्रों पर 54 लाख से ज्यादा बच्चे इस परीक्षा में शामिल हो रहे हैं। पहला एग्जाम हिंदी का हुआ। एग्जाम देकर लौट रहे 10वीं के छात्रों के कई तरह से रिक्शन देखने को मिले। किसी ने कहा कि एग्जाम बहुत कठीन था, तो किसी ने कहा कि इससे सरल पेपर तो देखा ही नहीं। जब छात्रों से पूछा गया कि एग्जाम में सबसे कठीन क्या लगा इस पर उन्होंने कहा कि एमसीक्यू सॉलव करने में पसीने छूट गए। कुछ छात्रों ने कहा कि पेपर ज्यादा लंबा था की निबंध लिखने के समय काफी कम मिला। ऐसा लग रहा थी की कहीं पेपर रह न जाए। 10 वीं के छात्र ने बताया कि जय माता दी करके कुछ जगाहों पर टिक लगा दिया और आगे बढ़ गए जिससे कहीं आगे का पेपर न रह जाए। परीक्षा के बीच लखनऊ के जिलाधिकारी विशाख जी अय्यर ने राजकीय जुबली इंटर कॉलेज स्थित जनपद स्तरीय कंट्रोल रूम और राजकीय बालिका इंटर कॉलेज की परीक्षा केंद्रों पर की गई व्यवस्थाओं का जायजा लिया इसके साथ अधिकारियों को कड़े निर्देश दिए कि परीक्षा को पूरी पारदर्शिता के साथ संपन्न कराया जाए। राजकीय जुबली इंटर कॉलेज में स्थित जनपद स्तरीय कंट्रोल रूम में जनपद के सभी परीक्षा केंद्रों की लाइव मॉनिटरिंग की जा रही है। इस कंट्रोल रूम में लगे वॉयस रिकॉर्डिंग युक्त सीसीटीवी कैमरों से हर परीक्षा केंद्र पर नजर रखी जा रही है। जिलाधिकारी ने मॉनिटरिंग कर रहे कर्मचारियों से बातचीत भी किया।

राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के अंतर्गत संचालित

होली के पर्व पर प्राकृतिक रंगों से मनाए होली, हर्बल रंगों का करें प्रयोग: सीडीओ

शकुन टाइम्स संवाददाता

हापुड़ । सोमवार को राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के अंतर्गत संचालित स्वयं सहायता समूह की दीदियों द्वारा होली पर प्राकृतिक तरीकों से हर्बल गुलाल बनाए गए हैं। सीडीओ द्वारा स्वयं सहायता समूह की दीदियों को इसके लिए बधाई दी है तथा उनसे हर्बल गुलाल भी क्रय किए गए हैं। सीडीओ ने बताया कि यह गुलाल पूर्णत: ऑर्गेनिक व बिना केमिकल से बनाए गए हैं जो की हस्त निर्मित भी है जो भी व्यक्ति इन गुलाल को क्रय करना चाहता है वह विकास भवन में संचालित प्रेरणा कैंटीन से इन रंगों को खरीद भी सकता है।

पार्लर में किशोरी से गैंगरेप, चार गिरफ्तार

लखनऊ। सैरपुर इलाके में ब्यूटी पार्लर में काम सीखने आई किशोरी को बंधक बनाकर सामूहिक दुष्कर्म किया गया। विरोध करने पहुंचे परिवारवालों से ब्यूटीपार्लर संचालिका और उसके पति ने मारपीट की। पीड़िता के बयान के बाद सैरपुर पुलिस ने रविवार सुबह दो मुख्य आरोपी और दंपति को गिरफ्तार कर लिया है। इंस्पेक्टर सैरपुर मनोज कुमार कोरी ने बताया कि मूल रूप से सीतापुर निवासी परिवार थाना क्षेत्र में किराए पर रहता है। पीड़िता की 14 वर्षीय बेटी ई-ऑटो चलाती थी। करीब 3 माह पूर्व वह सैरपुर पल्हारी मोड़ ज्वारगांव में स्थित एक ब्यूटीपार्लर में ब्यूटीशियन का कोर्स करने जाने लगी थी। आरोप है कि ब्यूटी पार्लर संचालिका कविता के इशारे पर मड़ियांव कटरा छावनी निवासी रेहान और वजीरगंज जनतानगरी निवासी मोहम्मद इसरार 4 फरवरी को ब्यूटीपार्लर पहुंच गए। आरोपियों ने ब्यूटी पार्लर का दरवाजा बंद करके किशोरी से सामूहिक दुष्कर्म किया।

गर्म जोशी से इंटरमीडिएट बोर्ड के बच्चों का स्वागत, थे बच्चे बड़े उत्सुक

बड़े उत्साह में नजर आए बच्चे, लगा तिलक हुई पुष्प बरसा, राजीव

एजेंसी

हापुड़। सोमवार को माध्यमिक शिक्षा परिषद बोर्ड प्रयागराज उत्तर प्रदेश की हुई 2025 की परीक्षा आरंभ, हाई स्कूल एवं इंटरमीडिएट परीक्षा को लेकर बच्चे काफी उत्साह में नजर आए, सिंभावली ब्लॉक के अंतर्गत लगने वाले आरएसके इंटर कॉलेज में सुबह 8:30 बजे हुई बच्चों की परीक्षा आरंभ, बता दें की परीक्षा केंद्र आरएसके इंटर कॉलेज के प्रिंसिपल डॉक्टर राजीव कुमार गोहित ने बताया कि परीक्षा आरंभ होने से पहले बच्चों को चंदन का तिलक कर उसको वर्ष की गई, जहां पर बच्चों को भारी कानून व्यवस्था से गुजरना पड़ा, तो वही परीक्षा को लेकर कड़ी सुरक्षा व्यवस्था मौजूद रही परीक्षा केंद्र पर तथा सीसीटीवी कैमरे द्वारा सारा कार्य किया जा रहा है, वही बच्चों मैं लगातार परीक्षा को लेकर काफी उत्साह नजर आया, तो वही लगातार विद्यालय के प्रिंसिपल डॉक्टर राजीव कुमार गोहित बच्चों से करते रहे अपील खुशमिजाज रहे और आराम से परीक्षा दें, तो वही बोर्ड परीक्षा को लेकर हापुड़ डीएम श्रीमती प्रेरणा शर्मा व एसपी कुंवर ज्ञानंजय सिंह भी लगातार अलर्ट हैं, जहां पर परीक्षा केंद्र पर पुलिस बल भी पूरा सहयोग करता हुआ नजर आया, तो वही उन्होंने बताया कि बोर्ड की परीक्षा बिना किसी समस्या के कराई जाएगी ताकि बच्चे परीक्षा को आराम से दें किसी तरह की समस्या उनके सामने ना आए, बच्चे पूरी साल मेहनत करते हैं तथा अपने भविष्य के लिए वह इस समय काफी उत्सुक नजर आते हैं, उनके अंदर एक उत्साह नजर आया परीक्षा को लेकर, तो वहीं विद्यालय में मौजूद रहे अजय कुमार, राकेश कुमार, राजीव कुमार, सुरेंद्र त्यागी, कुशल, शीतल, अनुराधा इत्यादि।

मुख्य विकास अधिकारी ने किया सी0एच0सी0 धौलाना का निरीक्षण

सी0एच0सी0 में अव्यवस्था पर मेडिकल ऑफिसर को लगाई फटकार, साफ-सफाई के दिए निर्देश : सीडीओ

शकुन टाइम्स संवाददाता

तत्काल अपने कक्ष में रहकर मरीजों को चेकअप कर उपचार की

हापुड़। सोमवार को हापुड़ सीडीओ हिमाशु गौतम द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र धौलाना का आकस्मिक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के समय डा0 चन्द्र मोहन, प्रभारी चिकित्सा अधिकारी उपस्थित पाये गये। ओ0पी0डी0 काउन्टर पर काफी संख्या में मरीज अपना पर्चा बनवा रहे थे।

चिकित्सालय में फिजिशियन के रूप में मरीजो को देखने हेतु डा0 के0के0शर्मा व डा0 वरूण को तीन-तीन दिन आवंटित किए गए हैं। निरीक्षण के समय फिजिशियन के कक्ष के बाहर मरीजों की लाईन लगी हुई थी परन्तु कोई भी डॉक्टर उपस्थित नहीं थे। काफी समय बाद डा0 के0के0शर्मा उपस्थित हुए उनसे मरीजों की जानकारी चाही गई तो उनके द्वारा कोई संतोशजनक उत्तर नहीं दिया गया। मुख्य विकास अधिकारी ने निर्देश दिए कि कार्यवाही की जाए। इसी प्रकार नेत्र रोग विषेशज्ञ डा0 अन्जुबाला ढीगरा एवं बाल रोग विषेशज्ञ डा0 स्वाति सागर अनुपस्थित थी। दोनो के कक्षों के बाहर काफी संख्या में मरीज उपस्थित थे। बाल रोग विषेशज्ञ के बाहर तो महिलाए छोटे-छोटे बच्चों के साथ इंतजार कर रही थी। प्रभारी चिकित्सा अधिकारी द्वारा उन्हें न तो डॉक्टर के अवकाश की जानकारी दी गई और न ही किसी अन्य डॉक्टर की व्यवस्था की गई। मौके पर उपस्थित चिकित्सा प्रभारी को निर्देश दिए गए कि तत्काल उक्त कक्षों में मरीजों को देखने हेतु डॉक्टरों की उपस्थिति सुनिश्चित कराएं तथा भविष्य में इस प्रकार की पुनरावृत्ति न हो।सी0एच0सी0 में साफ सफाई भी उचित नहीं पाई गई। प्रभारी चिकित्सा अधिकारी को निर्देश दिये गये कि वह सफाईकर्मी से नियमित रूप से ठीक प्रकार से सफाई कराना सुनिश्चित करें।

सर्वश्रेष्ठ वरिष्ठ नागरिक एसोसिएशन पुरस्कार दिया गया

शकुन टाइम्स संवाददाता

प्रयागराज। रविवार दिनांक 23 फ़रवरी 2025 को बुढ़ापे की लकड़ी जिसके डॉ0 पी0के0 सिन्हा, सेवानिवृत्त मुख्य चिकित्साधिकारी, प्रयागराज अध्यक्ष/संस्थापक हैं को अखिल भारतीय वरिष्ठ नागरिक महासंघ द्वारा वर्ष 2022/23 के लिए सर्वश्रेष्ठ वरिष्ठ नागरिक एसोसिएशन पुरस्कार - शहरी दिया गया।

अखिल भारतीय वरिष्ठ नागरिक महासंघ विश्व का एक विशाल संस्था है, जिसका सम्बन्ध संयुक्त राष्ट्र संघ से भी है, जिसमें लगभग तीस लाख लोग जुड़े हुए हैं और दो दिवसीय सम्मलेन में लगभग दो-ढाई हज़ार प्रतिभागियों ने पूरे भारतवर्ष एवं नेपाल से भाग लिया। डा. सिन्हा द्वारा बुढ़ापे की लकड़ी सेवा समिति का प्रस्तुतिकरण प्रस्तुत किया गया जिसकी सभी ने भूरि-भूरि प्रशंसा किया। दिनांक 22 फ़रवरी 2025 को डा. सिन्हा द्वारा संगीत की प्रस्तुति की गयी। यह प्रयागराज वासियों के लिए एक गौरव् का विषय है। डॉ. सिन्हा का बढ़ापे की लकड़ी की स्थापना करने का मुख्य उद्देश्य उम्र के एक पड़ाव को पार कर चुके वृद्धों को एक स्वस्थ, सफल, प्रसन्न और उद्देश्य से परिपूर्ण सकारात्मक सोच वाला वातावरण देना है। इससे शहर के तमाम प्रतिष्ठित गणमान्य नागरिक जुड़े हैं जिनमें डाक्टर, इंजीनियर और प्रशासक भी शामिल हैं। काफी संख्या में स्वयंसेवी युवा इस संस्था से जुड़े हैं जो किसी बुजुर्ग को दिक्कत होने पर उसके घर पर जाकर मदद देते हैं। अकेलापन दूर करने को गीत-संगीत से भी जोड़ते हैं वृद्धों को। डा.सिन्हा बताते हैं कि संस्था बुजुर्गों को जीवंत रखने का पूरा प्रयास करती है। कोशिश होती है कि वे जीवन को बोझ समझने के बजाय भरपूर आनंद लें, नाचे-गाएं, हंसे-बोलें। इसके लिए हर साल एक अक्टूबर अंतर्राष्ट्रीय वरिष्ठ नागरिक दिवस पर समारोह का आयोजन किया जाता है जिसमें गीत संगीत की महफिल सजती है जिसमें वृद्धजन सुरों का खजाना खोलते हैं। डॉ. सिन्हा वृद्धजनों की सेवा में पूर्ण रूप से समर्पित हैं।

युवक के गर्दन में लगा गहरा घाव, अस्पताल में भर्ती

लखनऊ। बीबीडी माधव रेजिडेंसी के पास रविवार शाम को मांझे में फंस युवक के गर्दन में गहरा घाव हो गया। गंभीर रूप से घायल युवक को राहगीरों की मदद से मां ने अस्पताल में भर्ती कराया। वह मां के साथ बाराबंकी जा रहा था। बाराबंकी बरौली निवासी राम शंकर यादव विभूतिखंड में परिवार के साथ रहते है। रविवार शाम बेटा शुभम यादव मां मोहिनी को लेकर बाराबंकी जा रहा था। बीबीडी माधव रेजिडेंसी के पास पहुंचने पर शुभम की गर्दन में मांझा फंस गया। जिससे गर्दन में गहरा घाव हुआ और खून बहने लगा। दर्द से बिलखते हुए शुभम गर्दन पकड़ कर सड़क पर गिर गया। मोहिनी भी बेटे को देख घबरा गई। कुछ समझ नहीं आया। मदद के लिए शोर मचाने पर राहगीर जुटे। जिनकी मदद से मोहिनी बेटे को इलाज के लिए अस्पताल ले गई। इंस्पेक्टर बीबीडी अजय नारायण सिंह ने बताया कि शुभम को डॉक्टरों ने पांच टांके लगाए है।

महेश नमकीन फैक्टरी में लगी आग, मचा हड़कंप

लखनऊ। नादरगंज इंडस्ट्रियल एरिया स्थित महेश नमकीन फैक्टरी के गोदाम में सोमवार तड़के आग लग गई। कुछ ही देर में पूरे गोदाम में फैल गई। लपटें देख अफरातफरी मच गई। सूचना पर पहुंचे अग्निशमन कर्मियों ने छह दमकल की मदद से पांच घंटे में काबू पा लिया। आग से कोई हताहत नहीं हुआ है। महेश नमकीन की फैक्टरी में तड़के करीब चार बजे लपटें और धुआं निकलते देख कर्मचारियों ने आग बुझाने का प्रयास शुरू किया। साथ ही पुलिस और अग्निशमन विभाग को सूचित किया। कुछ ही देर में सीएफओ मंगेश कुमार व एफएसओ सरोजनीनगर सुमित प्रताप सिंह दो दमकल के साथ मौके पर पहुंच गए। आग की भयावहता देख आलमबाग, इंदिरानगर व हजरतगंज फायर स्टेशन से चार दमकल और बुला लीं। अग्निशमन कर्मियों ने दो टीमों में बंटकर राहत कार्य शुरू किया। पांच घण्टे की मशक्कत कर स्थिति संभाल ली।

महाशिवरात्रि में घर बैठे प्राप्त करें सोमनाथ, काशी विश्वनाथ और महाकालेश्वर ज्योतिर्लिंग का प्रसाद

डाकिया घर पहुंचाएगा प्रसाद-पीएमजी

शकुन टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। महाशिवरात्रि में शिव आराधना की विशेष महिमा है। हर किसी की इच्छा होती है कि भगवान शिव के ज्योतिर्लिङ्ग स्वरूप का दर्शन और आशीर्वाद स्वरुप प्रसाद पा सके। परन्तु कुछ श्रद्धालु चाहकर भी दर्शन नहीं कर पाते। अब ऐसे श्रद्धालुओं को निराश होने की आवश्यकता नहीं है। डाक विभाग की स्पीड पोस्ट सेवा के माध्यम से लोग देश के किसी भी कोने में घर बैठे श्री सोमनाथ मंदिर, गुजरात, श्री काशी विश्वनाथ मंदिर, वाराणसी और श्री महाकालेश्वर मंदिर, उज्जैन का प्रसाद प्राप्त कर सकते हैं। उत्तर गुजरात एवं सौराष्ट्र और कच्छ परिक्षेत्र के पोस्टमास्टर जनरल कृष्ण कुमार यादव ने बताया कि महाशिवरात्रि में डाकघरों से गंगाजल की सुविधा भी उपलब्ध है। 250 मि.ली.की गंगाजल बोतल मात्र 30 रूपये में ली जा सकती है। श्री सोमनाथ ट्रस्ट ने श्रद्धालुओं को घर बैठे प्रसाद उपलब्ध कराने हेतु भारतीय डाक विभाग से एक समझौता किया है। इस समझौते के तहत कोई भी श्रद्धालु मैनेजर, श्री सोमनाथ ट्रस्ट, प्रभास पाटन, जिला- जूनागढ़, गुजरात-362268 को 270 का ई-मनीऑर्डर भेजकर स्पीड पोस्ट द्वारा प्रसाद मँगा सकता है।

ई-मनीऑर्डर पर प्रसाद के लिए बुकिंगश् अंकित करना होगा। तदोपरांत श्री सोमनाथ ट्रस्ट द्वारा संबंधित श्रद्धालु को 400 ग्राम का प्रसाद का पैकेट स्पीड पोस्ट द्वारा भेजा जायेगा। इस प्रसाद में 200 ग्राम बेसन लड्डू, 100 ग्राम तिल की चिक्की और 100 ग्राम मावा की चिक्की रहेगी। श्री काशी विश्वनाथ मंदिर का प्रसाद भी देश भर में स्पीड पोस्ट सेवा द्वारा लोगों को उपलब्ध कराया जा रहा है। 251 रूपये का ई-मनीआर्डर प्रवर अधीक्षक डाकघर, वाराणसी पूर्वी मंडल-221001 के नाम भेजना होगा।

आयकर राजपत्रित अधिकारी संघ पश्चिमी उत्तर प्रदेश एवं उत्तराखंड की आम सभा का आयोजन

शकुन टाइम्स संवाददाता

कानपुर। आयकर राजपत्रित अधिकारी संघ, पश्चिमी उ0प्र0 एवं उत्तराखंड की आमसभा एवं केंद्रीय आउटरीच बैठक पश्चिमी उ0प्र0 एवं उत्तराखंड संघ के अध्यक्ष एस0 के0 वर्मा की अध्यक्षता में होटल बेस्ट वेस्टर्न (ब्लिस), जी0टी0 रोड, निकट गुमटी-5 गुरुद्वारा, कानपुर में सम्पन्न हुई। सर्वप्रथम सरस्वती वंदना के बाद महामंत्री राघवेंद्र सिंह ने उपस्थित सभी पदाधिकारियों एवं सदस्यों का स्वागत किया फिर उन्होंने उ0प्र एवं उत्तराखंड प्रगति पर प्रकाश डालते हुये कहा कि आयकर अधिकारियों की पदोन्नति की समय सीमा निश्चित की जाए। फेशलेस कर निर्धारण के क्षेत्रों को समायोजित किया जाए। पर्याप्त संख्या में जूरिसडिक्शन कर निर्धारण अधिकारी के कार्यालय को बढ़ाया जाय तथा छोटे स्टेशन को बड़े स्टेशनो में समायोजित किया जाये। बोर्ड स्तर की समस्याओं के निराकरण हेतु केंद्रीय बॉडी से अनुरोध किया जाएगा।

तत्पश्चात चुनाव अधिकारी शरद कुमार अग्निहोत्री एवं सहायक चुनाव अधिकारी मनोज मिश्रा ने रिक्त अध्यक्ष के पद पर एक ही नामांकन आने पर एस0के0 वर्मा जी को निर्विरोध निर्वाचित घोषित किया गया, इसके बाद रिक्त उपाध्यक्ष के पद पर मुकेश कुमार को तथा रिक्त आडीटर के पद पर अनुराग बाजपेई को सर्वसम्मति से नियुक्त किया गया। उसके बाद चुनाव आयुक्त ने सभी को शपथ दिलायी। उसके बाद आउटरीच कार्यक्रम में स्वागत उद्बोधन उपाध्यक्ष मुकेश कुमार ने किया। उन्होंने राष्ट्रीय अध्यक्ष अरविन्द त्रिवेदी, राष्ट्रीय महासचिव भास्कर भट्टाचार्य, अतिरिक्त महासचिव जे0पी0 सिंह, केंद्रीय सँयुक्त सचिव राघवेंद्र सिंह, जोनल सचिव रीतेश कुमार, आडीटर गौरव प्रकाश, आईटीईएफ के सर्किल सचिव सुनील कुमार, कर्मचारी कल्याण समन्वय समिति के महामंत्री शरद प्रकाश अग्रवाल एवं एलआईसी क्लास वन ऑफिसर्स एसोसिएशन के जोनल महासचिव प्रदीप भाटिया के अलावा अन्य संघों से पधारे अन्य सभी प्रतिनिधियों का स्वागत किया। नई दिल्ली से पधारे राष्ट्रीय अध्यक्ष अरविंद त्रिवेदी एवं राष्ट्रीय महासचिव भास्कर भट्टाचार्य ने कहा कि विभाग इस समय बड़े बदलाव की ओर अग्रसर है जिसके लिये सही तस्वीर रखने में आईटीगोआ का मुख्यालय अपनी भूमिका निभाएगा। उन्होंने फेशलेस सिस्टम के बाद इनकमटैक्स एक्ट भी बदल रहा है। उसके साथ हमारे सदस्यों के साथ विविध भेदभावों जैसे ट्रांसफर पोस्टिंग पर, प्रमोशन पर, विभागीय वाहनों के उपयोग पर आदि पर विस्तार से प्रकाश डाला। लखनऊ से पधारे अतिरिक्त महासचिव जे0पी0 सिंह ने आठवें वेतन एवं अन्य कई मुद्दों हेतु उत्तर प्रदेश में भी सीसीजीजीओओ के मजबूत गठन की बात रखी। आयकर कर्मचारी महासंघ के सर्किल सचिव सुनील कुमार एवं अन्य संघों की ओर से कर्मचारी कल्याण समन्वय समिति के वित्त सचिव प्रदीप भाटिया ने आईटीगोआ के सफल आउटरीच मीटिंग की बधाई दी। सभा का संचालन वित्त सचिव राजेश तिवारी एवं आभार संयुक्त सचिव शरद प्रकाश अग्रवाल द्वारा व्यक्त किया गया। कार्यक्रम में उपरोक्त के अलावा के0 के0 शुक्ला, राज गौरव, कुणाल श्रीवास्तव, शक्ति शुक्ला, वीरेंद्र द्विवेदी, अमित बनर्जी, विनीत तिवारी, विवेक सिंह, भगवान केशरी, विकास गुप्ता, संजीव द्विवेदी, शिवेंदु श्रीवास्तव, पंकज यादव, बृजेश कुमार, अभिषेक बाजपेई, चित्रसेन सिंह, अजय श्रीवास्तव, राजेश कुमार आदि के साथ पूरे पश्चिमी उ0प्र0 एवं उत्तराखंड के विविध ब्रांच / स्टेशनों से भारी संख्या में पदाधिकारी एवं सदस्यगण भारी संख्या में मौजूद रहे।

सम्पादकीय

अमेरिकी अपमान पर प्रधानमंत्री की चुप्पी ठीक नहीं

कांग्रेस लगभग अकेली है सामाजिक न्याय की लड़ाई मेंकांग्रेस रू विश्वासघातियों का फोटो लगाने से अच्छा संदेश नहीं जो भारतीय जनता पार्टी यूएसऐड से मिले 21 मिलियन डॉलर की मदद के नाम पर कांग्रेस को फंसाने का जाल बुन रही थी, अंततरू उसमें प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी फंस गये हैं। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने यह बयान देकर मोदी को गम्भीर संकट में डाल दिया है कि श्यह राशि उनके मित्र मोदी और भारत को मिली है।श् इसे लेकर जहां भाजपा के प्रवक्ताओं, उसके आईटी सेल और ट्रोल आर्मी को सांप सूंघ गया है, वहीं कांग्रेस अब हमलावर है। अब तक ट्रम्प के बयान की न तो भाजपा या केन्द्र सरकार ने पुष्टि की है और न ही खंडन, परन्तु अब गेंद सीधे मोदी के पाले में है। केवल उन्हीं की ओर से इस बाबत कोई बयान आने का महत्व होगा। ट्रम्प का यह बयान मोदी को केवल राशि मिलने तक सीमित न होकर अनेक अर्थ खोलता है। यह मामला कहां तक जायेगा, यह तो आने वाला समय ही बतायेगा, लेकिन इससे मोदी बुरी तरह से घिरते साफदिखाई देते हैं। इसका पहला संकेत तो यही है कि ट्रम्प के आरोपों का किसी के पास कोई जवाब नहीं है। इस मामले के कई आयाम हैं। पहला यह कि कांग्रेस एवं विपक्षी दलों के पास मोदी के विरूद्ध बहुत बड़ा मामला हाथ लग गया है। चूंकि मोदी ट्रम्प के साथ अपनी मित्रता का बार-बार दावा करते रहे हैं, इसलिये उनकी पार्टी तथा समर्थक यह आरोप भी नहीं लगा सकते कि उनके या भारत के खिलाफकतिपय ताकतें काम कर रही हैं, जैसा कि ऐसे मामलों में अक्सर कह दिया जाता है। अमूमन इस तरह के आरोप लगने पर इसे श्विदेशी ताकतों का हाथ बताया जाता हैश् अथवा श्विपक्ष के इशारे पर रची जाने वाली साजिशश्। अब तो उन पर दबाव है कि उन्हें खुद को पाक-साफ साबित करना है। ऐसा करने के लिये उन्हें ट्रम्प को झूठा साबित करना होगा। खुद के अलावा सभी विरोधी नेताओं को भ्रष्टाचारी करार देने वाले मोदी निरूत्तर हैं। भारत सरकार के ही वित्त मंत्रालय ने अपने रिकॉर्ड्स की छानबीन कर कह दिया है कि यूएसऐड की मदद से देश में 7 परियोजनाएं तो चल रही हैं परन्तु उनमें वोटर टर्नआउट बढ़ाने को लेकर कोई भी कार्यक्रम नहीं है। इससे यह सवाल भी उठने लगा है कि क्या इस राशि को छिपाया गया है या किसी गलत तरीके से लिया गया है जिससे सीधे मोदी अथवा भाजपा को लाभ मिला है? विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने इसे चिंताजनक बतलाते हुए कहा कि श्इसकी जांच हो रही है जिससे सच्चाई सामने आ जायेगी। इस राशि का प्रदाय वोटर टर्नआउट बढ़ाने के लिये किया गया है, अतरू इसे पिछले दिनों हुए विभिन्न चुनावों में मतदान का प्रतिशत बढ़ने से जोड़ा जा रहा है। उल्लेखनीय है कि अनेक राज्यों के विधानसभा तथा लोकसभा चुनाव में मतदान समाप्त होने के समय जो प्रतिशत होता था, वह अगले तीन-चार घंटों में बड़े पैमाने पर बढ़ जाता था। यह माना जाता है कि इसके कारण अनेक राज्यों में हारती हुई भाजपा को सरकार बनाने में मदद मिली थी।

महाराष्ट्र में तो हिमाचल प्रदेश की आबादी के बराबर के मतदाता पांच माह की अल्प अवधि में बढ़ गये। यहां तक कि लोकसभा चुनाव में भी कहा जाता है कि भाजपा ने करीब 80 सीटें मैनेज कीं वरना वह सरकार बनाने की स्थिति में नहीं थी। तो क्या यह 21 मिलियन की राशि इस तरह से वोटर टर्नआउट बढ़ाने के नाम पर खर्च की गयी जिससे भारत के कई चुनाव प्रभावित किये गये? यह प्रश्न भी उठ खड़ा हुआ है। पिछले कुछ दिनों से मोदी व भारत के बारे में या उन्हें प्रभावित करने वाले बयानों की श्रृंखला में ट्रम्प ने बैलेट पेपर की भी बात छेड़ दी है जिसके बारे में अनुमान है कि उनका इशारा भारत की चुनाव प्रक्रिया की ओर ही है जो पिछले कुछ समय में जबर्दस्त विवादों में है। जिन चुनावों की बात ऊपर की गयी है, उनमें गड़बड़ियां और कथित हेरा-फेरी इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीनों से ही की गयी हैं। देश में इसका जबर्दस्त विरोध हो रहा है जबकि भाजपा, केन्द्र सरकार और उसके इशारे पर केन्द्रीय निर्वाचन आयोग ईवीएम के जरिये ही चुनाव कराता है। कई विरोधी दल और सिविल सोसायटियां इसके खिलाफहैं और बैलेट पेपर से चुनाव कराने की मांग कर रही हैं। चुनाव आयोग तो इस पर विपक्ष की बात सुनने के लिये तैयार ही नहीं है, सुप्रीम कोर्ट से भी यह मांग नामंजूर हो चुकी है। दुनिया के ज्यादातर विकसित व लोकतांत्रिक रूप से परिपक्व देश बैलेट पेपर से ही चुनाव कराते हैं। अमेरिका में भी यही प्रणाली अपनाई जाती है। देश में कई लोगों ने कहा है कि ईवीएम को हैक किया जा सकता है लेकिन चुनाव आयोग का विचार इसके ठीक विपरीत है। अब ट्रम्प ने उद्योगपति एलन मस्क को कम्प्यूटरों के मामले में किसी भी व्यक्ति से अधिक जानकार बतलाते हुए उनके हवाले से कहा कि ईवीएम को प्रभावित किया जा सकता है इसलिये बैलेट पेपर के जरिये निर्वाचन पद्धति ही श्रेष्ठ है। चूंकि फिलहाल इस पर विवाद सिर्फभारत में ही चल रहा है, साफहै कि ट्रम्प का यह अप्रत्यक्ष आक्रमण मोदी पर ही है। भारत में अमेरिकी सामानों पर ऊंची शुल्क दरों को लेकर वे पहले ही कह चुके हैं कि भारत जितनी ऊंची दर लगायेगा, उनका देश भी भारत की वस्तुओं पर उतना ही टैरिफरखेगा। कुल मिलाकर अमेरिकी राष्ट्रपति बार-बार सार्वजनिक तौर पर भारत को अपमानित करने की चेष्टा कर रहे हैं। लेकिन नरेन्द्र मोदी की इस मामले में असाधारण चुप्पी देश को इस समय काफी खल रही है।

ट्रंप के खुलासों पर मोदी की चुप्पी क्यों

शकील अख्तर

ट्रंप अच्छी दोस्ती निभा रहे हैं हमारे प्रधानमंत्री मोदीजी से! माय डियर फ्रेंड कह कह कर रोज नए खुलासे कर रहे हैं। अब चौथी बार 18 मिलियन डालर की बात कही। कहां गया यह पैसा? किसके पास आया यह तो अब सवाल ही नहीं। प्रेसिडेन्ट ट्रंप ने खुद कहा कि माय डियर फ्रेंड मोदी को दिया। मगर मोदी जी ने क्या किया? क्यों लिया? राहुल को बदनाम करने के लिए? राहुल ने खुद कहा कि उन्हें बदनाम करने के लिए भाजपा ने हजारों करोड़ रुपया खर्च किया। कांग्रेस के मीडिया डिपार्टमेंट के चेयरमेन पवन खेड़ा ने कहा कि 2021 से 2024 के बीच अमेरिका से 650 मिलियन डालर (करीब 600 करोड़ रुपया) भारत आया। और राहुल ने जो बात कही कि कितना पैसा उनके खिलाफ इस्तेमाल किया गया है वह इस बीच कही थी। 2022 में। अपनी भारत जोड़ो यात्रा के आखिरी दौर में। कांग्रेस ने मोदी सरकार से सही मांग की है कि सरकार को व्हाइट पेपर लाना चाहिए। मतलब सारे तथ्य देश के सामने रखना। यह भारत की छवि के लिए भी जरूरी है। प्रधानमंत्री पद के सम्मान और उसकी गरिमा के लिए भी। कोई चाहे वह अमेरिकी राष्ट्रपति ही क्यों न हो कैसे इस तरह की बात कर सकता है सवाल बहुत सारे हैं! लेकिन दो दिन से पूरी तरह चुप्पी है। पवन खेड़ा जो इस मामले में रोज नए सवाल कर रहे हैं, ने बहुत कठोर होकर कहा कि संघी पत्रकार अब क्यों नहीं बोल रहे हैं? अपनी मेहनत और निडरता से जनता के बीच लोकप्रिय नेता के तौर पर स्थापित हो गए राहुल गांधी के साहसिक सवालों का असर अब पार्टी में दिख रहा है। सब तो नहीं मगर कई नेता हिम्मत के साथ संघ की सच्चाइयां लोगों के सामने लाते हैं।

राहुल पर तो संघ और भाजपा के लोगों ने देश भर में दर्जनों मुकदमे लगा रखे हैं। मगर राहुल उनसे डरने के बदले मामलों के सारे तथ्य सामने लाने की मांग कर रहे हैं। अभी पूना की एक अदालत में सावरकर की मानहानि के मामले में राहुल ने कहा कि सावरकर के मामले में पूरे तथ्य अदालत के सामने आना चाहिए। तथ्य और कानून दोनों के जटिल सवाल हैं। गहन और विस्तृत जिरह की जरूरत है। ऐतिहासिक साक्ष्य हैं। सब सामने लाना है। इसलिए मुकदमे की प्रवृति बदली जाकर इसे समन मामले के रूप में सुना जाए। सावरकर की ऐतिहासिक और अकादमिक जांच हो जाए। संक्षेप में समन मामले में राहुल यह बता सकेंगे कि उन्होंने जो कहा था वह क्यों कहा था। उसके आधार क्या थे। दस्तावेज कौन से हैं। इतिहास, तथ्य क्या कहता है। मतलब राहुल सावरकर के मामले में सारी सच्चाइयां सामने रख कर कह सकते हैं कि मैंने इस आधार पर सावरकर पर बोला था। यह बहुत साहस का काम है। मुकदमे से डरना नहीं बल्कि उसका सामना करते हुए सारी सच्चाइयां सामने रख देना। यह मौका होगा। मुकदमा करने वाले संघ, भाजपा के लोग भी सावरकर के बारे में तथ्य रखें और राहुल कांग्रेस भी। एक बार अदालत के सामने सावरकर की सारी हकीकत कि कितनी बार उन्होंने अंग्रेजों से माफी मांगी थी। उनके लिए काम करने की इच्छा व्यक्त की थी। इसके बदले पेंशन ली। सब सामने आ जाएगा। यह भी कि जो वीर कहते हैं। वह भी सावरकर खुद ही अपने नाम के साथ लिखते थे। तो राहुल का यह साहस अब पार्टी में दिखने लगा है। अभी कुछ साल पहले तक इसी पार्टी में यह हालत थी कि राहुल विरोधी नेता नेहरू की बात करने पर कह देते थे हम नेहरुवादी नहीं। कांग्रेस ऐसे ही बरबाद नहीं हुई है। यूएसएड के जरिए अमेरिका से आने वाला डालर मनमोहन सिंह सरकार को अस्थिर करने के लिए भी खर्च किया गया था। कांग्रेस यह तो कहती है कि वह पैसा अन्ना हजारे, संघ, भाजपा के नेताओं, केजरीवाल को मिला। मगर इस सवाल का जवाब उसके पास क्या है कि सरकार तो उसकी थी। पैसा आया कैसे? बंटा कैसे? उसकी सरकार और नेता क्या कर रहे थे? क्या राहुल विरोध उस समय से शुरू नहीं हो गया था? क्या कुछ राहुल विरोधी कांग्रेस के बड़े नेता भी अंदर से अन्ना हजारे के आंदोलन के समर्थक थे? इन सवालों से कांग्रेस को घबराना नहीं चाहिए। अगर नई कांग्रेस बनाना है तो उन नामों की निशानदेही करना होगी जिन्होंने कांग्रेस और यूपीए सरकार में रहकर मनमोहन सिंह सरकार को कमजोर किया। राहुल की असली परीक्षा है यह कि वह जिस ताकत से मोदी से लड़ रहे हैं उतनी ही हिम्मत से पार्टी के अंदर के विभीषणों की पहचान करें। सिर्फअध्यक्ष खरगे जी से कहने से काम नहीं चलेगा कि खरगे जी चाबुक चलाइए। नाम लिखकर दें। फिर देखिए खरगे जो खुद इस समय बहुत साफ-साफपार्टी, संगठन के बारे में लगातार बोल रहे हैं वह किस तेजी से सफाई करते हैं। यह ऐतिहासिक मौका है। इस समय भी अगर राहुल और खरगे ने ऊपर-ऊपर ही काम किया तो पार्टी इससे मजबूत नहीं होगी। दोनों काम साथ करना होंगें। पार्टी को नुकसान पहुंचाने वालों को दरवाजे के बाहर तक ले जाकर छोड़ना होगा। और मजबूत विचारधारा के मौका न पाए नेता कार्यकर्ताओं को ढूंढकर संगठन में लाना होगा। इतना पिटने के बाद भी आज कांग्रेसी गांव-गांव मोहल्ले-मोहल्ले में है। वह नहीं डरता। नेहरू-गांधी की विचारधारा से जुड़ा है। और इस गांधी-नेहरू परिवार से। यही कांग्रेस की ताकत है और कोई पार्टी होती तो अभी तक खत्म हो जाती। बड़े नेताओं ने तो कोई कसर छोड़ी नहीं। अभी भी शशि थरूर जैसे लोग जिन्हें पार्टी ने सब कुछ दिया। मनमोहन सिंह सरकार में मंत्री बनाया। जहां वे खर्च कम करने के लिए मंत्रियों को जहाज के सामान्य क्लास में बैठने की बात की ऐसी प्रतिक्रिया देते हैं कि यह सामान्य क्लास तो कैटल क्लास (ढोरों का बाड़ा) है। केरल से पार्टी जिताती है। जो केरल की राजनीति नहीं जानते उनके लिए कि वहां कोई अपनी हैसियत से नहीं जीत सकता। पार्टी का संगठन ही उस पढ़े-लिखे राज्य में महत्वपूर्ण है। मेट्रो मेन कहलाने वाले श्रीधरन वहां हार गए थे। क्योंकि जिस पार्टी से लड़े थे भाजपा से उसकी जमीन नहीं है। थरूर को पार्टी जिताती है। तो थरूर जैसे नेता जो ज्यादा उड़ते हैं चाहे जब मोदी की तारीफकरने लगते है उनसे कांग्रेस को डरना छोड़ना पड़ेगा। अमेरिका से आए डालर पर कांग्रेस सही सवाल उठा रही है। हर बात पर मोदी का बचाव करने आ जाते मीडिया वालों के पास ट्रंप के खुलासों का कोई जवाब नहीं है।

> राहुल पर तो संघ और भाजपा के लोगों ने देश भर में दर्जनों मुकदमे लगा रखे हैं। मगर राहुल उनसे डरने के बदले मामलों के सारे तथ्य सामने लाने की मांग कर रहे हैं। अभी पूना की एक अदालत में सावरकर की मानहानि के मामले में राहुल ने कहा कि सावरकर के मामले में पूरे तथ्य अदालत के सामने आना चाहिए। तथ्य और कानून दोनों के जटिल सवाल हैं। गहन और विस्तृत जिरह की जरूरत है। ऐतिहासिक साक्ष्य हैं। सब सामने लाना है। इसलिए मुकदमे की प्रवृति बदली जाकर इसे समन मामले के रूप में सुना जाए। सावरकर की ऐतिहासिक और अकादमिक जांच हो जाए। संक्षेप में समन मामले में राहुल यह बता सकेंगे कि उन्होंने जो कहा था वह क्यों कहा था। उसके आधार क्या थे। दस्तावेज कौन से हैं। इतिहास, तथ्य क्या कहता है।

आजादी का दुरुपयोग

पिछले दिनों एक विवादास्पद मामले में सुप्रीम कोर्ट की सख्ती के बाद केंद्रीय सूचना और प्रसारण मंत्रालय ने संबंधित कानूनों के अनुपालन की जरूरत महसूस करते हुए ओटीटी प्लेटफॉर्म्स के लिये एडवाइजरी जारी की है। निस्संदेह यह वक्त की जरूरत है। दरअसल, हाल ही में एक यूट्यूबर की अभद्र टिप्पणी से पैदा हुए विवाद पर देशव्यापी प्रतिक्रिया हुई थी। केंद्र सरकार की पहल को शीर्ष अदालत के सख्त रुख के आलोक में देखा जा रहा है। पारिवारिक मूल्यों वाले भारतीय समाज में अभिव्यक्ति की आजादी का दुरुपयोग करते हुए अमर्यादित व संवेदनहीन टिप्पणी के मामले गाहे-बगाहे प्रकाश में आते रहते हैं। यही वजह है कि इलाहाबादिया प्रकरण में कई राज्यों में आपराधिक मामले दर्ज कर किए गए। हालांकि, सुप्रीम कोर्ट ने आरोपी को गिरफ्तारी से राहत तो दी मगर सख्त टिप्पणी भी की थी कि वे दिमागी गंदगी को थोप रहे हैं, जिससे समाज शर्मसार हुआ है। लेकिन इस प्रकरण ने अभिव्यक्ति की आजादी की सीमाओं के नियमन की बहस को नये सिरे से शुरू कर दिया। हालांकि, आपातकाल के सीमित कालखंड को छोड़ दें तो देश में हमेशा अभिव्यक्ति की आजादी का सम्मान किया गया है। सुप्रीम कोर्ट समेत कई उच्च न्यायालयों ने अभिव्यक्ति की आजादी को अक्षुण्ण बनाये रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभायी है। लेकिन आजादी के अतिक्रमण के बाद सूचना व प्रसारण मंत्रालय ने ओटीटी प्लेटफॉर्म हेतु एडवाइजरी जारी करते हुए संबंधित कानून के सभी प्रावधानों के अनुपालन सुनिश्चित करने को कहा है। निस्संदेह, इंटरनेट और सोशल मीडिया के दौर में अभिव्यक्ति की आजादी की सीमाओं के निर्धारण की आवश्यकता है। हाल के दिनों में डिजिटल मंचों पर अश्लीलता व हिंसक अभिव्यक्ति के चलते इनके नियमन की जरूरत महसूस की जा रही है। खासकर पारिवारिक जीवन मूल्यों का अतिक्रमण करने वाली टिप्पणियों पर रोक जरूरी है। यदि स्थिति में सुधार नहीं होता तो बहुत संभव है कि सरकारी निगरानी बढ़ जाए। दरअसल, सूचना प्रसारण मंत्रालय ने इस बाबत बनी संसदीय समिति से कहा है कि समाज में इस बात को लेकर रोष है कि अभिव्यक्ति की आजादी के संवैधानिक अधिकार का अतिक्रमण करके हिंसक व अश्लील सामग्री का प्रसारण किया जा रहा है। वहीं संचार एवं सूचना प्रौद्योगिकी संबंधी स्थायी समिति का कहना है कि इसके नियमन के लिये कुछ कानून तो हैं लेकिन वर्जित सामग्री के नियमन के लिये नया प्रभावी कानून होना चाहिए। ऐसी राय देश के जनप्रतिनिधियों, अदालतों तथा कुछ वैधानिक संस्थाओं ने व्यक्त की है। देश की शीर्ष अदालत का मानना रहा है कि यूट्यूब जैसे मंचों पर सामग्री साझा करने पर नियंत्रण हेतु कानून निष्प्रभावी नजर आते हैं। अब नये मीडिया मंचों पर विवादास्पद सामग्री पर अंकुश लगाने के लिये कानून में संशोधन की भी बात कही जा रही है। इसकी वजह यह भी है कि परंपरागत प्रिंट व इलेक्ट्रॉनिक मीडिया तो इस बाबत बने कानून के दायरे में आते हैं, लेकिन नए डिजिटल प्लेटफॉर्मों के लिये प्रभावी कानून नहीं है। निश्चित रूप से संविधान प्रदत्त अभिव्यक्ति की आजादी के दुरुपयोग पर अंकुश लगाने की जरूरत है।

दिल्ली में भाजपा सरकार के सामने हैं अनेक मुश्किल काम

डॉ. ज्ञान पाठक

राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली में अब भाजपा के नेतृत्व वाली सरकार सत्ता में है, जिसके सामने अनेक चुनौतियां हैं। चुनाव अभियान के दौरान भाजपा ने बहुत से चुनावी वायदे दे रखे हैं जिन्हें पूरा करना एक बहुत ही कठिन कार्य है, और विपक्ष बहुत ही सतर्क और मजबूत है। यह बात मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता के नेतृत्व वाली सरकार, जिसने 20 फरवरी को आधिकारिक रूप से कार्यभार संभाला, के पहले कैबिनेट फैसले और उस पर विपक्षी आप नेता और पूर्व मुख्यमंत्री आतिशी की प्रतिक्रिया से ही स्पष्ट हो गयी।

अपनी पहली प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए, सीएम रेखा गुप्ता ने कहा कि उनके मंत्रिमंडल ने अपनी पहली बैठक में आयुष्मान भारत योजना को लागू करने और पहली दिल्ली विधानसभा में नियंत्रक और महालेखा परीक्षक (सीएजी) की 14 लंबित रिपोर्टों को पेश करने का फैसला किया है। चुनाव प्रचार में महिलाओं को 2500 रुपये प्रतिमाह देने के वायदे के बारे में पूछे जाने पर उन्होंने कहा कि इस पर कैबिनेट बैठक में चर्चा हुई थी, लेकिन पाया गया कि लाभ पाने के लिए महिलाओं की श्रेणी तय करने के लिए और अधिक चर्चा की आवश्यकता है।चुनाव प्रचार के दौरान मतदाताओं से बहुत सारे वायदे करके भाजपा सत्ता में आई है, जिनमें से सबसे प्रमुख वायदा दिल्ली की हर महिला को 2500 रुपये देने का था। दिये गये वायदों को पूरा करना मुश्किल ही नहीं, बल्कि बहुत ही मुश्किल है, जैसा कि सरकार के पहले कैबिनेट फैसले में झलकता है। आप नेता और पूर्व मुख्यमंत्री आतिशी ने सीएम रेखा गुप्ता की प्रेस कॉन्फ्रेंस के बाद भाजपा के नेतृत्व वाली दिल्ली सरकार पर वायदा तोड़ने का आरोप लगाया, जो आप नेतृत्व की सतर्कता को दर्शाता है। यह ध्यान देने योग्य है कि आप दिल्ली चुनाव में भाजपा से केवल 1.99 प्रतिशत वोटों के अंतर से हारी थी, और इसलिए आप एक निराश पार्टी नहीं बन पाई है। हार ने उन्हें राजनीतिक रूप से अति सक्रिय बना दिया है, जो कैबिनेट के फैसले के तुरंत बाद आतिशी की त्वरित टिप्पणी में झलकता है। भाजपा ने दिल्ली के लोगों को श्धोखाश् देने का मन बना लिया है, आतिशी ने आरोप लगाया।

याद रहे कि हार के बाद आप सुप्रीमो अरविंद केजरीवाल ने कहा था, श्हम विनम्रता के साथ जनादेश स्वीकार करते हैं...और उम्मीद करते हैं कि भाजपा दिल्ली के लोगों की उम्मीदों पर खरा उतरेगी।श् उन्होंने कहा कि आप एक रचनात्मक विपक्ष की भूमिका निभायेगी और दिल्ली के लोगों के लिए उपलब्ध रहेगी। केजरीवाल ने अपने विधायकों से अपने निर्वाचन क्षेत्रों पर ध्यान केंद्रित करने और भाजपा को उनके चुनावी वायदों के लिए जवाबदेह बनाने को कहा है, जैसे कि 8 मार्च तक दिल्ली में महिलाओं को 2500 रुपये देना, मुफ्त बिजली जारी रखना, गुणवत्तापूर्ण सरकारी स्कूलबनाये रखना और मोहल्ला क्लीनिक और सरकारी अस्पतालों में मुफ्त इलाज। पूर्व मुख्यमंत्री आतिशी ने भी कहा है कि आप सुनिश्चित करेगी कि भाजपा इन प्रतिबद्धताओं को पूरा करे और आप शासन के दौरान पिछले 10 वर्षों में किये गये कार्यों को जारी रखे। नयी भाजपा सरकार की पहली कैबिनेट समिति की बैठक के नतीजों पर आतिशी के तीखे हमले को इसी पृष्ठभूमि में देखा जाना चाहिए। शुक्रवार को सीएम रेखा गुप्ता ने भी आरोपों का जवाब देते हुए कहा, कांग्रेस ने 15 साल और आप ने 13 साल राज किया। उन्होंने जो किया, उसे देखने के बजाय वे हमारे एक दिन पर सवाल कैसे उठा सकते हैं?... हमने शपथ लेने के तुरंत बाद पहले दिन कैबिनेट मीटिंग की और हमने आयुष्मान भारत योजना को मंजूरी दी, जिसे आप ने रोक रखा था। हमने पहले दिन दिल्ली के लोगों को 10 लाख रुपये का लाभ दिया।श् देश में केवल दो राज्य थे जिन्होंने पीएम-एबीवाई (आयुष्मान भारत योजना) को लागू करने से इनकार कर दिया था और उनमें से एक आप के नेतृत्व वाली दिल्ली थी, इस आधार पर कि दिल्ली 1 करोड़ रुपये की चिकित्सा सुविधा दे रही थी, जबकि पीएम-एबीवाई केवल 5 लाख रुपये का स्वास्थ्य बीमा दे रही थी। आयुष्मान भारत को मंजूरी देने वाली दिल्ली कैबिनेट के दो घटक होंगे - 5 लाख रुपये केंद्र द्वारा और 5 लाख रुपये दिल्ली द्वारा, यानी कुल 10 लाख रुपये। दिल्ली विधानसभा के पहले सत्र में सीएजी रिपोर्ट पेश किये जाने के मामले में सीएम रेखा गुप्ता ने आप पर हमला करते हुए कहा कि उन्हें चिंता है कि जब सीएजी रिपोर्ट सदन में पेश की जायेगी, तो बहुत से लोगों के रिकॉर्ड उजागर हो जाएंगे। विकसित दिल्ली के मिशन का जिक्र करते हुए मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने पहले ही कहा था, श्हम इस दिशा में काम करते रहेंगे। हम एक दिन भी इंतजार नहीं करेंगे। और हम अपने हर वादे को पूरा करेंगे। इससे पता चलता है कि दिल्ली की भाजपा सरकार को आने वाले महीनों में विधानसभा और उसके बाहर सार्वजनिक राजनीतिक क्षेत्र में आप के मजबूत विपक्ष का सामना करना पड़ेगा। भाजपा नेतृत्व के पास आगे बहुत व्यस्त समय होगा। फिर भी, भाजपा के पास कुछ ऐसे फायदे हैं।

> अपनी पहली प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए, सीएम रेखा गुप्ता ने कहा कि उनके मंत्रिमंडल ने अपनी पहली बैठक में आयुष्मान भारत योजना को लागू करने और पहली दिल्ली विधानसभा में नियंत्रक और महालेखा परीक्षक (सीएजी) की 14 लंबित रिपोर्टों को पेश करने का फैसला किया है। चुनाव प्रचार में महिलाओं को 2500 रुपये प्रतिमाह देने के वायदे के बारे में पूछे जाने पर उन्होंने कहा कि इस पर कैबिनेट बैठक में चर्चा हुई थी, लेकिन पाया गया कि लाभ पाने के लिए महिलाओं की श्रेणी तय करने के लिए और अधिक चर्चा की आवश्यकता है।चुनाव प्रचार के दौरान मतदाताओं से बहुत सारे वायदे करके भाजपा सत्ता में आई है, जिनमें से सबसे प्रमुख वायदा दिल्ली की हर महिला को 2500 रुपये देने का था। दिये गये वायदों को पूरा करना मुश्किल ही नहीं, बल्कि बहुत ही मुश्किल है।

ऑस्ट्रेलिया और दक्षिण अफ्रीका के बीच मैच में हो सकती है रन वर्षा

एजेंसी

रावलपिंडी। अपने बल्लेबाजों के दमदार प्रदर्शन से आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी में अपने अभियान का जीत से आगाज करने वाले ऑस्ट्रेलिया और दक्षिण अफ्रीका मंगलवार को जब यहां आमने सामने होंगे तो पूरी संभावना है कि इस मैच में खूब रन बरसेंगे। इन दोनों टीमों का बल्लेबाजी विभाग काफी मजबूत है और इससे यह मुकाबला काफी रोचक हो सकता है। ऑस्ट्रेलिया और दक्षिण अफ्रीका दोनों ही इस मैच में जीत हासिल करके सेमी फाइनल की तरफ मजबूत कदम बढ़ाना चाहेंगे।

ऑस्ट्रेलिया के कई प्रमुख खिलाड़ी चोटिल होने के कारण इस टूर्नामेंट में भाग नहीं ले रहे हैं। इसलिए कम लोग ही उसे दावेदारों में शामिल कर रहे थे लेकिन लाहौर में इंग्लैंड के खिलाफ जिस तरह से उसने रिकार्ड लक्ष्य हासिल किया उससे साफ हो गया है कि आईसीसी की प्रतियोगिताओं में ऑस्ट्रेलिया को कमजोर आंकना बहुत बड़ी गलती होगी। ऑस्ट्रेलिया को टूर्नामेंट में पैट कमिंस, मिशेल स्टार्क और जोश हेज़लवुड की तेज गेंदबाजी तिकड़ी की कमी खलेगी, लेकिन कम से कम शुरुआती मैच में बल्लेबाजों के शानदार प्रदर्शन ने उनकी अनुपस्थिति की भरपाई कर दी। जोश इंग्लिश ने शतक जड़कर अपने करियर का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया जिससे वह आत्मविश्वास से भरे होंगे। उनके अलावा मैथ्यू शॉर्ट, मार्नस लाबुशेन, एलेक्स कैरी और ग्लेन मैक्सवेल ने भी उपयोगी योगदान दिया। ऑस्ट्रेलिया के बल्लेबाजी विभाग में केवल कप्तान स्टीव स्मिथ और सलामी बल्लेबाज ट्रैविस हेड ही ऐसे खिलाड़ी हैं जो पहले मैच में रन नहीं बना पाए थे। वे दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ इसकी भरपाई करने के लिए प्रतिबद्ध होंगे।

ऑस्ट्रेलिया को गेंदबाजी विभाग में बाएं हाथ के तेज गेंदबाज स्पेंसर जॉनसन से बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद होगी और मैक्सवेल भी इंग्लैंड के खिलाफ महंगे साबित हुए थे। छठे गेंदबाज की भूमिका लाबुशेन और शॉर्ट निभा सकते हैं। इंग्लिस की तरह दक्षिण अफ्रीका के बल्लेबाज रयान रिकलटन भी अफ़ग़ानिस्तान के ख़िलाफ़ आक्रामक शतक के बाद आत्मविश्वास से भरे होंगे।

दक्षिण अफ्रीका के तीसरे चौथे और पांचवें नंबर के बल्लेबाज ने पिछले मैच में अर्धशतक लगाए थे जो टेम्बा बावुमा की अगुवाई वाली टीम के लिए अच्छे संकेत हैं। हेनरिक क्लासेन चोट के कारण पिछले मैच में नहीं खेल पाए थे और उनका ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ खेलना भी संदिग्ध है। कैगिसो रबाडा के नेतृत्व में दक्षिण अफ्रीका का तेज गेंदबाजी आक्रमण बेहतर नजर आ रहा है और वह इसका पूरा फायदा उठाने की कोशिश करेगा।

टीम इस प्रकार हैं

ऑस्ट्रेलिया: मैथ्यू शॉर्ट, ट्रैविस हेड, स्टीवन स्मिथ (कप्तान), मार्नस लाबुशेन, जोश इंग्लिस (विकेटकीपर), एलेक्स कैरी, ग्लेन मैक्सवेल, बेन द्वारशुइस, नाथन एलिस, एडम ज़म्पा, स्पेंसर जॉनसन, जेक फ्रेजर-मैकगर्क, आरोन हार्डी, सीन एबॉट, तनवीर सांघा।

दक्षिण अफ्रीका: रयान रिकेलटन (विकेटकीपर), टोनी डी ज़ोरज़ी, टेम्बा बावुमा (कप्तान), रासी वैन डेर डुसेन, एडेन मार्कराम, डेविड मिलर, वियान मुल्डर, मार्को जानसन, केशव महाराज, कैगिसो रबाडा, लुंगी एनगिडी, हेनरिक क्लासेन, तबरेज़ शम्सी, ट्रिस्टन स्टब्स, कॉर्बिन बॉश। मैच भारतीय समयानुसार 2.30 से शुरू होगा।

श्रेयस अय्यर बोले-पाकिस्तान पर जीत मधुर क्योंकि बाहरी दबाव बहुत होता है

एजेंसी

दुबई। भारत के मध्यक्रम के बल्लेबाज श्रेयस अय्यर ने चैंपियंस ट्रॉफी में रविवार को पाकिस्तान पर छह विकेट से मिली जीत को 'मधुर' बताया क्योंकि यह एक प्रतिस्पर्धी टीम के खिलाफ मिली और इसे लेकर काफी 'बाहरी दबाव' था। भारत ने इस जीत के साथ सेमीफाइनल में जगह भी पक्की कर ली। श्रेयस ने चौथे नंबर पर बल्लेबाजी करते हुए 67 गेंद में 56 रन का महत्वपूर्ण योगदान दिया। श्रेयस ने मैच के बाद प्रेस कांफ्रेंस में कहा, मैंने पाकिस्तान में उतने मैच नहीं खेले तो मुझे नहीं पता कि कैसा लगता । लेकिन यह तटस्थ स्थान है और दोनों टीमों के लिये चुनौतीपूर्ण था। पाकिस्तान के खिलाफ कोई भी जीत मधुर होती है क्योंकि मैच हमेशा प्रतिस्पर्धी होते हैं।'' उन्होंने कहा ,'' यह बड़ी चुनौती है क्योंकि काफी बाहरी दबाव भी होता है। यह पाकिस्तान के खिलाफ मेरा तीसरा मैच था। उन्होंने हालांकि यह नहीं बताया कि बाहरी दबाव से उनका क्या आशय था। उन्होंने वनडे क्रिकेट में 51वां शतक जड़ने वाले विराट कोहली की तारीफ करते हुए कहा, मुझे कभी नहीं लगा कि विराट रनों के लिये जूझ रहा है । वह हमेशा रनों के लिये भूखा रहता है। मुझे याद है कि कल अभ्यास के लिये वह हमसे एक घंटा पहले आ गया था और कुछ गेंद खेली जिसमें वह हमेशा की तरह जबर्दस्त फॉर्म में लग रहा था ।'' श्रेयस ने इन आशंकाओं को भी खारिज किया कि कप्तान रोहित शर्मा और तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी को फिटनेस समस्या है चूंकि दोनों पाकिस्तानी पारी के दौरान कुछ देर के लिये बाहर गए थे । उन्होंने कहा, जहां तक मुझे पता है , दोनों ठीक हैं । फिटनेस को लेकर किसी भी तरह की समस्या नहीं है ।'

मैं अभी अच्छी लय में हूं, जितने अधिक मैच खेलूंगा उतनी अच्छी गेंदबाजी करूंगा: कुलदीप

एजेंसी

दुबई। भारतीय स्पिनर कुलदीप यादव को लगता है कि चोट से वापसी करने के बाद उन्होंने अपनी लय हासिल कर ली है और उन्हें उम्मीद है कि मौजूदा चैंपियंस ट्रॉफी में वह हर मैच में बेहतर प्रदर्शन करेंगे। कुलदीप ने पाकिस्तान के खिलाफ डेथ ओवरों में तीन विकेट लिए और वह एक समय हैट्रिक लेने की स्थिति में भी थे। इस 30 वर्षीय खिलाड़ी ने पिछले साल स्पोर्ट्स हर्निया की सर्जरी कराई थी, जिसके कारण वह तीन महीने से अधिक समय तक खेल से दूर रहे थे।

कुलदीप ने यहां पत्रकारों से कहा, ''चोटों को ठीक होने में छह महीने लगते हैं। मैंने इंग्लैंड के खिलाफ दो मैच खेले। उनमें मेरी लय अच्छी थी। '' कुलदीप चैंपियंस ट्रॉफी में बांग्लादेश के खिलाफ पहले मैच में विकेट हासिल नहीं कर पाए थे। उन्होंने कहा, ''लेकिन स्वाभाविक है कि आप हमेशा विकेट हासिल करने की तलाश में रहते हैं। आज जब मैंने अपना पहला ओवर डाला, तो मुझे लगा कि मैं बेहतर लय में हूं। मैं आरामदायक स्थिति में हूं।'' कुलदीप ने कहा, ''मुझे लगता है कि मैं इससे भी बेहतर गेंदबाजी कर सकता हूं। मैंने चोट से वापसी करने के बाद अभी तक तीन-चार मैच खेले हैं। मैं जितने अधिक मैच खेलूंगा उतनी ही अच्छी गेंदबाजी करूंगा। कुलदीप ने पाकिस्तान के निचले क्रम के बल्लेबाजों सलमान आगा, शाहीन अफरीदी और नसीम शाह के विकेट लिए।

वीनस विलियम्स ने इंडियन वेल्स वाइल्डकार्ड ठुकराया

कैलिफोर्निया। पूर्व विश्व नंबर एक वीनस विलियम्स ने अगले महीने होने वाले इंडियन वेल्स टूर्नामेंट के लिए वाइल्डकार्ड ठुकरा दिया है। प्राप्त रिपोर्टों के अनुसार आयोजकों ने पिछले सप्ताह कहा था कि अमेरिका की स्टार खिलाड़ी विलियम्स को आमंत्रित किया गया था, लेकिन सात बार की ग्रैंड स्लैम एकल चैंपियन ने इसे स्वीकार नहीं किया है। टूर्नामेंट निदेशक टॉमी हास के हवाले से सोशल मीडिया मंच एक्स पर पोस्ट किए गए बयान में कहा, हमारी टीम को सूचित किया गया है कि वीनस इस साल वाइल्डकार्ड स्वीकार नहीं कर रही हैं। उन्होंने कहा, हम वीनस को शुभकामनाएं देते हैं और उम्मीद करते हैं कि भविष्य में वह इंडियन वेल्स में फिर से दिखाई देंगी। विलियम्स ने पिछले मार्च में मियामी ओपन के पहले दौर में हारने के बाद से उन्होंने डब्ल्यूटीए टूर-स्तरीय मैच नहीं खेला है।

उम्मीद है कि अब कोई नहीं पूछेगा कि क्या कोहली फॉर्म में हैं

विराट पारी से बेहद खुश हैं कोच राजकुमार शर्मा

एजेंसी

दुबई। चैंपियंस ट्रॉफी में पाकिस्तान के खिलाफ विराट कोहली की साहसिक पारी से बेहद खुश और राहत महसूस कर रहे उनके बचपन के कोच राजकुमार शर्मा ने कहा कि उन्हें उम्मीद है कि भारत के इस स्टार बल्लेबाज की फॉर्म पर अब सवाल उठने बंद हो जाएंगे।

कोहली ने फॉर्म में वापसी करते हुए वनडे में अपना 51वां शतक जमाया, जिससे भारत ने चिर प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान पर छह विकेट से जीत हासिल करके चैंपियंस ट्रॉफी के सेमीफाइनल में अपनी जगह पक्की कर ली। राजकुमार शर्मा ने कहा, अब तो नहीं पूछोगे कि विराट फॉर्म में नहीं है। कोहली ने इससे पहले वनडे में अपना आखिरी शतक नवंबर 2023 में लगाया था। पिछले कुछ वर्षों से बड़ी पारी नहीं खेल पाने के कारण इस स्टार बल्लेबाज की काफी आलोचना हो रही थी। शर्मा ने कहा कि कोहली कभी खराब फार्म में थे ही नहीं। उन्होंने कहा, ''मैं हमेशा कहता रहा हूं कि वह बड़े मैचों का खिलाड़ी है और उसने आज यह फिर से साबित कर दिया। वह हमेशा मजबूत टीमों के खिलाफ अच्छा प्रदर्शन करता रहा है। शर्मा ने कहा, ''वह पिछले कई वर्षों से ऐसा कर रहा है। वह ऐसा खिलाड़ी है जिसने देश के लिए सबसे अधिक मैच जीते हैं।'' कोहली ने अपनी इस पारी के दौरान वनडे में 14000 रन भी पूरे किए। वह सचिन तेंदुलकर और कुमार संगकारा के बाद यह उपलब्धि हासिल करने वाले दुनिया के तीसरे बल्लेबाज हैं। शर्मा ने इसे बड़ी उपलब्धि करार दिया। उन्होंने कहा, ''वनडे में 51वां और अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में कुल मिलाकर 82वां शतक लगाने के अलावा उसने वनडे में 14000 रन भी पूरे किए। यह बड़ी उपलब्धि है। मुझे उसे पर गर्व है कि उसने पूरे देश का गौरव बढ़ाया। हम सब बहुत खुश हैं कि उसने देश को जश्न मनाने का मौका दिया।

अधिक से अधिक नवीकरणीय ऊर्जा का उत्पादन करें सभी राज्य: वैष्णव

एजेंसी

नयी दिल्ली /भोपाल। रेल, सूचना प्रसारण, इलेक्ट्रॉनिक एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने देश के सभी राज्यों को सोमवार को प्रस्ताव किया कि वे अधिक से अधिक नवीकरणीय ऊर्जा का उत्पादन करके सतत आपूर्ति सुनिश्चित करें तो रेलवे उनसे अधिक से अधिक बिजली खरीदने के लिए तैयार है।

रेल मंत्री ने मध्य प्रदेश में नवीकरणीय ऊर्जा में निवेश करने वाले उद्यमियों को राज्य से अधिकतम संभव बिजली खरीदने का प्रस्ताव किया और कहा कि मध्य प्रदेश रेलवे को बिजली दे और रेलवे मध्य प्रदेश की सेवा करे। श्री वैष्णव ने भोपाल में आयोजित वैश्विक निवेशक शिखर सम्मेलन में मुख्यमंत्री मोहन यादव की अध्यक्षता में नवीकरणीय ऊर्जा शिखर सम्मेलन सत्र को संबोधित करते हुए यह आह्वान किया। इस मौके पर नीमच में बनने वाले 170 मेगावाट क्षमता के सौर ऊर्जा संयंत्र से रेलवे के लिए रिकार्ड सस्ती (2 रुपये 15 पैसे प्रति यूनिट की दर) से बिजली खरीद के करार पर हस्ताक्षर किए गए। श्री वैष्णव ने नयी दिल्ली से वीडियो लिंक के माध्यम से सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि रेलवे ने वर्ष 2030 तक नेट जीरो यानी शून्य कार्बन उत्सर्जन का महत्वाकांक्षी लक्ष्य रखा है। उस लक्ष्य को हासिल करने के लिए रेलवे ने तेजी से 97 प्रतिशत से अधिक ट्रैक का विद्युतीकरण कर लिया है और नये वित्त वर्ष 2025-2026 में शत प्रतिशत विद्युतीकरण कर लिया जाएगा। उन्होंने कहा कि इसके साथ ही रेलवे ने 1500 मेगावाट नवीकरणीय ऊर्जा की खरीद के करार किये हैं। आज भी 170 मेगावाट का करार हुआ है। यह बहुत बड़ी उपलब्धि है। उन्होंने कहा कि वह मुख्यमंत्री श्री यादव से निवेदन करते हैं कि मध्यप्रदेश में परमाणु ऊर्जा संयंत्र लगा सकते हैं तो रेलवे खरीदने के लिए उत्सुक है। उन्होंने कहा कि वह सभी राज्यों से भी निवेदन करेंगे कि वे पवन ऊर्जा, सौर ऊर्जा, जलविद्युत, आदि स्वच्छ ऊर्जा का उत्पादन करें और सतत आपूर्ति के मॉडल पर दे सकें तो रेलवे स्वागत करेगी। श्री वैष्णव ने मध्य प्रदेश में रेलवे की प्रगति का विवरण देते हुए कहा कि 2014 के पहले राज्य में 29 किलोमीटर रेलवे ट्रैक बिछ पाते थे और अब साल में 223 किलोमीटर ट्रैक बिछाए जा रहे हैं। इस साल बजट में मध्य प्रदेश के लिए रिकार्ड 14745 करोड़ रुपये का आवंटन किया गया है। उन्होंने कहा कि 18000 करोड़ रुपये इंदौर मनमाड रेलवे लाइन के लिए, 3500 करोड़ रुपये भुसावल खंडवा खंड पर 3 एवं 4 लाइन बिछाने, प्रयागराज एवं मानिकपुर के बीच तीसरी लाइन बिछाने के लिए आवंटित किये गए हैं। उन्होंने कहा कि मध्यप्रदेश में 80 अमृत स्टेशन विकसित किये जा रहे हैं। श्री वैष्णव ने कहा कि रेलवे मध्यप्रदेश में एक लाख चार हजार करोड़ रुपये का निवेश कर रही है। मध्यप्रदेश में 2456 किलोमीटर नये ट्रैक बिछाए जा रहे हैं।

एयरटेल और एप्पल की रणनीतिक साझेदारी

एजेंसी

नयी दिल्ली। दूरसंचार सेवा प्रदाता भारती एयरटेल और एप्पल ने एक रणनीतिक साझेदारी की है, जिसके तहत एयरटेल ग्राहकों को एप्पल टीवी प्लस और एप्पल म्यूजिक की सेवाएं प्रदान की जाएंगी। कंपनी ने आज यहां जारी बयान में कहा कि 999 रुपये से शुरू होने वाले सभी होम वाई-फाई प्लान के ग्राहकों को एप्पल टीवी प्लस के कॉन्टेन्ट का एक्सेस मिलेगा, जिसे वे चलते-फिरते भी मल्टीपल डिवाइसेस पर स्ट्रीम कर सकेंगे। इसके अतिरिक्त, 999 रुपये या उससे अधिक के पोस्टपेड प्लान वाले ग्राहकों को एप्पल टीवी प्लस की सुविधा मिलेगी और वे 6 महीने तक फ्री एप्पल म्यूजिक का आनंद ले सकेंगे, जिसमें भारतीय और अंतरराष्ट्रीय संगीत का संग्रह उपलब्ध होगा। इस रणनीतिक साझेदारी के तहत एयरटेल ग्राहक अब विशेष रूप से एप्पल टीवी प्लस के प्रीमियम और आकर्षक ड्रामा, कॉमेडी सीरीज़, फीचर फिल्में, डॉक्यूमेंट्रीज़, बच्चों और परिवार के लिए मनोरंजक कॉन्टेन्ट का आनंद ले सकेंगे। इसके साथ ही, एप्पल म्यूजिक की अंग्रेजी, हिंदी और अन्य भाषाओं में मौजूद अद्वितीय म्यूजिक लाइब्रेरी, एक शानदार ऑडियो अनुभव प्रदान करेगी।

मध्यप्रदेश में अडानी समूह एक लाख दस हजार करोड़ रुपयों का करेगा निवेश

एजेंसी

गौतम अडानी की मौजूदगी का स्वागत किया मोहन यादव ने

भोपाल। मध्यप्रदेश में देश और विदेश का निवेश आमंत्रित करने के उद्देश्य से आज यहां प्रारंभ होने जा रहे दो दिवसीय ग्लोबल इंवेस्टर्स समिट 2025 में शामिल होने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ ही देश के प्रसिद्ध उद्योगपति गौतम अडानी समेत अनेक उद्योगपति यहां पहुंच चुके हैं। श्री मोदी कल शाम से ही भोपाल में रुके हुए हैं। रात्रि विश्राम के बाद श्री मोदी अब से कुछ ही देर बाद समिट के उद्घाटन के लिए पहुंचेंगे। इस बीच श्री अडानी सुबह अपनी टीम के साथ आयोजन स्थल पहुंचे। उनके साथ ही देश विदेश के सैकड़ों उद्योगपति और उद्योग जगत के प्रतिनिधि आयोजनस्थल पहुंच चुके हैं। मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने श्री अडानी का स्वागत करते हुए सोशल मीडिया एक्स पर आज लिखा है, प्रसिद्ध उद्योगपति श्री गौतम अडानी का भोपाल में आयोजित ग्लोबल इंवेस्टर्स समिट में स्वागत है,,, आपके आगमन से मध्यप्रदेश में निश्चित ही निवेश और विकास के नए द्वार खुलेंगे। साथ ही, आपके विचार और दृष्टिकोण से युवाओं के लिए रोजगार के अवसर और राज्य की प्रगति को नई दिशा भी मिलेगी।

भोपाल। देश के प्रमुख उद्योगपति गौतम अडानी ने आज कहा कि उनके समूह ने मध्यप्रदेश में 50 हजार करोड़ रुपयों का निवेश पहले ही किया है और अब आने वाले समय में एक लाख दस हजार करोड़ रुपयों का निवेश और किया जाएगा। राजधानी भोपाल में आज से प्रारंभ हुए दो दिवसीय ग्लोबल इंवेस्टर्स समिट के उद्घाटन सत्र के दौरान श्री अडानी ने कहा कि उनके समूह ने 50 हजार करोड़ रुपयों का निवेश पहले ही किया है। अब एक लाख दस हजार करोड़ रुपयों का निवेश और किया जाएगा, जो विभिन्न क्षेत्रों में होगा। उन्होंने कहा कि इससे लगभग एक लाख 20 हजार लोगों को रोजगार मिलने की संभावना रहेगी। श्री अडानी ने कहा कि इसके अलावा आने वाले समय में एक लाख करोड़ रुपए के निवेश की और संभावनाएं तलाशी जाएंगी।

क्रेडिफिन की 300 से ज्यादा कर्मचारियों की नियुक्ति की योजना

नयी दिल्ली। गैर बैंकिंग वित्तीय कंपनी (एनबीएफसी) क्रेडिफिन लिमिटेड (पहले पीएचएफ लीजिंग लिमिटेड), महाराष्ट्र और छत्तीसगढ़ में अपने परिचालन के विस्तार करते हुए 300 से अधिक कर्मचारियों की भर्ती करने की आज घोषणा की। कंपनी ने यहां जारी बयान में कहा कि वह अपनी वाहन ऋण पेशकशों के साथ पहले से ही मध्य प्रदेश में महत्वपूर्ण प्रगति कर रही है। अब 2025 में इस क्षेत्र में बंधक ऋण पेशकश (संपत्ति के बदले ऋण या एलएपी) शुरू करने के लिए भी तैयार है। रणनीतिक विस्तार से इसके व्यवसाय को काफी बढ़ावा मिलने की उम्मीद है, जिसमें नए स्थानों पर 200 करोड़ रुपए के भुगतान का लक्ष्य है। अपने विस्तार अभियान के तहत, क्रेडिफिन लिमिटेड इन राज्यों में प्रतिभाशाली मानव संसाधनों की सक्रिय रूप से भर्ती कर रहा है। इसका लक्ष्य अगले दो महीनों में महाराष्ट्र, छत्तीसगढ़ और मध्य प्रदेश में 300 से अधिक लोगों को नियुक्त करना है। कंपनी महाराष्ट्र के नागपुर, मुंबई, नवी मुंबई और पुणे जैसे प्रमुख शहरों में अपनी मजबूत उपस्थिति स्थापित करने की योजना बना रही है।

स्कोडा ऑटो के पहले ब्रांड सुपरस्टार बने रणवीर सिंह

एजेंसी

नोएडा। यात्री वाहन बनाने वाली कंपनी स्कोडा ऑटो इंडिया ने अभिनेता रणवीर सिंह को अपना पहला 'ब्रैंड सुपरस्टार' घोषित किया है। कंपनी ने आज यहां कहा कि यह भागीदारी अपने साथ स्कोडा के अंदाज़ वाले और लोगों पर आधारित कैम्पेन लेकर आ रही है, जिनमें रणवीर सिंह स्कोडा ऑटो इंडिया के प्रशंसकों तथा ग्राहकों को आकर्षित करेंगे। स्कोडा ऑटो इंडिया के ब्रैंड डायरेक्टर पेट्र जैनेबा ने कहा, ''काइलैक के समय मैंने वादा किया था कि 'पिक्चर अभी बाकी है'। हम भारत में अपने 25 वर्षों का उत्सव मना रहे हैं और इसके एक नये युग की शुरुआत करने के लिये प्रतिबद्ध हैं। इसमें सिर्फ विश्व-स्तरीय उत्पादों को लॉन्च नहीं किया जाएगा, बल्कि व्यवसाय के हर पहलू को नयापन दिया जाएगा, जैसे कि अपने ग्राहकों और प्रशंसकों से जुड़ने का हमारा तरीका। यह पूरी दुनिया में होता है और भारत में तो कारें और फिल्में लोगों को बहुत भावुक कर देती हैं और उन्हें जोड़ने का काम करती हैं। और इसलिये भारत में अपने इतिहास में पहली बार हमें रणवीर सिंह को स्कोडा ऑटो इंडिया का पहला 'ब्रैंड सुपरस्टार' बनाने पर बड़ा गर्व हो रहा है। रणवीर पर्दे पर और पर्दे के पीछे भी प्रतिभा एवं उत्साह का भंडार हैं। उनका व्यक्तित्व बड़ी मजबूती से हमारी लगन और स्वभाव दिखाता है। यह घोषणा ऐसे वक्त में हो रही है, जब हम दुनिया में अपनी उत्कृष्टता के 130 वर्षों का उत्सव मना रहे हैं। यह भागीदारी हमारे उत्पादों, नेटवर्क तथा ग्राहकों के लिये और भी कई सौगातें लेकर आएगी। हम यूरोप के बाहर स्कोडा के लिये सबसे महत्वपूर्ण बाजार के तौर पर अपनी स्थिति को मजबूत करना चाहते हैं। स्कोडा ऑटो इंडिया के ब्रैंड सुपरस्टार के साथ इसका पहला ब्लॉकबस्टर जल्दी ही प्रीमियर होने जा रहा है, जिसमें रणवीर सिंह काइलैक के साथ नजर आयेंगे। इसके बाद मार्च के अंत में ब्रैंड पर केन्द्रित एक फिल्म की योजना है, जिसके माध्यम से प्रशंसकों और ग्राहकों को रणवीर सिंह और स्कोडा ऑटो इंडिया के प्रबंधन से मिलने का मौका मिलेगा। रणवीर सिंह ने कहा, ''मैं स्कोडा ऑटो इंडिया का पहला ब्रैंड सुपरस्टार बनकर उत्साहित हूँ। यह गठजोड़ उत्कृष्टता के लिये हमारी साझा प्रतिबद्धता दिखाता है।

प्रधान सम्पादक, स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक, राजकुमार यादव द्वारा राज आफसेट एबीसी काम्पलेक्स अपोजिट शुभम सिनेमा क्वीनटन रोड कैसरबाग, लखनऊ से मुद्रित कराकर 424-बी वैशाली इंक्लेब सेक्टर 9 इंदिरानगर लखनऊ से प्रकाशित।
समस्त विवाद वाराणसी न्यायलय के अधीन होंगे। फोन नं. 9935781155 E-mail :- info.shakuntimes@gmail.com RNI: UPHIN/2012/45286 प्रधान कार्यालय :- शक्तिपीठ, बरईपुर, सारनाथ, वाराणसी (उत्तर प्रदेश) पिन कोड - 221007

संयुक्त राष्ट्र शांति मिशनों में महिलाओं की भागीदारी बढाना जरूरी : मुर्मु

एजेंसी

नयी दिल्ली। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने महिलाओं के प्रभुत्व वाले संयुक्त राष्ट्र शांति मिशनों की हिंसा कम करने और दीर्घकालिक शांति समझौतों में प्रभावशाली भूमिका का उल्लेख करते हुए इन मिशनों में महिलाओं को अधिक से अधिक शामिल करने को कहा है। ग्लोबल साउथ देशों की महिला शांति सैनिकों के सम्मेलन में भाग लेने वाले प्रतिभागियों के एक समूह ने सोमवार को यहां राष्ट्रपति भवन में श्रीमती मुर्मु से मुलाकात की। राष्ट्रपति ने इस अवसर पर कहा कि शांति मिशन में महिलाओं की मौजूदगी इसे और अधिक विविधतापूर्ण तथा समावेशी बनाती हैं। महिला शांति सैनिकों की अक्सर स्थानीय समुदायों तक बेहतर पहुंच होती है और वे महिलाओं और बच्चों के लिए रोल मॉडल के रूप में काम कर सकती हैं। उन्होंने कहा कि महिलाएं लिंग आधारित हिंसा के समाधान, विश्वास और संवाद को बढ़ावा देने में ज्यादा सक्षम हैं। श्रीमती मुर्मु ने कहा कि जिन शांति मिशनों में महिलाओं की संख्या अधिक होती है वे हिंसा को कम करने और दीर्घकालिक शांति समझौते हासिल करने में अधिक प्रभावी रहे हैं। इसलिए यह आवश्यक है कि हम संयुक्त राष्ट्र शांति मिशनों में अधिक महिलाओं को शामिल करें। राष्ट्रपति ने संयुक्त राष्ट्र शांति मिशन में योगदान के भारत के गौरवशाली इतिहास को याद किया। भारत के 2 लाख 90 हजार से अधिक शांति सैनिकों ने 50 से अधिक संयुक्त राष्ट्र शांति मिशनों में सेवा की है। अंतर्राष्ट्रीय शांति और सुरक्षा के लिए 9 सक्रिय मिशनों में 5000 से अधिक भारतीय शांति सैनिक तैनात हैं जो अक्सर प्रतिकूल परिस्थितियों में कार्य करते हैं। उन्होंने कहा कि यह खुशी की बात है कि भारतीय महिला शांति सैनिक कर्तव्य पूरा करने में सबसे आगे रही हैं। छह मौजूदा संयुक्त राष्ट्र मिशनों में 154 से अधिक भारतीय महिला शांति सैनिक तैनात हैं।

वर्ष1960 के दशक में कांगो से लेकर 2007 में लाइबेरिया में पुलिसिंग तक भारतीय महिला शांति सैनिकों ने व्यावसायिकता और आचरण की उच्चतम परंपराओं का प्रदर्शन किया है। महिला शांति सैनिक शांति स्थापना में महिलाएँ- एक वैश्विक दक्षिण परिप्रेक्ष्य विषय पर एक सम्मेलन में भाग लेने के लिए यहां आई हैं। इसका आयोजन विदेश और रक्षा मंत्रालय तथा संयुक्त राष्ट्र शांति स्थापना केंद्र, नई दिल्ली के साथ संयुक्त रूप से किया जा रहा है।

बिहार में होगी झूठ और जुमलों की बरसात : लालू

एजेंसी

पटना। राष्ट्रीय जनता दल (राजद) अध्यक्ष लालू प्रसाद यादव ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के बिहार पहुंचने से पहले कटाक्ष करते हुए कहा कि आज राज्य में झूठ और जुमलों की बरसात होगी। श्री यादव ने सोमवार को सोशल मीडिया 'एक्स' पर पोस्ट किया, प्रधानमंत्री आज बिहार में है इसलिए आज बिहार में झूठ और जुमलो की बरसात होगी। राजद अध्यक्ष ने कहा, चुनावी वर्ष है इसलिए लोगों को भ्रमित करने के लिए केंद्र की देशभर की योजनाओं का शिलान्यास और उद्घाटन अब दिखावटी रूप से बिहार से होगा लेकिन बिहार को कुछ नहीं मिलेगा, ना ये देंगे। उल्लेखनीय है कि प्रधानमंत्री श्री मोदी का आज भागलपुर में कार्यक्रम होना है।

संक्षिप्त सामाचार

आग लगने से रोडवेज की बस हुई नष्ट

जयपुर। राजस्थान में सीकर एवं जयपुर जिले की सीमा पर रींगस थाना क्षेत्र में सोमवार को राजस्थान राज्य पथ परिवहन निगम की एक बस में अचानक आग लगने से बस जलकर खाक हो गई। पुलिस के अनुसार जयपुर से खाटु श्यामजी जा रही यह रोडवेज की बस राष्ट्रीय राजमार्ग 52 पर सरगोठ के पास पहुंची तो उसमें अचानक आग लग गई। इस घटना से यात्रियों में हड़कंप मच गया। लेकिन सभी यात्री बस से नीचे उतर गये थे। आग लगने की सूचना पर थाना प्रभारी सुरेश कुमार मय जाब्ता मौके पर पहुंचे। हालांकि की हादसे में कोई जनहानि नहीं हुई है। आग सूचना तत्काल पुलिस और दमकल वाहन मौके पर पहुंच गए। रींगस नगर पालिका की दमकल ने घटनास्थल पर पहुंच कर आग पर काबू पाया लेकिन जब तक बस जलकर नष्ट हो चुकी थी। बस में करीब 50 यात्री सवार थे। पुलिस के अनुसार बस में आग लगने के कारणों की जांच की जा रही है।

सड़क हादसा, 39 लोग घायल

जांजगीर-चांपा। छत्तीसगढ़ के जांजगीर चांपा जिले के पास राष्ट्रीय राजमार्ग (एनएच)-49 पर रविवार सुबह एक मेटाडोर अनियंत्रित होकर पलट गया, जिससे 13 बच्चों समेत 39 लोग घायल हो गए। सभी घायलों का इलाज जिला अस्पताल में चल रहा है। ग्राम पकरिया से एक पंच चुनाव में जीत की खुशी में मोहल्ले के लोगों को कोरबा जिले के मड़वारानी माता मंदिर दर्शन के लिए दो माजदा वाहनों से ले जा रहा था। इसी दौरान एक वाहन आगे निकल गया, जबकि पीछे आ रहा वाहन अनियंत्रित होकर पलट गया। वाहन चालक पवन वैष्णव के मुताबिक, रास्ते में अचानक चार-पाचं बंदर आ गए, जिन्हें बचाने के लिए ब्रेक लगाना पड़ा। तेज रफ्तार होने की वजह से वाहन लहराने लगा और तीन बार पलटकर सड़क पर गिर गया। हादसे की सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची और 108 एंबुलेंस के जरिए घायलों को जिला अस्पताल भेजा। घायलों का इलाज जारी है।

कैमूर में सड़क दुर्घटना में तीन श्रद्धालुओं की मौत, चार घायल

भभुआ। बिहार में कैमूर जिले के कुदरा थाना क्षेत्र में रविवार की सुबह सड़क दुर्घटना में तीन श्रद्धालुओं की मौत हो गयी तथा चार अन्य घायल हो गये। पुलिस सूत्रों ने यहां बताया कि स्कार्पियो पर सवार लोग प्रयागराज के महाकुंभ में स्नान करने के बाद लौट रहे थे। इस दौरान चिलबिली ओवरब्रिज के समीप स्कॉर्पियो की सड़क किनारे खड़े ट्रक से टक्कर हो गयी। इस घटना में तीन लोगों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गये। सूत्रों ने बताया कि मृतकों की पहचान नहीं की जा सकी है। घायलों को भभुआ सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया है। शवों को पोस्टमॉर्टम के लिये भेज दिया गया है।

नक्सलियों के डंप विस्पोट्क व भारी मात्रा में हथियार बरामद

जगदलपुर। छत्तीसगढ़ के सुकमा जिले में नक्सलियों के खिलाफ चलाये जा रहे अभियान में सुरक्षा बलों के जवानों को बड़ी सफलता मिली है। सुरक्षा बलों ने नक्सलियों द्वारा छुपाये गये विस्पोट्क और भारी मात्रा में हथियार बरामद कर यह सफलता हासिल की है। वहीं नवीन कैम्प मेट्टागुड़ा अंतर्गत कैमेट्टा पहाड़ी जंगल में बड़ी-बड़ी चट्टानों के बीच नक्सलियों के छुपाये हुए भारी मात्रा में डंप हथियार व विस्फोटक सामाग्री को सुरक्षा बलों ने किया गया।

जयशंकर ने राजनयिकों के साथ काजीरंगा में जंगल सफारी का आनंद लिया

एजेंसी

नयी दिल्ली। विदेश मंत्री डा एस जयशंकर ने सोमवार को असम में काजीरंगा राष्ट्रीय अभयारण्य में करीब 60 देशों के राजनयिकों के साथ जंगल सफारी का आनंद लिया और प्रकृति तथा वन्यजीव विविधता को निहारा। डा जयशंकर ने सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर एक पोस्ट में कहा, सुबह-सुबह राजनयिकों के साथ काजीरंगा में जंगल का सफर। असम के प्राकृतिक वन्यजीव नजारे वास्तव में ही अद्भुत हैं। विदेश मंत्री रविवार रात जोरहाट पहुंचे थे और सुबह सुबह वह करीब 60 देशों के राजनयिकों और उनके परिजनों के साथ काजीरंगा पहुंच गये। उन्होंने पहले हाथी की सवारी की और बाद में जीप सफारी का भी लुत्फ उठाया।

एडीबी के नये अध्यक्ष मासातो कांडा ने संभाला कार्यभार

एजेंसी



मनीला, फिलीपींस। श्री मसातो कांडा ने आज एशियाई विकास बैंक (एडीबी) के 11वें अध्यक्ष के रूप में आधिकारिक रूप से कार्यभार संभाला। श्री कांडा ने मासात्सुगु असकावा का स्थान लिया, जो उत्कृष्टता और नवाचार की विरासत को जारी रखेगा।

अंतर्राष्ट्रीय वित्त और विकास नीति में लगभग चार दशकों के अनुभव के साथ, श्री कांडा को उनके दूरदर्शी नेतृत्व और बाजार में उतार-चढ़ाव के दौरान उनके निर्णायक हस्तक्षेप के लिए व्यापक रूप से जाना जाता है। जापान के अंतर्राष्ट्रीय मामलों के वित्त उप-मंत्री के रूप में अपने कार्यकाल के दौरान, उन्होंने अभिनव वित्तीय समाधानों की शुरुआत करने और नीतिगत कार्रवाइयों को व्यवस्थित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई, जिससे बाजारों को स्थिर करने में मदद मिली। इस अवसर पर श्री कांडा ने कहा, 卐हमारे क्षेत्र के लिए इस महत्वपूर्ण क्षण में एडीबी अध्यक्ष की भूमिका निभाने पर मुझे बहुत गर्व है। हमारे 69 सदस्यों के विश्वास और हमारे समर्पित कर्मचारियों के मजबूत समर्थन के साथ, मैं सतत, समावेशी और लचीले विकास को बढ़ावा देने के लिए एडीबी के मिशन को आगे बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध हूं। साथ मिलकर, हम विकास की चुनौतियों का सामना करेंगे, यह सुनिश्चित करते हुए कि एडीबी इस क्षेत्र के लिए पसंदीदा भागीदार बना रहे। एडीबी बोर्ड ऑफ गवर्नर्स के अध्यक्ष फैबियो पेनेटा ने कहा मुझे विश्वास है कि उनके नेतृत्व में, एडीबी हमारे विकासशील सदस्य देशों के लिए लक्षित और प्रभावशाली समाधान प्रदान करेगा। श्री कांडा एडीबी में अनुभव और एक ताज़ा दृष्टिकोण लेकर आए हैं। जटिल वित्तीय चुनौतियों से निपटने और अंतर्राष्ट्रीय सहयोग को बढ़ावा देने में उनका सिद्ध ट्रैक रिकॉर्ड उन्हें हमारी ताकत बढ़ाने और उभरते अवसरों का लाभ उठाने के लिए हमारा मार्गदर्शन करने के लिए आदर्श नेता बनाता है।

पालघर जिले में ओजोन हाईटेक मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल का पालक मंत्री गणेश नाईक के हाथों किया गया उद्घघाटन

शकुन टाइम्स संवाददाता

पालघर। पालघर शहर व जिले की जनता के लिए कम दर में अत्याधुनिक वैद्यकीय सुविधा के साथ ही साथ दुर्घटना एवं आपातकालीन स्थिति में तत्काल उपचार मिलने हेतु डॉक्टर अतुल पारस्कर और उनकी टीम द्वारा तैयार किये गये पालघर (प.) के पार्श्वनाथ 9 बिटकॉइन कॉर्नर, पुराना जिला अधिकारी कार्यालय, चिंतूपाड़ा रोड, ड्यूरियन कंपनी के पास में अत्याधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित अस्पताल का शुभारंभ राज्य के वन मंत्री व पालघर जिले के पालक मंत्री गणेश नाईक के हाथों गुरुवार 20 फरवरी 2025 को किया गया। बतादें कि इस 50 बेड वाले अस्पताल में 15 बेड आईसीयू सुविधाओं से सुसज्जित क्रिटिकल व आपातकालीन केयर, अत्याधुनिक सुविधाओं से युक्त ऑपरेशन थियेटर, स्त्री रोग विशेषज्ञ, स्पाइनल, न्यूरो सर्जन, ज्वाइंट रिप्लेसमेंट, ईएनटी, त्वचा रोग, डायलिसिस, कैंसर, रेडियोलॉजिस्ट, फिजियोथीरेपी, सीटी स्कैन, अल्ट्रासोनोग्राफी, लैब फैसिलिटी जैसी महत्वपूर्ण सुविधाएं मरीजों के लिए उपलब्ध रहने वाली हैं। हॉस्पिटल के उद्घाटन कार्यक्रम में सांसद डॉक्टर हेमंत विष्णु सावरा, विधायक राजेंद्र गावित, जिलाधिकारी

गोविंद बोडके, पालघर जिला शिवसेना शिंदे गुट के उपनेते जगदीश धोड़ी, जिला प्रमुख कुंदन संखे, शिवशक्ति सामाजिक संगठना प्रमुख संजय ज. पाटील, नमो नमो मोर्चा भारत के राष्ट्रीय अध्यक्ष व प्रारंभ प्रतिष्ठान प्रमुख सत्य प्रकाश सिंह, भाजपा बोईसर मंडल अध्यक्ष व जिला परिषद सदस्य महेंद्र भोने, पालघर शहर अध्यक्ष अशोक अंबुरे, पालघर शहर की पूर्व नगराध्यक्षा उज्जवला काले, पूर्व नगर अध्यक्ष व नगरसेवक उत्तम घरत, पूर्व नगर सेवक अमोल पाटील व मनोहर संखे, माहिम ग्राम पंचायत की सरपंच प्रीती पाटील, सारावली ग्राम पंचायत सरपंच आनंद धोडी, डॉ. राजेंद्र चौहान, सामाजिक कार्यकर्ता धीरज सिंह समेत अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे। सभी मान्यवरों का स्वागत हॉस्पिटल की ओर से डॉ. अतुल पारस्कर, डॉ. गणेश शिरोडकर, डॉ. अमित यादव, डॉ. राज हंबर्डे, डॉ. श्याम पारसकर व अरुण जैन की उपस्थित में स्नेहा, मेघा, तन्वी पारसकर व तेजस्विनी हंबर्डे द्वारा किया गया।

सेना प्रमुख फ्रांस की आधिकारिक यात्रा पर रवाना

एजेंसी

नयी दिल्ली। भारत और फ्रांस के बीच रक्षा संबंधों को मजबूत करने के उद्देश्य से सेना प्रमुख जनरल उपेन्द्र द्विवेदी रविवार को फ्रांस की चार दिवसीय आधिकारिक यात्रा पर रवाना हुए। रक्षा मंत्रालय के एक बयान में कहा गया है कि जनरल द्विवेदी 24 से 27 फरवरी तक फ्रांस में रहेंगे। सेनाध्यक्ष 24 तारीख को पेरिस के लेस इनवैलिड्स में फ्रांस के वरिष्ठ सैन्य नेतृत्व के साथ बातचीत करेंगे। वह फ्रांसीसी सेना प्रमुख जनरल पियरे शिल के साथ चर्चा करेंगे। बैठक का उद्देश्य दोनों देशों के बीच मजबूत सैन्य संबंधों को बढ़ावा देना होगा। यात्रा कार्यक्रम में पेरिस के प्रतिष्ठित मिलिट्री स्कूल और इंस्टीट्यूशन कॉम्प्लेक्स इकोले मिलिटेयर का दौरा भी शामिल है, जहां जनरल द्विवेदी को फ्यूचर कॉम्बैट कमांड (सीसीएफ) के बारे में जानकारी दी जाएगी। इसके अलावा उन्हें फ्रांसीसी सेना के तकनीकी अनुभाग (एसटीएटी) की जानकारी दी जाएगी और वह वर्सेल्स में बैटल लैब टेरे का दौरा करेंगे। जनरल द्विवेदी 25 तारीख को मार्सिले की यात्रा करेंगे, जहां वह फ्रांसीसी सेना के तीसरे डिवीजन का दौरा करेंगे और उन्हें तीसरे डिवीजन के मिशन और भूमिका, द्विपक्षीय अभ्यास शक्ति, भारत-फ्रांस प्रशिक्षण सहयोग और फ्रांसीसी सेना आधुनिकीकरण कार्यक्रम (स्कॉर्पियन) के बारे में जानकारी दी जाएगी। इसके अगले दिन वह लाइव फायरिंग अभ्यास के साथ स्कॉर्पियन डिवीजन के एक गतिशील प्रदर्शन को देखने के लिए कार्पियाग्ने का दौरा करेंगे।

विपक्ष का रवैया निंदनीय: विजेंद्र

एजेंसी

नयी दिल्ली। दिल्ली विधानसभा के नवनियुक्त अध्यक्ष विजेंद्र गुप्ता ने सोमवार को कहा कि सदन की कार्यवाही के पहले दिन विपक्ष ने जिस प्रकार का रवैया अपनाया है, उसकी वह कड़े शब्दों में निंदा करते हैं। श्री गुप्ता के विधानसभा अध्यक्ष चुने जाने के बाद मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने बधाई प्रस्ताव में कहा कि उन्होंने दिल्ली की सेवा में अपना जीवन बिताया। उनके अनुभव, ज्ञान और सामाजिक जीवन के अनुभव से सदन को लाभ मिलेगा। सबको नियमों का पालन कराते हुए सदन को चलायेंगे, ऐसी हमारी अपेक्षा है।

नेता विपक्ष आतिशी ने सभी साथियों की ओर अध्यक्ष निर्वाचित होने पर श्री गुप्ता को बधाई दी। उन्होंने बधाई देने के बाद कहा कि मुख्यमंत्री कार्यालय से भीम राव अंबेडकर और शहीद ए आजम भगत सिंह की तस्वीर हटाकर सरकार ने दलितों और सिखों का अपमान किया। यह भारतीय जानता पार्टी का दलित विरोधी चेहरा है। उनके इस बयान से सदन में शोर शराबा होने लगा। सत्ता पक्ष ने उनके बयान पर आपत्ति जताई। इस बीच, श्री गुप्ता ने कहा यह शिष्टाचार का समय था, उसका पालन करना चाहिए था। उन्होंने इसे राजनीतिक मंच की तरह इस्तेमाल किया।

वह सुश्री आतिशी के इस व्यवहार की कड़े शब्दों में निंदा करते हैं। विपक्ष का गैरजिम्मेदार रवैया सही नहीं है। विपक्ष सदन को नहीं चलाना चाहता है। सदन में अराजकता बर्दास्त नहीं की जाएगी। उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि विपक्षी सदस्य सदन की गरिमा को ठेस पहुँचा रहे हैं। अराजकतापूर्ण व्यवहार निंदनीय है। नियमों का उल्लंघन कर सदन की गरिमा को ठेस पहुंचाई गई। उन्होंने कहा कि यह बधाई प्रस्ताव है, इसमें सदन की गरिमा को ठेस पहुंचाना निंदनीय है। इस दौरान विपक्षी सदस्य लगातार नारेबाजी और जय भीम के नारे लगाते रहे।

अध्यक्ष के बार-बार आग्रह के बाबजूद विपक्षी सदस्य शांत नहीं हुए तो सदन की कार्यवाही को पंद्रह मिनट के लिए स्थगित भी करना पड़ा। अध्यक्ष के बधाई प्रस्ताव में मुख्यमंत्री, नेता विपक्ष के अलावा भाजपा के मनजिंदर सिंह सिरसा, तरबिंदर सिंह मारवाह, हरीश खुराना और अरविंदर सिंह लवली ने हिस्सा लिया।

महिलाओं को 2500 रुपये देने के मुद्दे पर आतिशी विधायकों के साथ रेखा गुप्ता से मिलीं

नयी दिल्ली। आम आदमी पार्टी (आप) की वरिष्ठ नेता और पूर्व मुख्यमंत्री अपने विधायकों के साथ महिलाओं से किए गए 2500 रुपये महीना देने के मुद्दे पर मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता से उनके चैंबर में मिलीं । सुश्री आतिशी ने मुख्यमंत्री से मिलने के बाद पत्रकारों से कहा कि उन्होंने महिलाओं को 2500 रुपये महीने देने में हो रही देरी को लेकर चिंता जताई। उन्होंने कहा कहा कि कैबिनेट की पहली बैठक में महिलाओं को पैसे देने का वादा तो टूट गया हम उम्मीद करते हैं कि आठ मार्च को महिलाओं के खाते में पहली किस्त आ जायेगी। विधानसभा सत्र के पहले दिन प्रोटेम स्पीकर अरविंदर सिंह लवली ने विधायकों को शपथ दिलाई। सबसे पहले मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता और उनके मंत्रियों को शपथ दिलाई गई। उसके बाद विधायकों को पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई गई। विधायकों के सप्ताह के सदन की कार्यवाही दो बजे तक स्थगित कर दी गई। सदन स्थगित होते ही सुश्री आतिशी के नेतृत्व में आम आम आदमी पार्टी के सभी विधायक मुख्यमंत्री से मिलने उनके चैंबर में पहुंचे।